वर्ष : 16 अंक : 169 लखनऊ शनिवार, 22 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मूल्य ₹4

नगर संस्करण ** 10

मौसम
सूर्योदय : 05:13
सूर्यास्त : 07:03
अधिकतम : 38:00°
न्यूनतम : 30:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड



कास्टिंग काउच का सामना कर चुकी हैं ईशा कोप्पिकर

योग सत्र में सभी को रोगमुक्त, तनावमुक्त बनाने का संकल्प 2
मोदी के दौरे से खुलेगा कश्मीर की तरक्की का मार्ग 6
कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है योग 12

# महीने में चौथी बार फेल हुई एनटीए

## अब सीएसआईआर यूजीसी नेट 2024 की 25 जून से होने वाली परीक्षा रद

### नयी डेट तक नहीं बतायी, कहा- वेबसाइट पर विजिट करते रहें

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पहले नीट, फिर एनसीईटी, फिर यूजीसी नेट और अब सीएसआईआर नेट। एक ही महीने में ये चौथी बार है जब देश की सबसे बड़ी परीक्षा एजेंसी एनटीए सफल तरीके से एक एग्जाम करा पाने में असमर्थ साबित हुई है। 21 जून को एनटीए ने एक नोटिस जारी करके बताया कि सीएसआईआर यूजीसी नेट एग्जाम 2024 स्थगित किया जा रहा है। इस संबंध में सीएसआईआर यूजीसी नेट ऑफिशियल वेबसाइट csirnet.nta.ac.in पर सूचना आई है। सीएसआईआर नेट 2024 एग्जाम 25 जून से लेकर 27 जून 2024 तक आयोजित होने वाला था। लेकिन अब ये परीक्षा इन तिथियों में नहीं होगी। इसके पहले इसी जून के महीने में नीट परीक्षा में धांधली का मामला आया। फिर नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट पोस्टपोन हुआ, जिसका कारण एनटीए ने टेक्निकल दिक्कतों को बताया। उसके बाद यूजीसी नेट एग्जाम में पेपर लीक का मामला आया और परीक्षा रद कर दी गई। अब सीएसआईआर नेट का एग्जाम पोस्टपोन हुआ।

नोटिस में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कहा है कि 'अपरिहार्य परिस्थितियों और लॉजिस्टिक की दिक्कतों के कारण सीएसआईआर नेट परीक्षा 2024 स्थगित की जा रही है।' इस नोटिस को सामान्य भाषा में समझें तो जिस एजेंसी का काम राष्ट्रीय स्तर की कई बड़ी परीक्षाएं कराना है, वो एक बार फिर वही पुरानी बातें दोहरा रही है कि हमने पहले जो डेट बताई थी, उसमें परीक्षा नहीं करा पाएंगे। कारण हम नहीं बता सकते। परीक्षा के लिए जिन चीजों, जैसे- मैनपावर, इंफ्रास्ट्रक्चर, आदि की जरूरत है, उसकी कमी है। अब जब परीक्षा स्थगित कर दी गई है तो इसके लिए अप्लाई करने वाले लाखों कैंडिडेट्स का सवाल है कि अब सीएसआईआर नेट परीक्षा 2024 कब होगी? तो जवाब है- बाद में बताएंगे। जी हां। एनटीए ने नोटिस में कहा है कि स्थगित की गई सीएसआईआर नेट 2024 परीक्षा की अगली तारीख की घोषणा बाद में आधिकारिक वेबसाइट पर कर दी जाएगी। आप csirnet. nta.ac.in विजिट करते रहें।

सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा पैटर्न के इस पेपर का माध्यम अंग्रेजी और हिंदी दोनों रहता है। परीक्षा 180 मिनट या तीन घंटे के लिए आयोजित की जाती है और पेपर में मल्टीपल चॉइस प्रकार के प्रश्न शामिल होते हैं। परीक्षा में पांच पेपर होते हैं। रसायन विज्ञान, पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागर और ग्रह विज्ञान, जीवन विज्ञान, गणितीय विज्ञान, भौतिक विज्ञान। भारतीय सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत नवंबर 2017 में स्थापित राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) एक स्वायत्त निकाय है जिसे कई प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने का काम सौंपा गया है। एजेंसी की अध्यक्षता एचआरडी मंत्रालय द्वारा नियुक्त एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् करते हैं, वर्तमान में इसके अध्यक्ष यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी हैं। एनटीए एनईईटी, जेईई, सीटीईटी, गेट, जीपैट, जीमैट, कैट और यूजीसी-नेट जैसी परीक्षाएं आयोजित करता है।

NATIONAL TESTING AGENCY

सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर या जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर की पात्रता के लिए इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जेआरएफ और सहायक प्रोफेसरशिप के लिए पात्रता यूजीसी-नेट के पेपर- I और पेपर- II में उम्मीदवार की पर्फोर्मेंस के आधार पर तय होती है। जो उम्मीदवार केवल सहायक प्रोफेसर पद के लिए क्वालीफाई करते हैं, उन्हें इसके बाद सहायक प्रोफेसर बनने के लिए संबंधित यूनिवर्सिटी, कॉलेजों या राज्य सरकारों के भर्ती नियमों का पालन करना होता है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर एक बार इनकार कर दिया है। एक स्टूडेंट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। स्टूडेंट का कहना था कि 773 कैंडिडेट्स बिना ग्रेस मार्क्स पाए फेल हुए हैं। पूरी परीक्षा रद कर दोबारा कराई जाए। आठ जुलाई को केस पर सुनवाई होनी है ऐसे में 6 जुलाई से शुरू हो रही काउंसलिंग भी 2 दिनों आगे बढ़ाई जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि रीएग्जाम की मांग पर एनटीए से दो हफ्तों में जवाब दाखिल करने को कहा है। याचिकाकर्ता ने कहा कि हम काउंसलिंग पर रोक नहीं चाहते। केवल इसे दो दिन आगे बढ़ाना चाहते हैं।

काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू हो रही है। इससे जुड़े मामले 8 जुलाई को सुनवाई के लिए लिस्टेड हैं। इस पर कोर्ट का कहना था कि काउंसलिंग ओपन एंड शट नहीं होती। ये एक प्रोसेस है। 6 जुलाई को केवल प्रोसेस शुरू होगी। एक सप्ताह बाद तक भी कैंडिडेट्स के पास मॉडिफिकेशन का ऑप्शन रहेगा। नीट मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 20 जून को हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और और जस्टिस संदीप मेहता की वेकेशन बेंच ने नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।



श्रीनगर में शुक्रवार को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

# राज्यसभा में नेता सदन होंगे जेपी नड्डा

### अध्यक्ष पद पर फिर मिल सकता है और विस्तार

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भाजपा के सीनियर नेता और मोदी कैबिनेट में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा राज्यसभा में नेता सदन बन सकते हैं। अब तक राज्यसभा में पीयूष गोयल नेता सदन थे, जो इस बार लोकसभा पहुंच चुके हैं। ऐसे में जेपी नड्डा को यह अहम भूमिका मिल सकती है। फिलहाल जेपी नड्डा भाजपा के अध्यक्ष हैं और उनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। उनके विकल्प के लिए तलाश तेज है और जल्दी ही किसी नए अध्यक्ष का फैसला हो सकता है। उनका कार्यकाल बीते साल दिसंबर में ही समाप्त हो गया था। लेकिन भाजपा ने उन्हें छह महीने के लिए रुकने को कहा था।

यही नहीं एक चर्चा अब यह भी है कि जेपी नड्डा को कुछ और महीनों के लिए अध्यक्ष पद पर सेवा विस्तार मिल सकता है। इसकी वजह यह है कि अक्टूबर में ही महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव होने हैं। फिर नए साल के आसपास झारखंड और दिल्ली में चुनाव होना है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में भी अगले कुछ महीनों ही चुनाव हो सकता है। फिलहाल यह चर्चा भी चल रही है कि जेपी नड्डा के सहयोग के लिए किसी कार्यकारी अध्यक्ष को नियुक्त किया जा सकता है। जेपी नड्डा गुजरात से राज्यसभा के सांसद हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने हाल ही में उन्हें अपनी कैबिनेट में भी जगह दी है। इसके अलावा उन्हें केमिकल और उर्वरक मंत्रालय भी दिया गया है। जेपी नड्डा ने नरेंद्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में भी स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली थी।



» जेपी नड्डा भाजपा के अध्यक्ष हैं और उनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है

मंत्री बनने के बाद से ही चर्चा है कि जेपी नड्डा को जल्दी ही अध्यक्ष पद से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने 2020 में अमित शाह के हाथों से अध्यक्ष पद की कमान ली थी। पार्टी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति तभी की जा सकती है, जब आधे राज्यों में संगठन के चुनाव हो गए हों।

माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया में भी कम से कम छह महीने का समय लग सकता है। ऐसे में नए अध्यक्ष का चुनाव दिसंबर-जनवरी में हो सकता है। वकालत की डिग्री रखने वाले जेपी नड्डा संघ के विद्यार्थी संगठन एबीवीपी से निकले हैं। इके बाद वह भाजपा युवा मोर्चा से भी जुड़े रहे और फिर पार्टी में आगे बढ़ते रहे। उन्हें पहली बार 2012 में हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा भेजा गया था। तब से ही वह उच्च सदन के मेंबर हैं। इसके अलावा 2014 में उन्हें भाजपा संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाया गया था। इससे पहले वह हिमाचल में तीन बार विधायक रहे हैं।

### महंत राजूदास की सुरक्षा से गनर वापस

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की हार की समीक्षा के दौरान मंत्रियों के सामने जिलाधिकारी नीतीश कुमार और हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास के बीच भिड़ंत हो गई। अयोध्या में बीजेपी की समीक्षा के दौरान बीती देर रात हंगामा और झड़प हुई।

योगी सरकार के दो कैबिनेट मंत्रियों के सामने डीएम अयोध्या नीतीश कुमार और हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास के बीच तीखी नोंकझोंक देखने को मिली। वहीं इस झड़प के बाद राजूदास के गनर वापस ले लिए गए हैं। वहीं हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने बयान दिया है कि हम लोग भारतीय जनता पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए काम करते हैं। राजू दास ने कहा कि हम लोग करते हैं प्रयास हिंदुत्व और राष्ट्र वाद की सरकार बने।

# सीएम केजरीवाल की बेल पर अंतरिम रोक, अटकी रिहाई

## दिल्ली हाई कोर्ट दो-तीन दिन बाद सुनायेगा फैसला, दिन भर चली दोनों पक्षों के बीच धुआंधार बहस

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत वाली खुशी पर फिलहाल ब्रेक लग गयी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि 2-3 दिन में फैसला सुनाया जाएगा। दोनों पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। गुरुवार शाम राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत की अवकाशकालीन बेंच ने केजरीवाल को जमानत दी थी।

जस्टिस सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन बेंच ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने ईडी की प्राथमिक दलीलें सुनने के बाद मामले पर तुरंत सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने को कहा। कोर्ट ने निचली अदालत से आदेश की कॉपी और फाइल भी मंगवाई। साथ ही सुनवाई पूरी होने तक बेल ऑर्डर पर अमल रोक दी। सुनवाई पूरी करने के बाद कोर्ट ने कहा कि फैसला सुनाए जाने तक जमानत पर अंतरिम रोक रहेगी। इसका मतलब है कि ट्रायल कोर्ट से जमानत मिल जाने के बावजूद केजरीवाल फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने पीएमएलए मामले में जमानत देने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया।

एएसजी एसवी राजू ने बताया, 'आज अरविंद केजरीवाल की जमानत पर रोक लगा दी गई है और अंतिम आदेश 3-4 दिन में आएगा। जमानत याचिका रद करने पर सुनवाई बाद में होगी और इस संबंध में नोटिस जारी कर दिया गया है।' कोर्ट में दोपहर एक बजे सुनवाई शुरू होने के बाद अरविंद केजरीवाल के वकील विक्रम चौधरी ने जज न्याय बिंदु के फैसले को लेकर ईडी की टिप्पणी पर आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को कुछ समय के लिए बेल दी थी। आदेश का ट्रायल कोर्ट जज ने जिक्र किया है। इस मामले को अवकाशकालीन बेंच के सामने उठाने की बेचैनी क्यों थी। चौधरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह दोषी करार नहीं दिए गए हैं। उनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और मामला लंबे समय से लंबित है। स्टे का कोई सवाल नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा, 'हम आपको सुनेंगे। सभी को बराबर मौका मिलना चाहिए। पहले मिस्टर राजू को शुरू करने दीजिए। हम आपको भी सुनेंगे।' एएसजी ने कहा कि उन्हें ठीक से सुना नहीं गया। एसएसजी ने कहा, 'इसी आधार पर ट्रायल कोर्ट के आदेश को खारिज कर देना चाहिए। कृपया ट्रायल कोर्ट के आदेश को देखिए। कोर्ट ने हमें सुना नहीं। हमारी तरफ से दिए गए दस्तावेज नहीं देखे और कहा कि बहुत ज्यादा हैं। कोर्ट ने कहा कि भारीभरकम दस्तावेज दायर किए गए हैं। इससे विकृत आदेश नहीं हो सकता है।'



ईडी ने कहा कि कोर्ट ने दस्तावेज नहीं देखे। यह अदालत की जिम्मेदारी है कि दस्तावेजों पर विचार करे। आप इन्हें देखे बिना कैसे कह सकते हैं कि ये प्रासंगिक नहीं। एएसजी ने कहा कि केजरीवाल के गलत बयान पर भी कोर्ट ने कह दिया कि यह गैरविवादित है। उन्होंने आगे कहा, 'ट्रायल कोर्ट के आदेश में लिखा गया है कि ईसीआईआर 22 अगस्त 2022 का है, लेकिन इसे जुलाई 2022 में दर्ज किया गया था। हमने सभी तारीखों के साथ नोट दिए थे, लेकिन विचार नहीं किया गया।' एएसजी ने कहा कि एक सिंगल जज ने कहा कि अरेस्ट गलत है, इसमें कुछ गलत नहीं। बुरे इरादे से गिरफ्तारी की बात को इस अदालत ने खारिज किया था।

# चार राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू

## अयोगा ने कहा- पहली जुलाई से शुरू कर दें मतदाता सूचियों का काम

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनावाओं की तैयारियों की प्रक्रिया 25 जून से शुरू करने की शुक्रवार को घोषणा की जिसके तहत मतदाता सूचियों को अद्यतन बनाने का काम पहली जुलाई से शुरू होगा। यह काम 20 अगस्त तक पूरा होना है। उपरोक्त तीनों राज्यों में विद्यमान विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः तीन नवंबर, 26 नवंबर 2024 तथा पांच जनवरी 2025 को समाप्त होने जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में पुनर्गठन के बाद पहली बार विधान सभा चुनाव कराए जाने हैं। आयोग ने आज जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि इन चारो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पहले का कार्यकलाप 25 जून से शुरू किया जा रहा है। इसमें सामूहिक आवास समितियों, मलिन बस्तियों, शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं के लिए सबसे सुविधाजनक स्थानों पर मतदान केंद्रों की स्थापना/ मतदान केंद्रों को तर्कसंगत या उनके पुनर्व्यवस्थापन और मतदाता सूची को अद्यतन बनाने के लिए पुनरीक्षा के पहले का काम शुरू किया जाएगा।



इन राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम एक जुलाई 2024 को अर्हक तिथि के रूप में आरंभ किया जाएगा। चारों जगह मतदान केंद्रों आदि में संशोधन से पहले के कार्यों के अंतर्गत बी.एल.ओ. के माध्यम से घर-घर सत्यापन 25 जून 2024 से कराया जाएगा। मतदान केंद्रों की जगहों को तर्कसंगत बनाने का कार्य 24 जुलाई तक कराया जाएगा। आयोग की ओर से एकीकृत मतादाता सूची का मसौदा 25 जुलाई तक प्रकाशित किया जाएगा। इन पर आठ अगस्त तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। दावों और आपत्तियों का निपटान 19 अगस्त तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जाएगा।

आयोग ने कहा है कि उसका गहन और निरंतर ध्यान हमेशा मतदाता सूची की समावेशिता, शुद्धता और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने पर रहा है ताकि कोई भी नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने के अधिकार से वंचित न रहे और बिना किसी डुप्लिकेट और त्रुटि के मतदाता सूची को त्रुटि मुक्त बनाए रखा जा सके।

### युवा वकीलों ने लगायी सीजेआई चंद्रचूड़ से गुहार

**नयी दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन ने शुक्रवार को गुहार लगाई है कि वो अपना वह आदेश वापस ले लें जिसमें कहा गया है कि सर्विस और लेबर मैटर से जुड़े सभी मामलों को 25 जून से कोर्ट की अवकाश पीठों के समक्ष ही सूचीबद्ध किया जाए।

एसोसियेशन ने सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेटरी जनरल और उनकी रजिस्ट्री को लिखी एक चिट्ठी में कहा कि इस आदेश की वजह से गर्मी की छुट्टियों के दौरान सुनवाई के लिए मामलों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है और यह अवकाश कालीन पीठों के समक्ष केवल जरूरी मामलों को सूचीबद्ध करने की परंपरा के विपरीत है। इस एसोसियेशन में अधिकांश युवा वकील हैं। इन वकीलों ने सीजेआई से अनुरोध किया है कि इस आदेश के कारण काफी दिक्कतें हो रही हैं।

# खालिस्तानी आतंकी निज्जर पर खुल गयी कनाडा की कलई

एजेंसी

**ओटावा।** खालिस्तान के मुद्दे पर जस्टिन ट्रूडो के कनाडा की हकीकत सबके सामने आ चुकी है। कनाडा खालिस्तानी आतंकियों को भरपूर मदद करता रहा है। जब पिछले साल कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई, तो उसका आरोप भी वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर लगा दिया। पिछले दिनों कनाडा की संसद ने निज्जर के लिए एक मिनट का मौन रखा, जिससे विवाद और बढ़ गया। अब कनाडा की वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड से एक पत्रकार ने भरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में निज्जर को लेकर ऐसा सवाल पूछ लिया, जिससे उनके होश उड़ गए और कनाडा की दोहरी नीति की कलई भी खुल गई।

» प्रेस कांफ्रेंस में सवाल पर बौखला उठीं वित्त मंत्री

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकार ने कनाडाई वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड से हरदीप सिंह निज्जर को लेकर कनाडा के कुछ समय में बदले व्यवहार पर सवाल पूछा। वित्त मंत्री से पूछा गया कि हत्या किए जाने से पहले हरदीप सिंह निज्जर को कनाडा ने ही नो फ्लाई सूची में डाला था और उसके बैंक अकाउंट तक फ्रीज कर दिए थे, लेकिन हत्या के बाद अब उसे संसद में श्रद्धांजलि दी जा रही है। आखिर इतना बदलाव कैसे आया? भरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह सवाल सुनते ही फ्रीलैंड हैरान रह गईं। इसके बाद कनाडा की वित्त मंत्री फ्रीलैंड ने जैसे-तैसे जवाब दिया और कहा, 'यह कनाडा में और कनाडा की धरती पर एक कनाडाई की हत्या थी। यह अस्वीकार्य है।'

### पुलिस पेपर लीक में एसटीएफ ने दाखिल की चार्जशीट

**लखनऊ।** यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने शुक्रवार को चार्जशीट कोर्ट में पेश की। यूपी एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने मास्टरमाइंड रवि अत्री समेत 18 आरोपियों के खिलाफ 900 पेज की चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा के साथ लॉजिस्टिक्स कंपनी टीसीआई एक्सप्रेस के कर्मचारी शिवम गिरी, रोहित पांडे, अभिषेक शुक्ला और दिल्ली पुलिस के सिपाही विक्रम पहल का भी नाम है। वहीं पेपर प्रिंट करने वाली कंपनी एजुटेस्ट के मालिक विनीत आर्य और उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम भी लीक कांड से जुड़े हैं। विनीत आर्य ने कोर्ट में डिक्लेरेशन देकर कहा कि पेपर छापने का टेंडर मिलने से पहले उन्हें किनारे कर दिया गया। एसटीएफ की जांच में सामने आया है कि जिन लोगों के पास कंपनी का मालिकाना हक था वह भी विनीत आर्य के पारिवारिक सदस्य हैं।

**पैंतरेबाजी** अधीर रंजन के इस्तीफे के बाद ममता बनर्जी के तेवर ढीले, वायनाड में प्रियंका गांधी के पक्ष में कर सकती हैं चुनाव प्रचार

# जल्दी में पास तीनों क्रिमिनल कानून एक जुलाई से लागू न करें पीएम

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। ममता ने मोदी से अपील की है कि तीनों क्रिमिनल कानूनों का लागू होना फिलहाल टाल दें। इन कानूनों को जल्दी में पास किया गया है। बंगाल की सीएम ने संसद से इन कानूनों की नयी समीक्षा कराने की मांग की है। वहीं बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन के इस्तीफे के बात कांग्रेस के प्रति ममता के तेवर कुछ ढीले नजर आने लगे हैं और उम्मीद जतायी जा रही है कि वह वायनाड में कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी वाड्रा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर सकती हैं।

ममता ने इन तीनों कानूनों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सूत्रों के मुताबिक ममता ने गुरुवार 20 जून को कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम से मुलाकात की थी। चिदंबरम इन तीनों कानूनों की जांच को लेकर बनाई गई संसद की स्थायी समिति के सदस्य थे। तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। सरकार ने 24 फरवरी 2024 को इससे जुड़ी अधिसूचना जारी की थी। यानी इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। ममता बनर्जी ने लेटर में लिखा- लोकसभा ने आपराधिक कानूनों के तीनों बिल को तब पास किया, जब 146 सांसदों को सस्पेंड किया गया था। कुछ महीनों में चुनाव होने थे। सरकार ने संसद में बिना चर्चा कराए एकतरफा तरीके से बिल पास करा लिए। जिस दिन बिल पास हुए, उस दिन लोकसभा से करीब 100 सदस्यों और दोनों सदनों से कुल मिलाकर 146 सांसदों को निलंबित किया गया था। 'मेरी आपसे अपील है कि कम से कम इन बिलों को अभी लागू





होने से रोकें। वजह दो हैं- नैतिक और व्यावहारिक। अब जब चुनाव हो चुके हैं और नए संसद सदस्य चुनकर आ चुके हैं, तब कानूनों में हुए बदलावों को संसद के सामने रखा जाना चाहिए।' ममता ने ये भी कहा- मेरा भरोसा है कि अगर कानून लागू नहीं होते और उनका रीव्यू किया जाता है तो इससे लोगों का न्याय व्यवस्था में विश्वास बढ़ेगा और देश में कानून का शासन लागू होगा। इस बीच बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के इस्तीफे के बाद ममता अब कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए प्रचार कर सकती हैं। प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल गांधी की सीट वायनाड से चुनावी राजनीति में एंट्री करने जा रही हैं। हालांकि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुराने गिले-शिकवे भुलाकर ममता बनर्जी खुद प्रियंका गांधी के लिए चुनाव प्रचार में उतर सकती हैं। दरअसल लोकसभा चुनाव 2024 से पहले तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के बीच खूब जुबानी जंग हुई थी। इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद ममता बनर्जी ने कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया था।

अब पता चला है कि ममता बनर्जी प्रियंका गांधी के लिए प्रचार करने की इच्छुक हैं। इसके अलावा उन्होंने पिछले दिसंबर में इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान यह भी सुझाव दिया था कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहिए। वर्ष 2019 में सक्रिय राजनीति में आने के बाद से प्रियंका गांधी वाड्रा के कभी अमेठी, तो कभी रायबरेली और यहां तक की वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर समय-समय पर अटकलें लगाई जाती रहीं, लेकिन कांग्रेस के उन्हें वायनाड सीट से उपचुनाव में मैदान में उतारने की घोषणा के बाद अब इन पर विराम लग गया है।

ममता बनर्जी और कांग्रेस के बीच फिर से पनपी दोस्ती के पीछे एक कारण यह भी है कि बंगाल की मुख्यमंत्री के सबसे कड़े आलोचकों में से एक अधीर रंजन चौधरी लगातार पांच जीत के बाद इस चुनाव में बहरामपुर लोकसभा सीट से हार गए हैं। गुरुवार को उन्होंने बंगाल कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया, लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि इस्तीफा स्वीकार किया गया है या नहीं।

### फिरोजाबाद जेल में युवक की मौत पर बवाल

**फिरोजाबाद।** अलीगढ़ में युवक की पिटाई से मौत के बाद अब फिरोजाबाद में बवाल हुआ है। यहां दो दिन पहले वाहन चोरी में पकड़े जाने के बाद जेल में बंद युवक की शुक्रवार को मौत हो गई। इससे आक्रोशित लोगों ने बवाल कर दिया। भीम आर्मी ने विरोध में बाइक जुलूस निकाला और जाम लगाकर नारेबाजी की। इसके बाद लोगों ने जाम लगाकर बाइक फूंकी और वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। इस पर पुलिस को हवाई फायरिंग और लाठीचार्ज करते हुए उपद्रवियों को दौड़ाना पड़ा। पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। उनके सिर और पैर में चोटें आई हैं। वहीं घर लौट रहे एक मजदूर के हाथ में गोली लगी है। उसे अस्पताल ले जाया गया है। देर रात डीएम व एसपी मौके पर थे। तनाव जारी था। आकाश 28 वर्ष पुत्र वीरी सिंह निवासी नगला पाचिया थाना दक्षिण को पुलिस ने बुधवार को वाहन चोरी में गिरफ्तार किया था।

# योग सत्र में सभी को रोगमुक्त, तनावमुक्त बनाने का संकल्प

## जीवन में स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए सभी लोग नियमित रूप से करें योगाभ्यास : केशव प्रसाद मौर्य

» अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंत्रियों ने विभिन्न जिलों में किया योगाभ्यास

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारत स्काउट एण्ड गाईड कालेज प्रयागराज में आयोजित दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद फूलपुर प्रवीण कुमार पटेल, विधायक फाफामऊ गुरुप्रसाद मौर्य, सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी, अपर पुलिस आयुक्त एन कोलांची, नवनीत सिंह चहल जिलाधिकारी, गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रयाद मौर्य ने कहा कि स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए सभी को योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहावत है कि पहला सुख निरोगी काया। आज देश के लगभग सभी राज्यों के सभी जिलों, सभी तहसीलों, सभी ब्लाकों तथा ग्रामों के साथ-साथ विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रतिदिन योग करने के लिए संकल्प लें। उपमुख्यमंत्री ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज को बीमारियों व महामारियों से बचने के लिये योग को नियमित रूप से अपनाने पर बल दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि योग से तन और मन तो स्वस्थ रहता ही है, योग से आजीविका के नये मार्ग भी प्रशस्त हो रहे हैं। लोग अब फिटनेस के लिए प्रशिक्षकों को नियुक्त कर रहे हैं। योग केवल ज्ञान ही नहीं, विज्ञान भी है। योग मन को



केन्द्रित करने में मदद कर रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नये रास्ते बना रहा है। देश व दुनिया में योग करने वालों की संख्या बढ़ रही है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रयागवासी आगामी कुम्भ में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर रहें। उपमुख्यमंत्री ने विशाल एवं ऐतिहासिक योग कार्यक्रम के आयोजन के लिये पूरे जिला प्रशासन एवं सहयोगी विभाग व प्रयागवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये युवाओं और बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। प्रतिभाग करने के लिये दूर-दूर से आने वाले प्रतिभागी सुबह 4 बजे से ही एकत्र होने लगे थे तथा 5.30 होते होते लगभग पूरा परिसर योगाभ्यासियों से भर गया। आयोजकों की ओर से लगभग 8 हजार लोगों के योगाभ्यास के लिये प्रबन्ध किया गया था, लेकिन आगन्तुक उससे कहीं अधिक थे। यह योगाभ्यास कार्यक्रम प्रतिवर्ष 21 जून को मनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ ही योग स्वयं एवं समाज के लिये थीम को समाहित किये हुए था। पूरा क्षेत्र 4 जोन एवं 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया था जिसमें 8 हजार से अधिक पंक्तिबद्ध योगाभ्यासी खड़े थे। योगाचार्य धर्मेन्द्र मिश्र ने भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार 45 मिनट का योगाभ्यास कराया जिसमें 32 विभिन्न प्रकार के योगासन थे, प्रत्येक सेक्टर में दो-दो मास्टर ट्रेनर की भी तैनाती की गई थी। योगाभ्यास के पश्चात सहयोगी संस्थाओं, विभागों एवं मास्टर ट्रेनरों को उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। डॉ. शारदा प्रसाद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने अवगत कराया कि आयुष विभाग के चिकित्सालयों में योगाभ्यास के माध्यम से बीमारियों के इलाज के लिये कुशल योग प्रशिक्षक नियुक्त हैं जहां से जन सामान्य अपनी स्वास्थ्य समस्याओं से सम्बन्धित उपचार प्राप्त कर सकता है।

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सीतापुर में किया योगाभ्यास

**लखनऊ/ सीतापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का कार्यक्रम पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। इसके तहत विभिन्न जिलों में मंत्रियों और अधिकारियों को योग दिवस कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी क्रम में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने जनपद सीतापुर में आयोजित 10वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया और स्वयं भी योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अधिक प्रभावशाली बनाने और योग के लाभों को अधिकतम लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से 15 जून से 21 जून 2024 तक 'योग सप्ताह' के रूप में मनाया गया। इस योग सप्ताह के दौरान विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। लोगों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान के लाभों से परिचित कराया गया। सीतापुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक शांति और संपूर्ण कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। योग के माध्यम से हम अपने शरीर और मन को संतुलित और स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की सलाह दी।

### योगाभ्यास कार्यक्रम में शरीक हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** रेसीडेंसी लखनऊ में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे। कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद संजय सेठ, सदस्य विधान परिषद राम चंद्र प्रधान, विधायक मोहनलालगंज अमरेश रावत, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन सहित जनपदवासियों द्वारा पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।



### योग को पूरी दुनिया आत्मसात कर रही : धर्मपाल सिंह

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 के अवसर पर मेरठ के कैलाश प्रकाश स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योगासनों के द्वारा लोगों को योग करने की प्रेरणा दी। श्री सिंह ने इस अवसर पर योग को ऊर्जा से परिपूर्ण और स्फूर्तिदायक बताते हुए कहा कि स्वस्थ और निरोगी काया के लिए योग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व प्रेरणा से आज न केवल योग जन जन के बीच पहुंच रहा है बल्कि वृहद स्तर पर लोग एक साथ एकत्र हो योग कर रहे जिससे एकता की भावना को भी बल मिल रहा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि योग जैसी गौरवपूर्ण संस्कृति और अक्षुण्ण विरासत को पूरी दुनिया आज आत्मसात कर रही है। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को विश्वभर में 21 जून को 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम पर आयोजित किया जा रहा है। आज विभिन्न कारणों, तेजी से बदलती जीवन शैली और खान-पान की आदतों से लोग जल्दी बीमार हो जाते हैं जिससे बचने के लिए आवश्यक है कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बना नियमित योगाभ्यास किया जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों और स्वयंसेवी संगठनों ने योगाभ्यास किया।

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कासगंज में किया योगाभ्यास

**लखनऊ/कासगंज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर किया गया। इस अवसर पर मंत्रियों और अधिकारियों को विभिन्न जिलों में कार्यक्रम संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी क्रम में प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कासगंज में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ किया और स्वयं भी योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से 15 जून से 21 जून 2024 तक 'योग सप्ताह' के रूप में मनाया गया।

## पेपर लीक होने से सरकार पर सवालिया निशान

विश्ववार्ता ब्यूरो



» गुजरात की कंपनी का पेपर लीक करवाने में हाथ : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि ये आरोप बेहद गंभीर है कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आयोजित करवाने वाली गुजरात की कंपनी का ही पेपर लीक करवाने में हाथ है और उसका मालिक जब सफलतापूर्वक विदेश भाग गया, उसके बाद ही उत्तर प्रदेश सरकार ने उसके बारे में जनता को बताया। जनता के ग़ुस्से से बचने और दिखाने भर के लिए उस कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया। उत्तर प्रदेश सरकार उस कंपनी और उसके मालिक के ख़िलाफ़ एफआईआर की कॉपी सार्वजनिक करे। गुजरात भेजकर उसकी संपत्ति वसूलने की हिम्मत दिखाए। ऐसे आपराधिक लोग उत्तर प्रदेश के 60 लाख युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने के दोषी हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार साबित करे कि वो इन अपराधियों के साथ है या प्रदेश की जनता के साथ।

श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में काम करने वाली हर कंपनी के इतिहास और उसकी सत्यनिष्ठा-गुणवत्ता की जाँच की जाए। जब बेईमान और कलंकित कंपनियों को काम दिया जाए तो जनता को समझ लेना चाहिए कि इसमें काम देने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के उस मंत्रालय और उसके विभाग के लोगों की भी हिस्सेदारी है, मतलब 'ये भ्रष्टाचार की साझेदारी' है। इस परीक्षा के आयोजन से संबंधित कंपनी ही नहीं बल्कि हर एक संलिप्त मंत्री या अधिकारी की भी जाँच हो और जब तक जाँच पूरी न हो जाए, तब तक उसे उसके काम से मुक्त रखा जाए और संलिप्तता सिद्ध होने पर बर्खास्त करके कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि हम माँग करते हैं कि उत्तर प्रदेश में काम कर रही या काम करने की इच्छुक हर बाहरी कंपनी की गहन जाँच हो और सब कुछ सही पाये जाने पर ही काम दिया जाए।

ऐसा नहीं करने पर जब काम गलत होता है तो उससे उत्तर प्रदेश की छवि को ठेस पहुँचती है और प्रदेश के पैसों की बर्बादी भी होती है। इन सबका ख़ामियाज़ा आख़िर में आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। साथ ही ये भी माँग है कि उत्तर प्रदेश की कंपनियों को प्राथमिकता दी जाए। बाहरी कंपनियों को तभी काम दिया जाए जब यूपी के सरकारी विभागों, निगमों, बोर्डों या स्थानीय कंपनियों के पास कार्य कराने के अनुभव का अभाव हो।

### स्वस्थ जीवन के लिए योग को जीवनशैली बनाने की अपील



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही में आजमगढ़ में कलेक्ट्रेट भवन के निकट आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने योगाभ्यास में उपस्थित गणमान्य लोगों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों द्वारा दी गयी अमूल्य धरोहर है। योग से व्यक्ति स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन प्राप्त कर सकता है। इसलिए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने योग दिवस का शुभारम्भ करते हुए कहा कि योग जटिल एवं असाध्य रोगों में भी फायदा पहुंचाता है। योगासन एक कारगर तरीका है जिससे जटिल बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय योग को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर मान्यता दिलाकर पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाया है। इसी उपलक्ष्य में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। लोग योग को अपनाकर निरोग हो रहे हैं।

### ऊर्जा मंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में किया योगाभ्यास



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर कार्यक्रम कर द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया और देश-विदेश से आये श्रद्धांलुओं, योगाचार्यों व नवयुवकों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने विश्व योग दिवस पर विश्व, देश एवं प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति एवं विरासत पूरी दुनिया में फैल रही है। शरीर और मन को निरोग रखने के लिए लोग योग को अपना रहे हैं। श्री शर्मा ने आदियोगी नटराज शिव की नगरी में काशी विश्वनाथ धाम परिसर में योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरी दुनिया को योग से निरोग रहने का संदेश दिया। मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में एक हजार लोगों ने योग किया। इस अवसर पर काशी के गंगा घाटों, पार्कों में काशीवासी योग करते नजर आए। श्री काशी विश्वनाथ धाम में मंत्री श्री शर्मा ने जिले के गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों और श्रद्धालुओं के साथ प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार समेत योग की तमाम विधाओं में योगाभ्यास किया। योग दिवस कार्यक्रम में विधायक कैण्ट सौरभ श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, हंसराज विश्वकर्मा, एमडी जल निगम राजशेखर, एडीसीपी वाराणसी एस. चीनप्पा, सीडीओ हिमांशु नागपाल समेत बड़ी संख्या में देशभर से आये श्रद्धालुओं ने योगाभ्यास किया।

### सहारनपुर में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया योग



**लखनऊ/सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए विभिन्न जनपदों में मंत्रीगण और अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी क्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सहारनपुर जनपद में आयोजित 10वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप मे किया और स्वयं भी योगाभ्यास किया। योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है और यह हमारे जीवन को स्वस्थ और संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आसनों का महत्व बताया और इसके नियमित अभ्यास की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए ताकि हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून से 21 जून 2024 तक 'योग सप्ताह' के रूप में मनाया गया, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुंचाना था। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए गए।

## कार्यालय नगर पंचायत धौराटांडा जनपद-बरेली

पत्रांक-53/न0पं0धौराटांडा/कोटेशन/2024-25 दिनांक-21.06.2024

**कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत धौराटांडा वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त, अप्रयोग की धनराशि द्वारा निम्नलिखित कार्य कराने हेतु ठेकेदारों/फर्मों से सीलबंद कुटेशन दिनांक 20/66 2024 को समय 2:00 बजे तक नगर पंचायत धौराटांडा कार्यालय पर आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित ठेकेदारों/फर्मों के समक्ष अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा खोले जायेगे। उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक ठेकेदार/फर्म नियत समय व दिनांक को अपने-अपने सीलबंद कुटेशन कार्यालय नगर पंचायत पर रखे बॉक्स में डाल सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं० 03 में तीन टावर के सामने GF Sheet का कार्य। | 97.407.00 | एक माह |
| 2 | वार्ड नं0 03, में पिंक शौचालय के बराबर में GF Sheet का कार्य। | 99.067.00 | एक माह |
| 3 | वार्ड नं० 03, में साहू ठाकुरदास स्कूल के पीछे (अस्थायी) न०प० की जगह में टीन शेड का कार्य। | 98.237.00 | एक माह |
| | योग | 2,94,711.00 | |

शर्तें : - 1. उक्त कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए, अन्यथा की दशा में भुगतान काटा, रोका, व जब्त किया जा सकता है।

(संदीप चंद्रा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत धौराटांडा
जनपद-बरेली

(नदीम उल हसन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत धौराटांडा
जनपद-बरेली

## ग़ाज़ियाबाद में विवेकानंद देश योग गुरुकुल का उद्घाटन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग़ाज़ियाबाद के स्वर्ण जयंती पुरम में देशयोग चैरिटेबल ट्रस्ट की बाल-शाखा विवेकानंद देश योग गुरुकुल का उद्घाटन सुनील कुमार शर्मा, कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने गुरुकुल के बच्चों से बात-चीत कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके द्वारा की गई प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कैबिनेट मंत्री ने देश योग चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किए गए तकनीकी प्रयोगों का अवलोकन किया और इस दिशा में हर तरह की सहायता का भरोसा दिलाया। जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाते हुए मंत्री ने देशयोग परिवार के सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि माता पिता अपने सबसे ज़म्मिदार बच्चे को ही सबसे कठिन कार्य सौंपते है, वैसे ही अभावग्रस्त परिवार के बच्चों की शिक्षा की ज़म्मिदारी ईश्वर ने देशयोग परिवार के सदस्यों को सौंपी है। देश योग चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल पर मंत्री ने विवेकानंद देशयोग गुरुकुल के बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूता-मोज़ा, स्कूल बैग, खेल खिलौने की सामग्री और अन्य ज़रूरी सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर देश योग परिवार के संरक्षक चौधरी किशनबीर सिरोही ने भी गुरुकुल के बच्चों से निजी रूप से बात-चीत करते हुए उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश की और निराकरण करने का आश्वासन दिया।

देश योग चैरिटेबल ट्रस्ट के योगाचार्य सुभाष देशयोगी ने विवेकानंद देशयोग गुरुकुल के विजन को बताते हुए कहा कि आज जो एक छोटा सा प्रयास शुरू हुआ है, शीघ्र ही एआई तकनीकी के इस्तेमाल से हम ऐसे ढेर सारे गुरुकुल की शाखाओं को एक स्थान से जोड़ेंगे। टीचर एक जगह पर बैठकर सभी शाखाओ के एक-एक बच्चों का ध्यान रख पायेंगे। इस अवसर पर सुभाष चंद्र, राहुल तोमर, मुनीष भार्गव, मुदित भार्गव, ओम गुलिया, अजय कुमार निगम, रोहताश अवाना और सक्षम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## बन्दोबस्त अधिकारी व चकबंदी लेखपाल निलंबित

**लखनऊ।** चकबंदी आयुक्त जी. एस. नवीन कुमार ने बताया कि ग्राम पाई, तहसील खागा, जनपद फतेहपुर के निवासी रवीकरन सिंह की आत्महत्या के प्रकरण में चकबन्दी आयुक्त उप्र द्वारा अपर संचालक चकबन्दी (प्रा) को जनपद फतेहपुर मे भेजकर जांच करायी गयी।

उन्होंने बताया कि जांच आख्या के आधार पर दोषी पाये गये तत्कालीन बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, फतेहपुर सम्प्रति जौनपुर बीएन उपाध्याय को निलम्बित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया। इस प्रकरण में संलिप्त और दोषी पाए गये चकबन्दी लेखपाल संदीप कुमार को निलम्बित कर विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी। इसी क्रम में मण्डलायुक्त, प्रयागराज की आख्या के आधार पर अनिल कुमार, सहायक चकबन्दी अधिकारी, फतेहपुर तथा रवीन्द्रनाथ पाण्डेय, चकबन्दी अधिकारी, फतेहपुर को भी निलम्बित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गयी है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत डीह भिखारी वि0ख0 दोस्तपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-21.06.2024

**अल्पकालीन निविदा /कोटेशन**

ग्राम पंचायत डीह भिखारी वि0ख0 दोस्तपुर में एस. एल. डब्लू.एम. /मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/ योजना अन्तगत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यों हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक 24.06.2024 के अपरान्हः 02:00 बजें तक आमंत्रित की जाती है।उसी दिन अपरान्हः 03:00 बजें निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जायेगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | आनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | नन्हे के घर से कक्कू के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य | प्रथम श्रेणी ईंट, इन्टरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, बालू मोरंग इत्यादि | 2.60000 रुपये |

बद्री वर्मा
ग्राम प्रधान

विजय वर्मा
सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत सरसवां वि.ख. भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 02 बजे तक दिनांक 24.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 24/06/2024 को अपराहन 04 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान
अवरीश मोहम्मद

सचिव
सौरभ गुप्ता

## कार्यालय ग्राम पंचायत तोनी वि.ख. भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 02 बजे तक दिनांक 24.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 24/06/2024 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान
राम किशोर

सचिव
सौरभ गुप्ता

## समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 23 को जायेगा देवरिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का एक 7 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल दिनांक 23 जून 2024 को जनपद देवरिया जायेगा।

जनपद देवरिया के ग्राम पिपरा बिट्ठल थाना रूद्रपुर निवासी श्रमिक दीपू निषाद की दबंगों द्वारा पीट-पीटकर की गई निर्मम हत्या की जांच एवं शोकाकुल पीड़ति परिवार से संवेदना व्यक्त करने हेतु समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल ग्राम पिपरा बिट्ठल थाना रूद्रपुर जनपद देवरिया पहुँचेगा। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल में राम भुआल निषाद सांसद लोकसभा क्षेत्र सुल्तानपुर, लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद सांसद लोकसभा क्षेत्र सन्तकबीरनगर, व्यास यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी देवरिया, कृष्णभान सिंह उर्फ किसान सिंह सैथवार विशेष आमंत्रित सदस्य समाजवादी पार्टी, चौधरी लौटन राम निषाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, डॉ. मोहसिन खां पूर्व विधायक एवं सन्तोष यादव विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के सदस्यगण शामिल हैं।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी

पत्रांक-104/जननिर्माण / एम०बी०एल०/2024-25 दिनांक- 21.06.2024

**ई-निविदा सूचना**

पालिका निधि के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्यों हेतु दिनांक 24.06.2024 सायं 05:00 बजे से दिनांक 09.07.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. बेवसाइट पर बिड ढाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 24.06.2024 सायं 05:00 बजे से
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 09.07.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि 10.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी व शर्तों के लिए कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(संजय कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
जनपद-लखीमपुर

(डॉ0 इरा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
जनपद-लखीमपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरमौला अर्जुनपुर वि.ख. भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 25.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 25/06/2024 को अपराहन 04 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान
मो.अकरम

सचिव
सौरभ गुप्ता

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिसौआ वि.ख. भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व SLWM व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, आरआरसी केंद्र निर्माण, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 02 बजे तक दिनांक 25.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 25/06/2024 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान
असलम

सचिव
सौरभ गुप्ता

# योग आसनों में रच-बस गई राजधानी

## घरों व संस्थानों के अलावा एलडीए के पार्कों में 10 हजार से अधिक लोगों ने किया योगाभ्यास

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अनुरक्षित पार्कों में 10 हजार से अधिक लोगों ने योगाभ्यास किया। इसमें प्राधिकरण के स्टाफ के साथ शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, क्लब एवं एसोसिएशन व निजी कंपनियों एवं प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि व कर्मचारी आदि शामिल रहे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि गोमती नगर स्थित डॉ0 राम मनोहर लोहिया पार्क व जनेश्वर मिश्र पार्क में सर्वाधिक 5461 लोगों ने अलग-अलग योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में योगाभ्यास किया। इसके अलावा बसन्तकुंज योजना स्थित जॉगर्स पार्क, कानुपर रोड योजना स्थित स्मृति उपवन एवं जोनल पार्क, चौक स्थित लोहिया पार्क एवं गुलाब वाटिका, हजरतगंज स्थित पटेल प्रतिमा पार्क, कैसरबाग स्थित बेगम हजरत महल पार्क, राजा राम पाल सिंह पार्क व वीरांगना उदा देवी पार्क समेत अन्य पार्कों में लगभग 5500 लोगों ने अनुभवी प्रशिक्षकों की उपस्थिति में योगा करके स्वस्थ्य जीवन शैली का संकल्प लिया। उपाध्यक्ष ने बताया कि इस मौके पर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न संगठनों के सहयोग से उक्त सभी पार्कों में योगा मैट, साउंड सिस्टम, पेय जल आदि संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायी गयी।













### बच्चों ने योग से दिया निरोग रहने का संदेश



**लखनऊ।** सुरभि कल्चरल ग्रुप की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दो दिवसीय करें योग रहें निरोग योग उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने चित्रों से साथ योग की अलग अलग मुद्राओं में अपनी फोटो भेज कर योग उत्सव में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । प्रयाग आरोग्यम केंद्र की योगाचार्य आफ़रीन समी के मार्ग दर्शन हुए योग उत्सव में 80 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। आफ़रीन ने हलासन, सर्वांगासन , धनुरासन, वीरभद्रासन , नौकासन, उत्तानपादासन आदि का प्रशिषण देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है Iइसे रोज दिन चर्या में शामिल करें। इस आयोजन में आओ गौरैया बचाएं समूह के सभी सदस्यों , सुरभि कौर , शैलेंद्र सक्सेना , स्नेहा सोनी का विशेष सहयोग रहा ।

## महिला योग शाखा का शुभारंभ



**लखनऊ।** भारतीय शाश्वत योगविद्या केन्द्र लखनऊ उ०प्र० के तत्वावधान में 21जून 2024 को, आई. आई. एम. रोड लखनऊ, आराध्या एंक्लेव में महिला योग शाखा का शुभारंभ किया गया जिसमें योगाचार्या डॉ छाया त्यागी के निर्देशन में प्रियंका मिश्रा, संस्कृति मिश्रा, मीनू आनंद, सोना, श्वेता पाठक, प्रांजली मिश्रा, गीतिका, वीना सिंह, खेव्या तिवारी,रिनेश ने योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। यश व सवितुर ने कार्यकृम आयोजन में सहयोग दिया। माया दीदी ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर सबको बधाई दी। ईश्वर प्रार्थना कर सतत योग करने का संकल्प लिया गया तथा भारतीय पारंपरिक चना, दलिया, सत्तू का नाश्ता कर भरपूर आनंद उठाया।



10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजाजीपूरम सहारा सिटी में ट्रेडिशनल सोतो काई कराटे एसोसिएशन की संस्थाने ट्रेनर प्रगति यदुवंशी, प्रतिभा यदुवंशी और रोहित यदुवंशी ने बच्चों को करया योगाभ्यास।






## एक स्वस्थ और सुखी जीवन जीने का माध्यम है योग

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में आज 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें एक हजार से अधिक छात्र, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर आज के दिन को योग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसके महत्व को दिखाने के लिए पूरी दुनिया के लोग एक साथ 21 जून को योग करते हैं। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग'है। यह महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने पर केंद्रित है। योग दिवस पर योगा के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक महत्व से लोगों को अवगत कराने का प्रयास किया जाता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड में सामूहिक रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाया गया।

बता दें, योग एक प्राचीन अभ्यास है. इसकी उत्पत्ति पांच हजार वर्ष पहले भारत में हुई थी। योग शब्द का जन्म संस्कृत भाषा से हुआ है। इसका अर्थ है जुड़ना या फिर एकजुट होना है। अपने नाम के मुताबिक, योग से शरीर और चेतना का मिलान होता है। नियमित योग शारीरिक स्वास्थ्य, शारीरिक लचीलापन, शक्ति और मुद्रा को बढ़ाता है। योग के नियमित अभ्यास से उच्च रक्तचाप, मधुमेह और गठिया जैसी बीमारियों से राहत मिलती है। योग मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है. योग तनाव, चिंता और अवसाद को कम करके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है। योग आत्म-जागरूकता, सचेतनता और आंतरिक शांति को प्रोत्साहित करता है। योग के प्रमुख अंगों में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि शामिल हैं। ये सभी अंग मिलकर योग को पूर्ण बनाते हैं और इसके माध्यम से हम शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। आज के आधुनिक जीवन में, हम सभी तनाव, चिंता, और शारीरिक बीमारियों से ग्रस्त हैं। हमारी दिनचर्या अत्यंत व्यस्त हो गई है और हमारे पास अपने स्वास्थ्य के लिए समय निकालना मुश्किल हो गया है। ऐसे में योग एक अद्भुत साधन है जो हमें शांति और स्वास्थ्य प्रदान कर सकता है। योग का नियमित अभ्यास करने से हमें अनगिनत लाभ प्राप्त हो सकते हैं। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ यह मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। योग से मन की एकाग्रता बढ़ती है, आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से निपटने में सहायता मिलती है। योग केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह समाज और विश्व के लिए भी महत्वपूर्ण है। जब हम व्यक्तिगत रूप से स्वस्थ और शांत होंगे, तो हम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकते हैं और विश्व में शांति और सौहार्द्र को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने 2014 में स्वीकार कर लिया। तब से हर वर्ष 21 जून को हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं, जिसमें लाखों लोग भाग लेते हैं और योग के प्रति जागरूकता फैलाते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री, प्रो. नवजीवन रस्तोगी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. दिलीप अग्निहोत्री, राज्य सूचना आयुक्त, पीएन द्विवेदी आदि सामूहिक योगाभ्यास में सम्मिलित थे। अंत में डीन योग संकाय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया और राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

### मुकदमे के बावजूद दोबारा बिजली चोरी करते धरे गए

**लखनऊ।** बिजली चोरी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। बिजली चोरी में एफआईआर के बाद भी लोग दोबारा चोरी करते पकड़े जा रहे हैं। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे जीपीआरए उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों में करीब 44 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई।

यहां मंदिर जाने वाले सर्विस केबल में दूसरा तार जोड़कर शशि भूषण नाथ 10 ई-रिक्शा चार्ज करते पकड़े गए। अमीनाबाद के मौलवीगंज, टेढ़ी बाजार, गुईन टोला में नौ किलोवाट से अधिक की बिजली चोरी पकड़ी गई। अपट्रान उपकेंद्र से संबंधित मेहंदीगंज, भवानीगंज, त्रिवेणीगंज, अखाड़े वाली गली में 28 किलोवाट की बिजली चोरी मिली। कल्याणपुर उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र में 19 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। करीब 16 घरों में बिजली चोरी मिली, इनमें आठ उपभोक्ता ऐसे थे जिनके घरों में चोरी की बिजली से एसी चलते मिले। जीपीआरए के उपखंड अधिकारी विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि आदिल नगर में सिम्मी खान के यहां मीटर सिर्फ 44 यूनिट खपत दिखा रहा है और घर में दो एसी लगे थे। जांच में स्मार्ट मीटर में छेड़छाड़ कर करंट कम कर दिया गया था। इनके यहां साढ़े पांच किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। आदिल नगर के ही बिलाल के यहां पांच किलोवाट, अंसार अहमद के घर में तीन किलोवाट की चोरी मिली। अमीनाबाद के अधिशासी अभियंता ने बताया कि मौलवीगंज, महेश प्रसाद स्ट्रीट, टेढ़ी बाजार में चेकिंग के दौरान सीधे कटिया घरों में लगाकर चलते पायी गई। टेढ़ी बाजार का खलील सीधे मीटर बाईपास कर तीन किलोवाट की चोरी कर एसी चला रहा था।

## एक नजर

### शंखनाद के बीच हुई मां गोमती की महाआरती

**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर शुक्रवार को सनातन महासमागम व 126वीं मां गोमती महाआरती का आयोजन किया गया। सात मंचों से मृदंग, मंजीरा, ढोल, ताशे, शंखनाद के बीच मां गोमती की महा आरती हुई। वहीं 501 दीपों से घाट को सजाया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा गणेश वंदना और कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर छात्र-छात्राओं ने योग प्रदर्शन किया। सभी को प्रमाण पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेट्रो रेलवे के एमडी सुदीप सिंह को सनातन शिरोमणि और वरिष्ठ योग गुरु केडी मिश्र व रमेश श्रीवास्तव सहित 11 योग शिक्षकों को सनातन योग गौरव से सम्मानित किया गया।

### अभ्युदय केंद्र का 14वां महोत्सव होगा आज

**लखनऊ।** आलमबाग के वीआईपी रोड स्थित शिव शांति आश्रम में अभ्युदय योग केंद्र का 14वां वार्षिक महोत्सव शनिवार शाम छह से नौ बजे तक मनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के उपाध्यक्ष नानकचंद्र लखमानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर रंगारंग संगीत कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### कारगिल विजय का 25वां वर्ष : गनर्स के अदम्य साहस को सेना की श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की शानदार जीत की रजत जयंती के राष्ट्रव्यापी समारोह के हिस्से के रूप में, एक अखिल भारतीय मोटरसाइकिल अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान की भावना युद्ध में भारतीय सेना द्वारा निभाई गई उत्कृष्ट भूमिका को उजागर करना और कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों का सम्मान करना है। डेल्टा 5 मोटरसाइकिल अभियान नाम के इस अभियान को 1822 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद सूर्या कमान, लखनऊ में हरी झंडी दिखाई गई और कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास की अपनी यात्रा के तीसरे चरण के सफल समापन का जश्न मनाया गया। पूर्वी मार्ग पर, डेल्टा 5 अभियान आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरते हुए द्रास तक 4000 किलोमीटर की यात्रा करेगा। लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस), मध्य कमान ने 12 जून 2024 को दिनजान से शुरू हुए इस अभियान को लखनऊ में हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर क्षेत्र की वीर नारियों और वीरता पुरस्कार विजेताओं को भी लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा ने सम्मानित किया। अभियान के सभी मोटरसाइकिल चालक आर्टिलरी रेजिमेंट से हैं। कारगिल की बर्फीली चोटियों पर विजय की स्मृति में इस अभियान का उद्देश्य स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेटों और भारत के नागरिकों को कारगिल विजय प्राप्त करने में भारतीय सेना के सैनिकों की वीरता के बारे में शिक्षित करना भी है।

### बीमार पत्नी का दर्द देख किसान ने लगा ली फांसी

**लखनऊ।** हरदोई के किसान देशराज कुशवाहा (36) की पत्नी का बुद्धेश्वर स्थित कुसमा अस्पताल में फेफड़े की बीमारी का इलाज चल रहा था। वह दर्द से अक्सर कराहती रहती है। उसकी पीड़ा देखकर देशराज इतना परेशान हो उठा कि गुरुवार देर रात उसने अस्पताल गेट के बाहर बने शौचालय के एंगल से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। देशराज का यह कदम सीसी फुटेज में भी कैद हुआ है। इसमें वह काफी परेशान दिखा। गले में फंदा डालने से पहले उसने कई बार पसीना भी पोछा। देशराज की मौत की खबर मिलते ही पत्नी पूजा की तबीयत और बिगड़ गई। देशराज के परिवार में इस दोहरी परेशानी से कोहराम मच गया है। हरदोई मल्लावां के राघवपुर निवासी लालता कुशवाहा के मुताबिक भाई देशराज की पत्नी पूजा को फेफड़े की बीमारी है। उसने सोमवार पूजा को अस्पताल में भर्ती कराया था। पूजा की हालत सुधर नहीं रही थी। वह अक्सर दर्द से कराहती रहती थी। देशराज कुछ दिन से कह रहा था कि उससे पत्नी का दर्द देखा नहीं जा रहा है। गुरुवार देर रात वह अचानक वहां से चला गया था। कुछ देर बाद कुछ लोगों ने आकर बताया कि देशराज ने गेट के पास शौचालय के ऊपर लगे एंगल से फांसी लगा ली है। आनन-फानन कर्मचारियों ने उसे नीचे उतारा पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर ब्रजेश वर्मा ने बताया कि सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी। परिवार में दो बेटियां और दो बेटे हैं। पूजा का एक साल से बीमार चल रही है। देशराज ने हरदोई और लखनऊ के अस्पताल में पूजा का इलाज कराया पर कहीं आराम नहीं हुआ। भाई लालता ने बताया कि पूजा की तबीयत में सुधार नहीं होने से वह परेशान था। गुरुवार रात में देशराज की परिवारवालों से बात हुई थी। उसने कहा था कि पूजा को आराम नहीं हो रहा है पर उसकी बात से ऐसा नहीं लगा था कि देशराज इतना बड़ा कदम उठा लेगा। अस्पताल मे लगे सीसीटीवी में फांसी लगाने की फुटेज कैद हो गई। पुलिस के मुताबिक फुटेज में नजर आ रहा है कि अस्पताल से किसी को आता देखकर दो बार वह एंगल के पास बैठ गया। कुछ देर बद वह एंगल से दुपट्टे के फंदे के सहारे लटक गए। फांसी लगाने के पहले देशराज काफी परेशान था। उसने कई बार चेहरे से पसीना पोछा।

### पूर्व सैनिक के परिवार पर किया हमला

**लखनऊ।** वृंदावन सेक्टर- 12 में पूर्व सैनिक के परिवार पर कार वाशिंग सेंटर संचालक ने सहयोगियों के साथ हमला किया। मारपीट कर आरोपी ने जेवर लूट लिए और 25 हजार रुपये रंगदारी मांगी। यह आरोप लगाते हुए पूर्व सैनिक की पत्नी ने पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-12 निवासी रिटायर सैनिक विनोद कुमार की पत्नी रीता देवी मंगलवार को कमाण्ड हॉस्पिटल जा रही थी। कार में बैठ कर वह बहन रंगीता का इंतजार करने लगी। कुछ देर बाद रंगीता आकर कार में बैठ गई। तभी कार वाशिंग सेंटर संचलाक आनन्द और साथी आ धमके। उन्होंने रीता और छोटी बहन को कार से घसीटकर पीटना शुरू कर दिया। बीच बचाव पर ड्राइवर से भी मारपीट की गई। हमलावरों से बचने के लिए रीता ने शोर मचाया। पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनकर विनोद मदद को दौड़े तो आरोपियों ने जमकर मारपीट की। आरोप है कि आनन्द और साथियों ने चेन, बाली और 60 हजार रुपये छीन लिए। रीता के मुताबिक आनन्द ने 25 हजार रुपये रंगदारी मांगी है। इंस्पेक्टर ब्रजेश तिवारी ने बताया कि रीता और आनन्द के बीच पहले भी कहासुनी हुई थी। छानबीन में पता चला कि मंगलवार को मारपीट हुई है। फिलहाल रीता की तहरीर पर लूट, मारपीट और रंगदारी मांगने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सफेद ड्रेस में संघ के पदाधिकारी लेंगे शपथ

**लखनऊ।** परिवहन निगम के श्रमिक समाज कल्याण संघ की ओर से शनिवार को कैसरबाग स्थित अवध बस डिपो में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। इसमें नामित पदाधिकारियों और सदस्यों को सफेद ड्रेस पहनकर आना अनिवार्य रहेगा। संघ के प्रांतीय महामंत्री बनारसी राम ने बताया कि संघ के त्रिवार्षिक चुनाव में प्रांतीय अध्यक्ष और महामंत्री निर्विरोध चुने गए थे। इन सदस्यों को संघ के संविधान के अनुसार शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद प्रदेश भर से आए सदस्यों और कार्यकारिणी के साथ संघ की ओर से बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे।

### लखनऊ हॉस्टल की कलावती ने जीता दूसरा स्वर्ण पदक

**लखनऊ।** सिद्धार्थनगर में हो रही राज्य सब जूनियर और जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में लखनऊ हॉस्टल की कलावती निषाद ने शुक्रवार को 200 मीटर बैक स्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यह उनका दूसरा स्वर्ण पदक है। कलावती के अलावा लखनऊ हॉस्टल के विजय राज, कृष्णा यादव, लखनऊ की सांची तिवारी, आरव गुप्ता, अयान यादव, दक्षिता सिंह, शुभांगी पूनम राय, इंद्र मिश्र और लावण्या ने रजत पदक जीते। वहीं लखनऊ की रिद्धिमा, वंशिका राय, चैतन्या, शिप्रा सिंह और लखनऊ हॉस्टल की वंदना साहनी ने कांस्य पदक जीते।

### डाक अदालत में आए इक्का-दुक्का मामले

**लखनऊ।** डाक सेवा संबंधी समस्याओं के लिए 21 जून को आयोजित डाक अदालत औपचारिकता रह गया। 20 जून तक आम लोगों के साथ विभागीय समस्याओं के संबंध में आवेदन मांगे गए थे। आवेदन नहीं आने से डाक अदालत खानापूर्ति रहा। शुक्रवार को कार्यालय पोस्टमास्टर जनरल के मुख्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। इक्का-दुक्का मामले आए जिनका मौके पर समाधान हो गया। डाक सेवा से जुड़े अधिकारी ने बताया कि जो भी मामले सामने आए थे, उन्हें पहली शिफ्ट में ही निपटा दिया गया।

### दिल्ली की टीम ने चारबाग रेलवे स्टेशन परखा

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के दिल्ली स्थित मुख्यालय बडौदा हाउस के प्रमुख मुख्य अभियंता विजय प्रताप सिंह शुक्रवार राजधानी पहुंचे। उन्होंने हजरतगंज स्थित डीआरएम कार्यालय में डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा और अन्य अफसरों के साथ बैठक की। इसमें चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन की जानकारी हासिल की। चारबाग स्टेशन की सेकेंड एंट्री के कामों को जांचा।

# नीट परीक्षा पेपर लीक के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

## समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर, पुलिस के साथ धक्का मुक्की





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** NEET-UG 2024 के पेपर लीक व परीक्षा परिणामों में अनियमितताओं के चलते पूरे देश के युवाओं में असंतोष फैल गया है। भाजपा शासित राज्यों में पेपर लीक की बीमारी अब केन्द्र तक जा पहुंची है। भाजपा सरकारों की युवाओं के प्रति बढ़ती संवेदनहीनता से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। इसे लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राजधानी में सड़कों पर उतर कर जोरदार प्रदर्शन किया।

समाजवादी छात्र सभा ने नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में राजधानी हजरतगंज लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन किया। लखनऊ में बापू भवन चौराहे पर समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में छात्रों ने नीट परीक्षा रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन ने छात्रों के साथ जोर जबरदस्ती की। उन्हें प्रदर्शन से रोकने का प्रयास किया। पुलिस छात्रों को गिरफ्तार कर लखनऊ के इको गार्डेन ले गयी। समाजवादी छात्र सभा ने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में बताया है कि पूरे देश में एनटीए द्वारा नीट का एग्जाम दिनांक 05 मई को कराया गया था जिसमें सरकार द्वारा पोषित माफियाओं ने परीक्षा के दौरान ही नीट का पेपर लीक कर दिया। एनटीए द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने की तिथि 14 जून 2024 थी, परन्तु जिस दिन लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित हो रहा था, उसी दिन 04 जून 2024 को साजिशन एनटीए ने नीट का परिणाम घोषित कर दिया। छात्रों ने तभी यह मांग उठाई थी कि एनटीए द्वारा नीट परीक्षा में बहुत बड़ी धांधली की गयी है। परीक्षा में बैठे लगभग 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। समाजवादी छात्र सभा मांग करती है कि सबसे पहले एनटीए एजेंसी को बर्खास्त कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए तथा नीट परीक्षा पुनः करायी जाए। समाजवादी छात्र सभा के धरना प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु यादव पुरैनी, वैभव सैनी, कांची सिंह यादव, ममता शर्मा, अमर यादव, अवनीश यादव विक्रम यादव, रविन्द्र कुमार रूद्र, प्रदेश सचिव जीतू कश्यप, सौगेन्द्र यादव, जावेद अली, अरविन्द यादव, प्रमोद साहिल, प्रियांशु यादव, मुलायम कुमार, सुधीर, जय सिंह, तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमर सिंह, मोहित कुमार अंकुर यादव सतीश डिगडिगा, तौकिल खां, इं. मनोज कुमार आदि शामिल रहे। धरना प्रदर्शन के क्रम में समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान ने बताया कि प्रयागराज में समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट, आगरा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कादिर कुरैशी, रायबरेली में राष्ट्रीय सचिव विनय यादव, विनोद यादव, बलिया में राष्ट्रीय सचिव सुजीत तिवारी आदि ने अपने-अपने जिले में नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले में धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। इलाहाबाद में केन्द्रीय विश्वविद्यालय की छात्र सभा इकाई ने धरना प्रदर्शन किया। इससे पहले गुरुवार को राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी के युवा नेता जयसिंह प्रताप यादव के नेतृत्व में नौजवानों ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ प्रदर्शन किया और नीट परीक्षा को दोबारा कराने की मांग की।

NEET 2024 के परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार इस मुद्दे को उठाती रही है। दिनांक 20 जून को जननायक राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर इस पूरी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया था। आज पूरे देश में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों पर तथा राजधानी लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कांग्रेसजनों ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में विधानसभा घेराव के लिए कूच किया। इस दौरान मौके पर तैनात पुलिस बल द्वारा कांग्रेसजनों को बैरिकेड लगाकर बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया गया जिसमें पुलिस प्रशासन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का मुक्की हुई जिसमें कई कांग्रेसजनों को हल्की चोटें भी आईं। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ता अपने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ मोदी सरकार मुर्दाबाद, भाजपा सरकार मुर्दाबाद, नीट परीक्षा रद्द करो, धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दो का नारा लगाकर बैरीकेड तोड़ कर आगे बढ़े जिस दौरान पुलिस प्रशासन से काफी जद्दोजहद के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों क्रो गिरफ्तार कर प्रशासन की बसों के माध्यम से अस्थाई जेल ईको गार्डेन ले जाया गया। गिरफ्तारी के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में युवाओं के प्रति इतनी संवेदनहीन सरकार कभी नहीं देखी गई। इस सरकार में चाहे प्रतियोगी परीक्षा हो, रोजगार की परीक्षा हो, सभी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती चली गई। एक भी परीक्षा नहीं हुई जिसमें पेपर लीक ना हुआ हो। सरकार लगातार नकल माफियाओं पर नकेल कसने में नाकामयाब रही है। ऐसा प्रतीत होता है की इन अपराधियों को सत्ता संरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस पार्टी युवाओं के हितों के साथ अन्याय नहीं होने देगी और सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। प्रदर्शन में नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, मुईद अहमद, पूर्व विधायक इन्दल रावत, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, कमलेश भारती, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता पुनीत पाठक, प्रियंका गुप्ता, प्रदीप सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।





### आज 11 विभूतियों को मिलेगा निशान-ए-उर्दू अवार्ड

**लखनऊ।** फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से 22 जून को उर्दू पढ़ाओ-उर्दू बढ़ाओ विषय पर हिन्दी संस्थान में सेमिनार का अयोजन होगा। इस अवसर पर 11 विभूतियों को निशान-ए-उर्दू से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक एसएन लाल ने बताया कि निशान-ए-उर्दू सम्मान नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह को मरणोपरान्त दिया जाएगा, जिसको उनके भाई नवाब मसूद अब्दुल्लाह प्राप्त करेंगे। इसके अलावा डॉ. हरिओम, प्रो. साबिरा हबीब, कुलसुम तलहा, डॉ. एस. नसीम सुबूही, मनीष शुक्ला, डॉ. फायजा अब्बासी, डॉ. सरवत तकी, परवेज मलिकज़ादा, तबस्सुम फात्मा व श्वेता श्रीवास्तव 'अजल का नाम शामिल है। ये सम्मान उन विभूतियों को दिया जा रहा है जिन्होंने शिक्षित जीवन में उर्दू भाषा व साहित्य की शिक्षा प्राप्त न की हो और न ही उर्दू भाषा के द्वारा जीवनयापन करते हों, फिर भी उन्होंने उर्दू के विकास के लिए काम किया हो।

## एलडीए ने किये अलीगंज व दुबग्गा में दो अवैध निर्माण सील



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को प्रवर्तन दस्ते ने अलीगंज व दुबग्गा क्षेत्र में 02 अवैध निर्माण सील किये।

प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि रश्मि तिवारी व अन्य द्वारा अलीगंज के सेक्टर-क्यू में प्राधिकरण द्वारा आवंटित भवन संख्या-ईडी/854 के बाहर रिक्त भूमि पर अवैध रूप से भूतल व प्रथम तल का निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। इसके अनुपालन में सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय, प्रमोद कुमार पाण्डेय व राकेश सिंह द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया गया।

प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि डॉ0 नसीम व अन्य द्वारा दुबग्गा में कानपुर बाईपास रोड पर लगभग 1100 वर्गफीट



क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। जिसके विरुद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। उक्त आदेश के अनुपालन में सहायक अभियंता शिव शंकर श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम द्वारा प्रश्नगत स्थल को सील कर दिया गया।

### केजीएमयू व अटल विवि को घोषित किया डिफाल्टर

**लखनऊ।** यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने केजीएमयू के दंत संकाय व अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। इस सूची में टीएस मिश्र विश्वविद्यालय का नाम भी शामिल है। ऐसे में इन कॉलेजों को यूजीसी से मिलने वाले अनुदान पर भी संकट गहरा सकता है। सभी विश्वविद्यालयों में लोकपाल की नियुक्ति के आदेश हुए हैं। यूजीसी के इस आदेश पर केजीएमयू व अटल बिहारी वाजपेई मेडिसिन यूनिवर्सिटी ने अमल नहीं किया। केजीएमयू दंत संकाय के पुराने भवन से विभागों को दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट किया जा रहा है। इससे संकाय में अफरा-तफरी मची है। इसमें भी मानकों की अनदेखी हो रही है। यही हाल अटल यूनिवर्सिटी का है। वह लोहिया संस्थान के एकेडमिक ब्लॉक के नौ तल पर संचालित हो रहा है। हाल ही में विश्वविद्यालय को अपना भवन मिल गया है। चक गंजरिया में अटल विश्वविद्यालय का नया भवन बना है। यही हाल टीएस मिश्र मेडिकल यूनिवर्सिटी का है। अधिकारियों का कहना है कि लोकपाल की नियुक्ति व मानकों की अनदेखी का खामियाजा तीनों संस्थानों को भुगतना पड़ा।

### उद्यमियों को होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत अधिकारी स्वयं उद्यमियों से वार्ता कर समाधान प्राथमिकता से कराएं : मंडलायुक्त

# मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में कमिश्नर ने सुनीं उद्यमियों की समस्या

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु समित की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार कार्यालय में आहूत की गई। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक शीलधर यादव, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग कंचन सुबोध सहित संबंधित विभागो के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र अमोसी, सरोजनी नगर एवं बन्थरा स्थित औद्यागिक इकाईयों में जल भराव की समस्या पर मंडलायुक्त महोदया द्वारा एनएचएआई, अपर जिलाधिकारी, भूमि अधिग्रहण एवं उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर के साथ बैठक आयोजित कर अतिक्रमण/परिसम्पत्तियों को हटवाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने के साथ-साथ अतिशीघ्र डीपीआर में एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ मार्ग के वर्षा के जल निकासी हेतु प्राविधानित ड्रेन के निर्माण के अनर्गत 02 मीटर चौडी नाली का निर्माण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि वर्षा प्रारम्भ होने से पूर्व जल निकासी हेतु प्रभावी कार्यवाही कर ली जाये जिससे उद्यमियों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि गत बैठक में लिये गये निर्णयानुसार नादरगंज (अमौसी औद्योगिक क्षेत्र) तेपूरी (ग्रामीण सड़क) सुनहरा रोड होते हुए रिंग रोड (अवध कासिंग दुबग्गा मुख्य सड़क) पर समाप्त होने वाली 5.7 किलोमीटर लम्बी सड़क के चौड़ीकरण एवं



सुदृढीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया रु. 548.16 का ऑगणन प्रस्ताव शासन को बजट अवमुक्त करवाये जाने हेतु प्रेषित किया जा चुका है जिस पर समिति द्वारा लोक निर्माण विभाग को शासन से समन्वय स्थापित कर बजट आवंटित कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जनपद रायबरेली में यूपीएसआईडीसीए के प्रबन्धन के अन्तर्गत औद्योगिक आस्थानों लालगंज, सलोन, महाराजगंज, परशदेपुर, छलोह आदि को यूपीएसआईडीसीए से जिला उद्योग केन्द्र को अधिकृत कराये जाने के सम्बन्ध में उद्यमियों की माँग सम्बन्धी समस्या के निराकरण हेतु उपायुक्त उद्योग द्वारा अपेक्षित विवरण यूपीसीडा को उपलब्ध करा दिया गया है, साथ ही गत बैठक में लिये गये निर्णयानुसार समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा को आयुक्त के स्तर से पत्र प्रेषित किया जा चुका है जिस पर समिति द्वारा बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा को अपने प्रबन्धन से समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र समस्या का निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना की समीक्षा करते हुए समिति द्वारा समस्त अधीनस्थ जनपदों के उपायुक्त उद्योग तथा अग्रणी जिला प्रबन्धक को समस्त योजनाओं में अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित कराये जाने के साथ-साथ निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। गत बैठक में जनपद रायबरेली के औद्योगिक आस्थान, बछरावां के उद्यमी द्वारा सड़क, नाली एवं बिजली की समस्या से अवगत कराया गया था, उक्त समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग रायबरेली द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त समस्या का समाधान करा दिया गया है जिस पर समिति द्वारा उक्त समस्या का समाधान हो जाने के फलस्वरूप एजेण्डे से हटाये जाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार गत बैठक में राम मोहन अग्रवाल द्वारा समिति को अवगत कराया गया था कि जनपद हरदोई के औद्योगिक आस्थान, सण्डीला में वर्ष 2014 में प्लाट आवंटित किया गया था, परन्तु अवैध निर्माण के कारण कब्जा प्राप्त नहीं किया जा सका था। वर्ष 2022 में यूपीसीडा द्वारा भूमि खाली कराकर पेशकश की गयी परन्तु उस पर ब्याज व दण्ड ब्याज 2014 से आरोजित किये गये गये जिस पर समिति द्वारा यूपीसीडा को समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया था। इस सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा द्वारा अवगत कराया गया कि आवेदक के पक्ष में रजिस्ट्री की जा चुकी है जिस पर समिति द्वारा समस्या का समाधान हो जाने पर संतोष प्रकट किया गया।

## एक नजर

### दो शातिर वाहन चोर, बाइक सहित गिरफ्तार

**माल।** माल इटौंजा मार्ग पर शुक्रवार को वाहन चेकिंग कर रही पुलिस टीम ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो बाईक बरामद कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि माल इटौंजा मार्ग पर अमलौली गांव के पास वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध लोगों को अलग अलग बाईक से आते देख पुलिस ने रुकने का इशारा किया।दोनों वाहन मोड़ कर विपरीत दिशा में भागने लगे।पुलिस ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। दोनों के पास से चोरी की एक एक बाईक बरामद हुई है।पूंछतांछ में एक की पहचान रामनगर निवासी बालेन्द्र पुत्र महाबीर के रूप में हुई। उसके विरुद्ध चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं।दूसरे की पहचान उसी गांव के रामबहादुर पुत्र शिवपाल के रूप में हुई।दोनों ने चार दिन पूर्व कस्बा स्थित शराब ठेके के पास से पैशन प्रो तथा बीते दो जून को आलम बाग नहरिया स्थित अवध अस्पताल के पास से राइडर बाईक चोरी किये जाने की बात कबूल की है।पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

### बीमा राशि हड़पने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**सरोजनी नगर लखनऊ।** राजधानी के गोमती नगर विस्तार निवासी अमरेंद्र कुमार सिंह ने सरोजनीनगर के सनी टोयोटा कंपनी की अधिकारी अलका उपाध्याय और ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार के खिलाफ दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी की मरम्मत के लिए मिली बीमा राशि हड़पने की सरोजनीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमरेंद्र का कहना है उसकी फॉर्च्यूनर गाड़ी बीती 14 मई को उन्नाव में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसके बाद उसने मरम्मत के लिए अपनी गाड़ी सरोजनीनगर के अमौसी स्थित सनी टोयोटा कंपनी में दी। अमरेन्द्र के मुताबिक ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से गाड़ी का बीमा 13 दिसंबर 2023 को कराया था। अमरेंद्र का कहना है कि बाद में सनी टोयोटा कंपनी की अधिकारी अलका उपाध्याय से ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मरम्मत की रकम प्राप्त कर वाहन ठीक करके वापस किए जाने का अनुरोध किया। लेकिन आरोप है कि सनी टोयोटा कंपनी की अधिकारी और इंश्योरेंस कंपनी के मुख्य क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार ने मिली भगत कर पीड़ित के वाहन को मरम्मत करके अब तक वापस नहीं किया है। अमरेन्द्र का आरोप है कि दोनों अधिकारियों ने मिली भगत कर इंश्योरेंस की राशि हड़प ली है और अब पीड़ित से मरम्मत के एवज में धनराशि की मांग कर रहे हैं। फिलहाल इस मामले में सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंद मकान का ताला तोड़ कैश व जेवर के साथ लाइसेंसी रिवाल्वर किया पार

**सरोजनी नगर लखनऊ।** सरोजनीनगर में बेखौफ चोरों ने बीते दिनों एक थाना प्रभारी के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के गहने और उसका लाइसेंसी रिवाल्वर पार कर दिया। जानकारी होने के बाद पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लगा रही है। बताते हैं कि सरोजनीनगर के देवलोक कॉलोनी, स्कूटर इंडिया चौराहे के पास रहने वाले इंद्रजीत सिंह चौहान खीरी जिले के गोला थाने में थाना प्रभारी के पद पर तैनात हैं। इंद्रजीत सिंह की पत्नी अर्चना सिंह चौहान के मुताबिक बीती 18 जून को शाम करीब 4 बजे वह अपने परिवार सहित मैहर देवी शारदा माँ के दर्शन करने गए थे। जबकि घर की देखरेख व रात में रुकने के लिए अपने घर में चौका बर्तन करने वाली देवलोक कॉलोनी निवासी कांति देवी को रख गए थे। अर्चना का कहना है कि 20 जून को सुबह करीब 5 :45 बजे कांति ने सूचना दी कि बाउंड्री वाल के जरिए उनके घर में घुसकर चोरों ने रात में ताला तोड़ दिया और चोरी कर ले गए। अंदर सामान बिखरा पड़ा है। उसने बताया कि घर में अकेले होने की वजह से वह उनके घर पर सोने नहीं जा सकी। कांति ने अर्चना को यह भी बताया कि रात करीब 12 बजे उसने घर जाकर देखा था तब सब कुछ सही सलामत था। लेकिन सुबह सभी दरवाजों के ताले और तीन अलमारी के ताले टूटे होने के अलावा सारा सामान तितर बितर पड़ा मिला। बाद में घर पहुंच कर अर्चना ने जांच की तो पता चला कि करीब 1 लाख रुपये से अधिक कीमत के गहने और उनके पति इंद्रजीत सिंह की लाइसेंसी रिवाल्वर भी गायब मिली। इसके अलावा घर में लगा सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर और वाई-फाई बॉक्स भी चोर तोड़ कर उठा ले गए हैं। फिलहाल अर्चना की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लगा रही है।

### मामूली कहासुनी के बाद खाया जहर, मौत

**सरोजनी नगर लखनऊ।** बंथरा में गुरुवार शाम एक बुजुर्ग ने पोते से हुई मामूली कहासुनी के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बंथरा के बीबीपुर गांव में रहने वाले गौरी शंकर (70) खेती किसानी का काम करने के साथ ही शराब के आदी थे। गुरुवार शाम खेत जोतने को लेकर गौरीशंकर की उनके पोते रिंकू से कुछ कहा सुनी हो गई। जिससे नाराज गौरी शंकर घर से बाहर चले गए और खेत पहुंचकर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब मुंह से झाग और तेज उल्टियां होने लगी तो आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने उनकी हालत बिगड़ती देख इसकी सूचना गौरी शंकर के परिजनों को दी। सूचना के बाद पहुंचे परिजनों ने आनन फानन गौरी शंकर को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में सूचना पाकर पहुंची बंथरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में किया गया योगाभ्यास

**सरोजनी नगर ।लखनऊ।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को संत गाडगे जलाशय पार्क शारदा नगर में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजकुमार यादव के दिशा निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय तेलीबाग के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार और सरोजनीनगर के चंद्रावल स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बबीता केन की ओर से योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम अंबेडकर, मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी, शारदा नगर के पार्षद हिमांशु अंबेडकर, डॉ. अरुण गुप्ता पूर्व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, राहुल कुमार और प्रीति अंबेडकर की मौजूदगी में योग प्रशिक्षक रमाशंकर व योग प्रशिक्षिका सुमन भारती ने पार्क में मौजूद लोगों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। गंगाराम अंबेडकर ने मौजूद लोगों से शारीरिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योग करने की अपील की। पार्षद हिमांशु अंबेडकर ने पार्क में स्थाई योग स्थल बनाने का आश्वासन दिया। जिससे कि लोग यहाँ प्रतिदिन योग कर सकें। इस कार्यक्रम में करीब 150 से अधिक लोगों ने योग किया। डॉ. सुरेश कुमार ने योगासन व प्राणायाम से होने वाले लाभ व सावधानियों के विषय में बताते हुए कहा कि प्रतिदिन योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कर शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। इस कार्यक्रम में मंजेश लता, संतोषी बाला, रामरती, संजीव अग्निहोत्री, रामस्वरूप, दयावती, प्रथम वर्मा, मोक्ष, सक्षम, सिद्धि और इशिता का विशेष सहयोग रहा। उधर बिजनौर के सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र परिसर में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यहां सीआरपीएफ के उपमहानिरीक्षक शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि यदि कोई शारीरिक बीमारियों और तनाव आदि से ग्रस्त है, तो योग करने से उसकी समस्याएं दूर हो सकती हैं। उन्होंने मौजूद सभी अधिकारियों और जवानों को नियमित योग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट जितेंद्र कुमार ओझा और द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार तिवारी सहित सभी सीआरपीएफ अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब सरोजनीनगर व तारा शक्ति केन्द्र द्वारा योग शिविर आयोजित

**सरोजनी नगर लखनऊ।** प्रेस क्लब सरोजनीनगर एवं ताराशक्ति केन्द्र द्वारा शुक्रवार को सरोजनीनगर की देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राज किशोर पासी ने कहा कि योग से बीमारियों को दूरकर खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। योग से नैतिकता का विकास होता है और शाश्वत मूल्यों को विकसित किया जा सकता है। यदि शरीर और मन को स्वस्थ रखना है तो हमें योग की शरण में जाना होगा। इस मौके पर क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पाण्डेय ने कहा कि ब्रह्मांड पांच तत्वों से मिलकर बना है। वायु, जल, अग्नि, आकाश और पृथ्वी। पांचों तत्वों में से किसी भी तत्व की कमी या अधिकता जीवन को असंतुलित कर देती है और यह प्रभाव विनाश की ओर ले जाता है। उपाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि कई प्रकार के विकार और रोग शरीर में उत्पन्न हो सकते हैं । इसे हम योग के माध्यम से दूर कर सकते हैं। जबकि महामंत्री राकेश यादव ने कहा कि 72 हजार नाड़ियों को संतुलित करने के लिए योग को विज्ञान से जोड़ा गया है। योग से केवल शारीरिक व्यायाम नहीं होता, बल्कि योग इससे भी ऊपर है। सचिव राम बाबू सोनी एवं कोषाध्यक्ष आसिफ खान ने कहा कि मन के विकारों को दूर करने का योग महत्वपूर्ण साधन है। योग वेदों से लिया गया है, प्राचीन ऋषियों - मुनियों के द्वारा योग को अपनाया गया है। मीडिया प्रभारी पवन तिवारी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग स्वयं के द्वारा ज्ञान प्राप्त करना है। मात्र प्रदर्शन की वस्तु नहीं है। हमारे अंदर की नकारात्मकता को सकारात्मकता में योग के माध्यम से परिवर्तित कर सकते हैं। इस मौके पर अनवर कुरेशी, मुकेश रावत, इदरीश खान, इंद्रेश यादव, रेहान खान, सुरेन्द्र यादव और मिथलेश रावत सहित संगठन के कई अन्य पत्रकार भी मौजूद रहे।उधर बंथरा के लोनहा स्थित विवेकानंद शिक्षा संस्थान में भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया।

## एक नजर

### ईनामिया लुटेरा गिरफ्तार, जेवरात और तमंचा बरामद

**बाराबंकी।** स्वाट, सर्विलांस व थाना बड्डूपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा के आधार पर धारा 394 भादवि में वांछित 20 हज़ार रूपये का इनामिया अभियुक्त व लुटेरा नरेन्द्र लोनिया पुत्र जगदीश निवासी बेहटा छावनी थाना महमूदाबाद जिला सीतापुर को ग्राम निजामपुर के पास से गिरफ्तार किया। कब्जे से भारी मात्रा में लूटे गए सोने-चांदी के जेवरात, 860 रूपये नकद व एक अदद अवैध तमंचा .12 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर बरामद कर थाना बड्डूपुर पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी मुताबिक, अभियुक्त नरेन्द्र लोनिया का एक गैंग है। जो लूट की घटनाएं कारित करता है। इसने अपने अन्य साथियों के साथ बीती 29 जनवरी को थाना बड्डूपुर क्षेत्र अन्तर्गत स्थित ज्वैलरी की दुकान बन्द कर वापस घर जा रहे मनोज उर्फ नरेन्द्र को डफरपुर चौराहा के पास मोटरसाइकिल में लात मारकर गिरा दिया। मारपीट कर आभूषण से भरा बैग छीन कर भाग गये। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल लखनऊ से चोरी की गयी थी। नम्बर प्लेट बदल-बदलकर चलते थे।

### गुमशुदा बच्चा बरामद

**बाराबंकी।** शुक्रवार को कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत नई बस्ती पीरबटावन थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी में पांच वर्षीय बच्चे के अपने घर के बाहर से गुम हो जाने की सूचना पर तत्काल कार्यवायी करते हुए थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चे की बरामदगी हेतु अथक प्रयास कर पांच घण्टे के अन्दर बच्चे को बरामद कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### सभासद पद के लिए पर्चा दाखिल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत टिकैतनगर के वार्ड नम्बर 9 के रिक्त सभासद पद हेतु शुक्रवार को विजय कुमार व धर्मराज ने नामांकन पत्र खरीदा। विजय कुमार ने अपने प्रस्तावक प्रमोद कुमार व समर्थक अभिषेक के साथ तहसील के आरओ कक्ष में पंहुच कर पर्चा दाखिल किया।

### सभाकक्ष का लोकार्पण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** एएसपी (उत्तरी) सीएन सिन्हा ने कोतवाली बदोसराय परिसर में बने सभा कक्ष का लोकार्पण किया। इस मौके पर रामनगर सीओ आलोक पाठक, कोतवाली प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव, थानाध्यक्ष रामनगर, थानाध्यक्ष मसौली, एसआई लालता प्रसाद, सन्दीप कुमार, सुशील कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### शक्कर में यूरिया मिलाने का आरोप, जांच शुरू

**रामनगर, बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम नहामऊ में कोटेदार घनश्याम गुप्ता सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाते हैं। ग्रामीणों ने कोटेदार पर शक्कर में यूरिया खाद मिलाने का आरोप लगाया है। उर्वरक मिली चीनी के सेवन से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। गंभीर समस्या हो सकती है। कार्डधारकों ने कोटेदार का जमकर विरोध किया। कार्डधारकों का कहना है कि, कोटेदार की मनमानी चरम पर है। शक्कर में यूरिया खाद मिलाकर वह हम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। कोटेदार के विरुद्ध कार्डधारक सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी ने कहा कि, मामला उनके संज्ञान में आया है। पूर्ति निरीक्षक को मौके पर भेजा गया है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट में दो पर मुकदमा

**बनीकोडर, बाराबंकी।** कोतवाली रामसनेहीघाट के ग्राम ईश्वरीगंज मजरे सनौली निवासी अशर्फी लाल पुत्र राम लखन ने गांव के ही शिवानी पुत्री रामप्रकाश, सुनीता पत्नी राम प्रकाश पर मारपीट का आरोप लगाया। मारपीट में पत्नी गीता, शांति पत्नी श्रवण, श्रवण पुत्र अशर्फी को चोटें आईं। पुलिस ने दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### तमंचा बरामद

**रामनगर बाराबंकी।** रामनगर पुलिस ने एक अभियुक्त सुमानी पुत्र कल्लू निवासी सुल्तानपुर थाना रामनगर को तमंचे सहित गिरफ्तार किया गया।जिसके पास से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

### पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कुरारा-हमीरपुर।** घर के बाहर खड़ी महिला को शराब के नशे में गाली गलौज करने की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। कुरारा थाना क्षेत्र के रिठौरा गांव निवासिनी महिला राजरानी पत्नी कालका प्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि बीते 14 जून को मैं अपने घर के दरवाजे में खड़ी थी। तभी गांव के ही रामनरेश कोरी पुत्र श्रीचंद्र व दिलीप पुत्र रामकेश चमार आये और मुझे गालियां देने लगे। जब गालियां देने से मना किया। तो मेरे साथ मारपीट करने लगे। जब मैंने शोर मचाना शुरू किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनो लोगो के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### धूमधाम से मना योग दिवस

**हमीरपुर।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय हमीरपुर में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। उक्त कार्यकम में जनपद न्यायाधीश एवं योग गुरू श्याम बिहारी द्वारा विभिन्न आसानों का अभ्यास कराया गया एवं इनसे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अधिकारीगण विशेष न्यायाधीश एससी./एसटी एक्ट, विशेष न्यायाधीश दप्रक्षे. अनिल कुमार खरवार, अपर जिला जज गीतांजलि गर्ग, विशेष न्यायाधीश पांक्सो एक्ट कीर्ती माला सिंह व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### ई-रिक्शा पलटने से महिला घायल

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** घाटमपुर से कस्बे में कबाड़ बीनने आई महिला ई रिक्शा में कबाड़ लादकर वापस जाते समय रिक्शा पलट जाने से घायल हो गई। इसको उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घाटमपुर निवासी मन्ता 40 वर्ष कस्बे में कबाड़ बीनने आई थी। दोपहर बाद ई-रिक्शा में कबाड़ भरकर वापस घाटमपुर लौट रही थी। बस स्टैंड के समीप ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में मन्ता को गंभीर चोटें लगी हैं। इसको उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार है।

### बीमारी से युवक की मौत

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के पुनाहुर गांव निवासी 30 वर्षीय रामबाबू पुत्र भैरम प्रसाद की गुरूवार की शाम अचानक हालत खराब हो गई। घरवालो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया।

# जमीन अधिग्रहण के विरोध में पानी की टंकी पर चढ़े किसान

## तपती धूप में 7 घंटे चला प्रदर्शन, योग छोड़ दौड़े अफसर, अधिग्रहण निरस्तीकरण पर बनी सहमति

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** जमीन अधिग्रहण के विरोध में शहर से सटे राजापुर गांव के किसान विलोबी हॉल के पास पानी की टंकी पर चढ़े गए। सात घंटे तक हंगामा चला। सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह और आवास विकास परिषद के एक्सईएन उमानाथ शुक्ला ने काफी मान मनौव्वल की। अधिग्रहण प्रोजेक्ट निरस्त करने की बात पर सहमति बनी और किसान टंकी से नीचे उतरे।



शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे गांव राजापुर के 70 से अधिक किसान विलोबी हॉल के सामने ओवरहेड टैंक के पास पहुंचे। 20 से अधिक किसान टंकी के ऊपर चढ़ गए और बाकी नीचे बैठकर विरोध-प्रदर्शन करने लगे। किसानों का कहना था कि वर्ष 2010 के आवास विकास परिषद के प्रोजेक्ट में उनकी जमीन का गलत तरीके से अधिग्रहण किया जा रहा है। करीब 14 वर्षों से समस्या के समाधान के लिए दौड़ रहे किसान उस समय भड़क गए, जब जमीन की खतौनी पर आवास विकास परिषद का नाम दर्ज हो गया। किसान टंकी परिसर में जमा हुए और कई किसान टंकी पर चढ़ गए।

किसान के प्रदर्शन का पता चला तो राजापुर मंडी में योगाभ्यास छोड़कर अफसर पहुंचे। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ रमेश तिवारी, कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह और अन्य अधिकारी किसानों को मनाने में जुटे। आनन-फानन आवास विकास परिषद के अधिकारियों से संपर्क किया गया। दोपहर 12 बजे के बाद सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एक्सईएन आवास विकास पहुंचे। किसानों से वार्ता शुरू हुई।

मुआवजा बढ़ाने की बात भी कही गई, लेकिन किसान राजी नहीं हुए। प्रोजेक्ट निरस्तीकरण की मांग पर अड़े रहे। बाद में अधिकारियों ने प्रोजेक्ट निरस्तीकरण की प्रक्रिया और अगले सप्ताह सभी किसानों को अलग-अलग प्रत्यावेदन देने की बात पर राजी कर लिया। इन प्रत्यावेदन को आवास विकास परिषद बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। दोपहर 2:30 बजे सभी किसान टंकी से नीचे उतर आए। किसानों के नीचे आने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

> किसानों की मांग है कि उनकी जमीनें छोड़ी जाएं। किसान बुधवार को अलग-अलग प्रत्यावेदन देंगे। प्रत्यावेदन को बोर्ड के सामने रखा जाएगा। किसानों के हित में निर्णय कराने का प्रयास किया जाएगा। योजना 2010 में बनी थी। 2017 में शासन से स्वीकृति मिली। वर्ष 2020 में लागू हुई है।
>
> **- उमानाथ शुक्ला, अधिशाषी अभियंता, आवास एवं विकास परिषद**

> किसानों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण से वह भूमिहीन हो जाएंगे। इसको लेकर प्रत्येक किसान से अलग-अलग आवेदन लिया जाएगा। जिसे आवास विकास परिषद बोर्ड में रखा जाएगा। किसानों के हित में जो भी होगा कराया जाएगा। किसानों के पांच सदस्यीय दल ने आवास आयुक्त से मुलाकात की बात भी कही है।
>
> **- अनिल कुमार सिंह प्रभारी डीएम/ सीडीओ**

**यह है पूरा मामला**

वर्ष 2010 में आवास विकास परिषद ने राजापुर- एलआरपी मार्ग प्रोजेक्ट के लिए गृहस्थान योजना के तहत किसानों की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया। इस प्रोजेक्ट में 117 हेक्टेयर (करीब 317 एकड़) जमीन की आवश्यकता थी। दर का निर्धारण 17.91 रुपये वर्ग फुट तय किया गया। प्रोजेक्ट की शुरुआत से किसान नाराज थे। जमीन देने का विरोध किया और जिला स्तरीय अधिकारियों, आवास विकास परिषद के अधिकारियों से शिकायत की, मगर कहीं सुनवाई नहीं हुई।

# आदेश के बावजूद स्कूल में नहीं मनाया गया योग दिवस?

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** आपने एक कहावत सुनी होगी, 'हर्र लगे न फिटकरी, रंग चोखा।' यह कहावत जिला बाराबंकी के परिषदीय विद्यालय में चरितार्थ हुई।

> » समारोहपूर्वक योग दिवस मनाने का आदेश भी, अवकाश भी?

ब्लॉक निन्दूरा क्षेत्र के एक परिषदीय विद्यालय में ना तो शिक्षक योग कराने पहुंचे, ना ही बच्चों में मिठाई बांटी गई। लेकिन, बीईओ को बाकायदा योग कराते हुये फोटो भेज दी गईं। सोने पर सुहागा देखिये, जिस जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय ने जिले के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को पत्रांक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस/बे.शि./1917-21/2024-25 दिनांक 20 जून 2024 को हस्ताक्षर कर पत्र जारी किया, उन्हीं बीएसए ने फोन पर वार्ता दौरान अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन अवकाश होने और आगामी 25 जून को विद्यालय खुलने की बात कही। जबकि, पत्र में समस्त विद्यालयों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जाने, बच्चों में फलों एवं मिठाई का वितरण करने, समयबद्धता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने एवं योगाभ्यास से सम्बन्धित फोटो को आयुष कवच एप पर अपलोड करने के स्पष्ट निर्देश सभी बीईओ को दिये गये थे। इसका राजफाश तब हुआ, जब एक स्थानीय निवासी विद्यालय में विश्व योग दिवस के बारे में जानने पहुंचे। दरअसल, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुनीमपुर बरतरा में कोई शिक्षक ही नहीं पहुंचा। मुनीमपुर निवासी सेना के जवान प्रदीप बाबू यादव शुक्रवार को योग करने के लिए आठ बजे विद्यालय पहुंचे। उन्हें पता चला कि, शिक्षक आये ही नहीं हैं। विद्यालय में उस समय केवल बच्चे और रसोइया मौजूद थे। इस पर प्रदीप बाबू ने बीएसए श्री पाण्डेय को फोन किया। प्रदीप बाबू यादव के अनुसार, बीएसए ने कहा कि, मैं संज्ञान लेता हूं। जब इस बारे में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि, शिक्षक सात बजे से साढ़े सात बजे तक योग करके चले गये होंगे। बीईओ के कथन के बाद पुनः बीएसए से बात की गई। उनसे बताया गया कि, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुनीमपुर बरतरा में योग दिवस पर कोई अध्यापक नहीं आये। इस पर बीएसए बोले, चलिए ठीक है। कोई बात नहीं। अभी छुट्टी चल रही है ना। 25 जून को स्कूल खुलेगा। जहां रहे होंगे, वहां किये होंगे। इस पर बीएसए से सवाल किया गया कि, क्या स्कूल में योग नहीं होना था? इस पर बीएसए ने कहा कि, अभी छुट्टी है 24 तक गर्मी की। बता तो रहा हूं। इसी बीच, एक खेल और हुआ। वह हुआ फोटो का खेल। दरअसल, बीईओ को योग कराते हुये फोटो भी भेजी गईं। लेकिन, सूत्रों की माने तो, जब इन फोटो पर ध्यान दिया गया तो यह उक्त स्थान पर एक वर्ष पूर्व की फोटो निकलीं। यानी पूर्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुये योगाभ्यास के फोटो शिक्षक द्वारा भेजे गये। उन फोटो में बाकायदा घास दिख रही है। जबकि, वर्तमान में वहां घास ही नहीं है। इस फोटो की सच्चाई को जानने का प्रयास किया गया। फोटो में दिख रहे एक व्यक्ति से जब इस बाबत पूछा गया कि, क्या शुक्रवार 21 जून 2024 को पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुनीमपुर बरतरा में योगाभ्यास में आप उपस्थित थे? उसने जवाब दिया कि, नहीं, मैं मौजूद नहीं था। पिछले वर्ष मौजूद था। इस प्रकरण के संदर्भ में बीईओ द्वारा मामले की जांच कराने की बात कही गई।

# ब्रेकडाउन से बिजली, पानी को तरसे लोग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**निन्दूरा, बाराबंकी।** कुर्सी विद्युत उपकेंद्र में 33 केवीए के दो फीडर होने के बाद भी उपकेंद्र से जुड़े सैकड़ों गांवों को भीषण गर्मी में बिजली नहीं मिल पा रही है। लोग बेहाल हैं। चंदौली पावर हाउस से कुर्सी उपकेंद्र को आई 33 केवीए लाइन ओवरलोड के चलते कई बार ब्रेक डाउन हो रही है। लखनऊ के पैगरामऊ से आई 33 केवीए लाइन लगातार ब्रेकडाउन होने के चलते पिछले दो दिनों से ग्रामीणों को बिजली प्रतिदिन मात्र आठ घंटे से कम मिल पा रही है। बुधवार रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। गुरूवार देर शाम करीब नौ बजे से 33 केवीए लाइन ब्रेकडाउन होने के चलते सैकड़ो गांवों को रात भर बिजली नहीं मिल सकी। सुबह लोग पानी के लिए तरसते नजर आये। गुरूवार शाम 33 केवीए लाइन ब्रेकडाउन होने से पूरी रात कुर्सी उपकेंद्र को लाइट नहीं मिल सकी। जिसके चलते उपकेंद्र से जुड़े घुंघटेर, रामपुर, पिंडसावा, बुढ़ना, हाजीपुर, अनवारी, अमरसण्डा, रीवा सीवा, अगासण्ड, बैनाटीकरहार, बबुरी गांव, गांधीनगर, खेवली, मोहसण्ड, चकिया, खरिहानी, फिरोज़पुर, शंकरपुर, बलवंतपुर, अंबरपुर, शिवपुरी, महमूदाबाद, कोना गांव, इब्राहिमपुर खुर्द, खेरिया, कैमा रसूलपुर, धरसण्डा, जरूवा, बख्तावर नगर, पीरा नगर, रहीमाबाद, पहाड़पुर बेडहा पुरवा आदि सैकड़ो गांव की विद्युत व्यवस्था रात भर बाधित रही। शुक्रवार सुबह लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरसते नजर आये। इस संबंध में जेई विकास शुक्ला से फोन द्वारा संपर्क करने की कोशिश की गई।

# अधिवक्ताओं ने जारी रखी दूसरे दिन भी हड़ताल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** साक्ष्य, दंड विधान को परिवर्तित कर पुनर्स्थापित करने के विरोध में पूरे बुंदेलखंड में चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल के समर्थन में अधिवक्ताओं ने अतर्रा में दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहकर किया समर्थन। वादकारी अगली तारीख लेकर घर लौटने को हुए मजबूर।

भारतीय दंड संहिता वह दंड संहिता साथ ही दंड प्रक्रिया मे परिवर्तन के बाद 1 जुलाई से तीनों कानून के प्रभावित होकर लागू करने के विरोध में अधिवक्ता लगातार हड़ताल पर चल रहे हैं शुक्रवार को बुंदेलखंड के अधिवक्ताओं के सामूहिक हड़ताल के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में न्यायिक कार्य से विरत रहकर तीनों कानून में हुए परिवर्तन पर आक्रोश जताया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि अपरिपक्व लोगों ने कानून को परिवर्तित किया है जो उचित नहीं है और न्याय संगत भी नहीं है जिसको लेकर संघर्ष जारी रहेगा अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने उक्त परिवर्तन को कहा है कि उचित नहीं है हड़ताल के दौरान अधिवक्ता संघ के महासचिव राजेंद्र जाटव अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष अरविंद पांडे, सूरज बाजपेई, सुशील गुप्ता, राज ललन गर्ग, राजेंद्र गुप्ता, श्याम बाबू गुप्ता, मनोज द्विवेदी, राम प्रकाश यादव, नंदकिशोर कुशवाहा आदि ने हड़ताल का समर्थन किया। वहीं दूसरे गुटके भी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे अनपत सैनी ने हड़ताल का समर्थन कर अधिवक्ताओं की लड़ाई को जायज ठहराया है।

### हत्या के तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर थाना जलालपुर में असं. 102/2018 धारा 302 भादसं. में अभियुक्तगण आशीष यादव पुत्र बिन्द्रावन, बिन्द्रावन पुत्र चिरंजीलाल निवासीगण टाई थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर व मंगल कोरी पुत्र जमुना कोरी निवासी बीलपुर थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग 28 सितम्बर 2018 को पंजीकृत किया गया। जनपद हमीरपुर के आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित सनसनीखेज प्रकरण के अभियोग मे अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप आज न्यायालय दप्रक्षे. हमीरपुर द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त प्रत्येक को दोषसिद्ध पाते हुये प्रत्येक को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# कचहरी परिसर में पेड़ काटते समय करंट लगने से मजदूर की मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** कचहरी परिसर में शुक्रवार को पेड़ काटते समय एक मजदूर करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी पेड़ से नीचे गिरकर मौत हो गई। वह अपने पिता-भाई व अन्य चार मजदूरों के साथ आया था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

परिवार वालों ने कचहरी परिसर में शव रख दिया और बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा दिलाए जाने की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंचे सीडीओ ने परिवार वालों को ढांढस बंधाया और उन्हें मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना फरधान के गांव मनिकापुर निवासी मटरू ने बताया कि गांव रुकंदीपुर निवासी ठेकेदार कचहरी में पेड़ कटवाने के लिए उन्हें लेकर आया था। उनके साथ उनके दो पुत्र संजय कंजड़ और अक्षय लाल के साथ ही थाना खीरी के गांव हरदासपुर निवासी राजकुमार, विनोद, मनिकापुर निवासी जयलाल भी थे।

अधिवक्ता चैंबर के पास उनका बड़ा बेटा संजय कंजड़ (25) पेड़ पर चढ़ गया और उसे काटने लगा। इसी बीच पड़ोस से निकली बिजली लाइन की चपेट में आने से उसे करंट लगा, जिससे वह नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ जुट गई।

मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिवार की तमाम महिलाएं कचहरी पहुंच गईं और वहीं शव रखकर विलाप करने लगी। परिवार के लोग बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप मुआवजा दिलाए जाने की मांग करने लगे।

सूचना पर पहुंचे सीडीओ अनिल सिंह ने परिवार वालों को समझा बुझाकर शांत कराया और उन्हें हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग माने।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि पेड़ काटने के दौरान हादसा हुआ है, जिसमें मजदूर की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# बाराबंकी में उत्साह के साथ मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समूचे जनपद में धूमधाम से मनाया गया। सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों द्वारा पूर्ण मनोयोग से विभिन्न जगहों पर योग दिवस मनाया गया। साल 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों ने अनुलोम-विलोम, प्राणायाम एवं अन्य आसनों का अभ्यास किया।



नगर के जीआईसी ऑडिटोरियम में प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेष निषाद, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास प्रमुख सचिव वीना कुमारी, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी ए. सुदन, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह सहित विभिन्न जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। योगाभ्यास योग प्रशिक्षक सुशील कुमार अवस्थी ने करवाया। जिलाधिकारी श्री झा ने कहा कि, नियमित योगाभ्यास से शरीर ऊर्जावान एवं मस्तिष्क शांत रहता है। शरीर में स्फूर्ति एवं ताजगी बनी रहती है। कार्यकुशलता की क्षमता का विकास होता है। विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाव होता है। जनपद न्यायालय में जिला जज दिनेश चन्द की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व न्यायिक कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन योग प्रशिक्षक कमल किशोर श्रीवास्तव ने किया। योग प्रशिक्षक ने बताया कि मन को शांत रखने के लिए योग से बढ़कर कुछ नहीं है। योग शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। योग गंभीर से गंभीर बीमारियों से हमारा बचाव करने में मददगार होता है।

नगर के कमला नेहरू पार्क में सुबह साढ़े पांच बजे भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित योग शिविर में शहर के विभिन्न मोहल्लों से सैकड़ों पुरूष एवं महिलाएं सम्मिलित हुईं। मां शारदे की पूजा अर्चना के बाद शिविर में लोगों को योग के विभिन्न आसन एवं प्राणायाम कराये गये। इस दौरान प्रख्यात पर्यावरण प्रेमी धर्मेन्द्र कुमार शुक्ल, सुनीत अवस्थी, अतुल दुबे, घनश्याम मौर्या, आरडी पाण्डेय, इन्द्रराज वर्मा, मनीष गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, मोनू सिंह, शैफाली, रूपाली, रत्ना रस्तोगी, अवधेश द्विवेदी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में, रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में समस्त पुलिसकर्मियों ने मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक ने मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित रूप से योग करने हेतु प्रेरित किया। जिले के समस्त थानों में पुलिसकर्मियों ने योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

# एक साथ घर से भागे प्रेमी जोड़े, शारदा नदी में लगाई छलांग, युवक का शव बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खेरी।** निघासन में एक ही गांव से एक साथ भागे प्रेमी युगल ने लखीमपुर खीरी की सीमा पर बहराइच जिले में स्थित घाघरा बैराज पहुंच गए और दोनों ने एक साथ नदी में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने युवक का शव बरामद कर लिया, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका है। शव बरामद होने से मृतक के घर में चीख पुकार मची हुई है।

पढुआ थाना क्षेत्र के गांव ढखेरवा निवासी सरोज अवस्थी के पुत्र अभिषेक अवस्थी (20) का पड़ोस के ही भारत भार्गव की पुत्री पूजा भार्गव (19) के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार सुबह अभिषेक अपनी बाइक से पूजा को लेकर गांव से भाग निकला। गुरुवार को दोनों लखीमपुर-खीरी व बहराइच जिले की सीमा पर बहराइच के थाना सुजौली क्षेत्र में स्थित घाघरा बैराज से छलांग लगा दी। इससे वहां हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को नदी में उतारकर तलाश कराई तो बैराज के निकट ठोकर बांध के पास अभिषेक अवस्थी का शव नदी से बरामद हुआ। शव बरामद होने के स्थान से कुछ दूरी पर तलाश कर रहे गोताखोरों को पूजा का दुपट्टा भी मिला है। घटनास्थल से बाइक भी बरामद हुई है।

बाइक की डिग्गी से लड्डुओं के प्रसाद का डिब्बा मिला है। इससे परिजन अनुमान लगा रहे हैं कि युवक युवती घर से गायब होने के बाद पहले शारदा नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर गए, जहां दोनों ने प्रसाद चढ़ाया। इसके बाद किसी डर से वापस घर न आकर ढखेरवा होते घाघरा बैराज पहुंचे और घाघरा नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।

### कुसंग जीवन के समस्त पुण्य को पाप में बदल देता है

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के ढ़गिवस गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। कथाव्यास प्रयागराज से पधारे आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का लीलावतार धर्म के अनुपालन कराए जाने के लिए हुआ। उन्होने श्रद्धालुओं को बताया कि श्रीमदभागवत महापुराण की कथा जीवन को संस्कारित परिवेश प्रदान करने वाली अमृत गंगा है। उन्होनें कहा कि मनुष्य को कुसंग से बचना चाहिए। कुसंग क्षण भर में जीवन को नष्ट कर देने की घातकता का श्राप है। कथा में श्रद्धालुओं ने श्रीद्वारिकाधीश के नाम जाप के साथ व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संयोजक निर्मला पाण्डेय व रामप्रताप पाण्डेय ने कथाव्यास आचार्य देवव्रत जी का श्रद्धालुओं की ओर से सम्मान किया। इस मौके पर प्रभाशंकर शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रज्जन मिश्र, रामकुमार पाण्डेय आदि रहे।

**योगा-डे** | दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : ठहाकों से गूंजा गगन, योगमय हुआ मंडी परिसर

# उत्साह, उमंग, उल्लास से मना योग दिवस, जिलेभर में हुए कार्यक्रम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को जिले में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ ?योग स्वयं एवं समाज के लिए थीम पर दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला मुख्यालय पर कृषि उत्पादन मंडी समिति में बड़ी तादात में लोग शामिल हुए। इसी के साथ तहसील, ब्लाक व विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों में भी योग दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया।

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार परिवहन विभाग दयाशंकर सिंह, जनपदीय नोडल अधिकारी महानिदेशक (चिकित्सा शिक्षा) किंजल सिंह, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी राममोहन गुप्ता ने किया।

परिवहन मंत्री ने नोडल अधिकारी, विधायक, डीएम-एसपी के साथ योग गतिविधियों से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू और उसके अन्य उत्पादों से परहेज करने का संकल्प लिया। यह एक ऐसा मौका था, जब जनप्रतिनिधि, जिले भर के अधिकारी और आम नागरिकों ने एक साथ योगाभ्यास किया। इसमें जनपद के कुशल योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने सामूहिक प्रार्थना के बाद कॉमन योग प्रोटोकॉल की ग्रीवा शक्ति, शक्ति एवं घुटना शक्ति विकासक क्रियाओं, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन एवं सवासन सहित कपालभाति नाड़ी शोधन प्राणायाम शीतली प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराते हुए प्रतिदिन योगाभ्यास का संकल्प दिलाया। शांति पाठ के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा के निर्देशन में योग प्रशिक्षक अमित कुमार व प्रिंस रंजन ने इन योगासन और प्राणायम का अभ्यास उपस्थित साधकों को कराया। साथ ही इन योगासनों के शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों और निरोगीकाया के लिए इनके महत्व को रेखांकित किया।



### योग से तन और मन रहता स्वस्थ : परिवहन मंत्री

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन विभाग दयाशंकर सिंह ने कहा कि आज हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दशम संस्करण को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मना रहे हैं। लखीमपुर जनपद में हम सब लोगों ने बहुत ही उत्साह के साथ इस योग दिवस में हिस्सा लिया। आज दुनियाभर में करोड़ों लोग 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' पर एक साथ योग कर रहे हैं। योग से तन और मन स्वस्थ रहता है इसलिए इसका नियमित अभ्यास जरूरी है। योग भारत की ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार है, जो मानसिक और आध्यात्मिक उन्नयन के साथ शरीर को भी स्वस्थ रखता है. आइए, 'स्वस्थ भारत, सशक्त भारत' के निर्माण के लिए नियमित रूप से योग करने व अन्य लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लें।

### चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार, उपकरण बरामद

**बाराबंकी।** थाना सुबेहा पुलिस ने मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर चोरी की योजना बना रहे दो शातिर चोर शिवकुमार उर्फ ननकऊ रावत पुत्र ठुन्नी निवासी देवनपुरवा मजरे अमरबल क्रिसिया थाना सुबेहा और दुर्गा प्रसाद उर्फ छोटकऊ पुत्र हीरालाल निवासी भटगंवा थाना सुबेहा को रतौली अण्डर पास के पास से गिरफ्तार किया।

कब्जे से घटना में प्रयुक्त तीन अदद पकड़, एक अदद हथौड़ी व चोरी के चार हज़ार रूपये नगद बरामद कर धारा 401 भादवि पंजीकृत किया। पुलिस मुताबिक, इनका एक गैंग है। चोरी की घटनाएं कारित करते है। पूछताछ में बताया कि, बधवा अण्डर पास के पास बनी दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए रतौली अण्डर पास के पास योजना बना रहे थे।

## संपादकीय

# कनाडा का दोहरापन

**इटली** में जी 7 देशों की बैठक के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि खालिस्तानी उग्रवादियों और उनकी आपत्तिजनक गतिविधियों को संरक्षण देने वाले कनाडा के रवैये में अब कुछ बदलाव आयेगा। लेकिन खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप निज्जर के लिए कनाडा की संसद में एक मिनट का मौन रखे जाने की घटना से साफ हो गया है कि भविष्य में कनाडा अपना यह दोहरापन छोड़ने वाला नहीं है। इस घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कह दिया है कि भारत सरकार स्वाभाविक रूप से उग्रवाद और हिंसा की वकालत को राजनीतिक स्थान देने वाले किसी भी कदम का विरोध करेगी। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत ने दिल्ली में कनाडाई उच्च वाणिज्य दूतावास के समक्ष इस पर विरोध जताया था और उचित कार्रवाई के लिए कहा था। खालिस्तानी आतंकवाद पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने एक बार फिर कहा है कि खालिस्तानी गतिविधियां हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। हम बार–बार कनाडा सरकार से कार्रवाई करने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि चरमपंथी भारत विरोधी तत्वों और हिंसा की वकालत करने वालों को प्रदान की जाने वाली राजनीतिक जगह बंद होनी चाहिए और उन्हें कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने यहां कनाडाई उच्चायोग में कड़ा विरोध जताया है। ऐसी अदालतें या सभाएं बिल्कुल भी सहायक नहीं होतीं। हमने इसे दृढ़ता से उनके समक्ष उठाया है और उनसे मामले में उचित कार्रवाई करने को कहा है। कनाडा की संसद द्वारा हरदीप निज्जर की स्मृति में एक मिनट का मौन रखने पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अतिवाद को राजनीतिक जगह देने के किसी भी कदम का विरोध करते हैं। निज्जर भारत में खालिस्तानी टाइगर फोर्स, जो इस देश में एक नामित आतंकवादी समूह है, का मास्टरमाइंड होने के कारण वांछित था। पिछले साल जुलाई में आतंकवाद विरोधी एजेंसी एनआईए ने पंजाब के जालंधर में एक हिंदू पुजारी की हत्या के मामले में निज्जर को पकड़ने के लिए 10 लाख के नकद ईनाम की घोषणा की थी। निज्जर 2007 में पंजाब के एक सिनेमाघर में हुए बम विस्फोट का भी आरोपी है। उसकी हत्या पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि कनाडाई नागरिक निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे। लेकिन भारत ने कनाडा के आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और उन्हें बेतुका और प्रेरित बताया था और कहा था कि जस्टिन ट्रूडो ने अभी तक अपने दावे के समर्थन में किसी भी प्रकार का सबूत पेश नहीं किया है। इस बीच भारत ने गुरुवार को वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा तथाकथित नागरिक अदालत आयोजित करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाने पर कनाडा के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। कनाडाई उच्चायोग को एक राजनयिक नोट जारी करते हुए भारत ने खालिस्तानी तत्वों द्वारा की गई नवीनतम कार्रवाइयों पर अपनी गंभीर आपत्ति व्यक्त की। नोट में भारत ने उच्चायोग को जस्टिन ट्रूडो सरकार द्वारा कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादियों को दी जा रही राजनीतिक जगह पर अपनी आपत्ति से अवगत कराया। भारत का यह विरोध कनाडा की संसद द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की याद में एक मिनट का मौन रखे जाने के एक दिन बाद आया जिसे पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मार दी गई थी। गौरतलब है कि 14 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष ट्रूडो ने इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान एक संक्षिप्त बातचीत की। यह बातचीत भारत–कनाडा संबंधों में गंभीर तनाव की पृष्ठभूमि में हुई थी। भारत यह कहता रहा है कि दोनों देशों के बीच मुख्य मुद्दा यह है कि कनाडा अपनी धरती से संचालित खालिस्तान समर्थक तत्वों को बेखौफ जगह दे रहा है। दरअसल, कनाडा के साथ भारत का मुख्य मुद्दा उसके द्वारा चरमपंथ और हिंसा की वकालत करने वाले भारत विरोधी तत्वों को राजनीतिक स्थान प्रदान करना है। नई दिल्ली को अब भी उम्मीद है कि कनाडा उन तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

## कटाक्ष
हसन जैदी



# मोदी के दौरे से खुलेगा कश्मीर की तरक्की का मार्ग


अशोक भाटिया

जिस कश्मीर में पहले आतंकवाद फैला हुआ था और लाल चौक पर तिरंगा फहराना भी आसान नहीं था, आज प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को 21 जून (शुक्रवार) को श्रीनगर में मना रहे हैं। इस दौरान वह सभा को संबोधित करने के अलावा एक योग सत्र कार्यक्रम में भी भाग ले रहे हैं। योग के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना (जेकेसीआईपी) लॉन्च करने के बाद प्रधानमंत्री 21 जून को सुबह लगभग 6:30 बजे श्रीनगर के एसकेआईसीसी में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। वह इस अवसर पर सभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अनुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री का यहां होना पूरी कश्मीर घाटी के लिए सम्मान की बात है। वह 21 जून को डल झील के किनारे 7,000 से अधिक लोगों के साथ योग करेंगे।'

इस वर्ष का योग दिवस कार्यक्रम युवा मन और शरीर पर योग के गहरे प्रभाव को रेखांकित करता है। इस उत्सव का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने, योग के अभ्यास में हजारों लोगों को एकजुट करना है। 2015 से, प्रधान मंत्री मोदी ने दिल्ली, चंडीगढ़, देहरादून, रांची, लखनऊ, मैसूर और यहां तक कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में कर्तव्य पथ सहित विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) समारोह का नेतृत्व किया है। इस वर्ष की थीम स्वयं और समाज के लिए योग व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में दोहरी भूमिका पर प्रकाश डालती है। यह आयोजन जमीनी स्तर पर भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रसार को प्रोत्साहित करेगा। बयान में कहा गया है कि 20 जून को होने वाला कार्यक्रम- 'युवाओं को सशक्त बनाना, जम्मू-कश्मीर को बदलना'- क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था जो प्रगति को प्रदर्शित करता है और युवा उपलब्धि हासिल करने वालों को प्रेरणा प्रदान करता है।

गौरतलब है कि 10 साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था और पिछले साल न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पीएम मोदी के नेतृत्व में योग के वैश्विक उत्सव का नेतृत्व किया गया था। आपको बता दें कि इस वर्ष प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू और कश्मीर में रहना और उस समय डल झील के तट पर एक योग कार्यक्रम का नेतृत्व करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक पॉजिटिव मैसेज होगा। इसके अलावा इस यात्रा से जम्मू क्षेत्र में सिलसिलेवार आतंकी हमलों के बाद व्यापक चिंता को संतुलित करने की भी उम्मीद है। आपको बता दें कि आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद आतंकवादियों की प्रतिक्रिया और कश्मीर घाटी में रिकॉर्ड मतदान के बाद सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 21 जून को पीएम मोदी श्रीनगर में एक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जिसमें उनके साथ करीब 9000 लोग योग करेंगे। जम्मू-कश्मीर के सभी 20 जिलों को वर्चुअली जोड़ने की योजना है। इस दौरान 2000 लोग हर जिले से जुड़ेंगे और जम्मू-कश्मीर से लगभग 50,000 लोग वर्चुअली जुड़ेंगे। इसका राज्यव्यापी असर होगा।

आपको ये भी बता दें कि लगातार हो रहे आतंकी हमलों के बीच जम्मू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति का मतलब सरकार के विश्वास और जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि के लिए दीर्घकालिक योजनाओं का संकेत देना है। लोकसभा चुनाव के बाद और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की आहट के बीच पीएम मोदी की इस यात्रा को बड़े राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। पीएम मोदी की इस यात्रा से भारत और दुनियाभर में जम्मू-कश्मीर को लेकर एक पॉजिटिव सिग्नल भी जाएगा क्योंकि मोदी के तीसरे कार्यकाल में सबसे चुनौतीपूर्ण कामों में जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा बहाल करना है। विधानसभा चुनाव के बाद ऐसा होने की उम्मीद है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के बाद इस समय जम्मू-कश्मीर में भाजपा विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेजी दे रही है। 13 जून से लेकर 16 चली भाजपा की बैठकों में लोकसभा चुनाव के अनुभवों का इस्तेमाल विधानसभा चुनाव जीतने के लिए करने को लेकर मंथन हुआ था। इस बीच सोमवार को भाजपा हाईकमान ने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाकर चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत झोंकने के संकेत दे दिए हैं।

**उम्मीद**

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में नवंबर-दिसंबर 2014 में विधानसभा चुनाव हुए थे। जून 2018 में BJP के समर्थन वापस ले लेने से BDP-BJP गठबंधन सरकार गिर गई थी। तब से यहां निर्वाचित सरकार नहीं है। 5 अगस्त 2019 में आर्टिकल 370 निरस्त होने के बाद तो जम्मू-कश्मीर दो अलग-अलग केंद्र शासित राज्य में बंट गया है। पीएम मोदी की इस यात्रा से जम्मू क्षेत्र में हाल में हुए आतंकी हमलों के बाद सुरक्षा को लेकर हो रही चिंताओं को संतुलित करने की उम्मीद है। क्योंकि आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद लोकसभा चुनाव में कश्मीर घाटी में रिकॉर्ड वोटिंग हुई। हालांकि, सुरक्षा को लेकर चिंताएं जाहिर की गई थीं।ऐसे में जम्मू क्षेत्र में प्रधानमंत्री की मौजूदगी का मतलब सरकार के भरोसे और जम्मू-कश्मीर में शांति, समृद्धि के लिए लॉन्ग टर्म प्लानिंग का संकेत देना भी है। मई 2022 के परिसीमन के बाद जम्मू संभाग में विधानसभा की 43 सीटें हो गईं, जबकि कश्मीर में 47 सीटें हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव की बात करें, तो भाजपा नरेंद्र मोदी के चेहरे के भरोसे उतरी तो थी, लेकिन 'मोदी मैजिक' पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी को जीत दिलाने में नाकाम रहा था। नतीजों में महबूबा मुफ्ती की पार्टी PDP 28 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी जबकि BJP 25 सीटों के साथ दूसरी बड़ी पार्टी बनी। नेशनल कॉन्फ्रेंस को महज 15 सीटों से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस चारों खाने चित होकर चौथे नंबर पर पहुंच गई।

जम्मू संभाग में विधानसभा की 43 सीटें हैं जबकि कश्मीर में 47 सीटें हैं। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा को 43 में से 14 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। उधमपुर व जम्मू लोकसभा सीट के सात विधानसभा हलकों भद्रवाह, डोडा, बनिहाल, इंद्रवल, आरएस पुरा-जम्मू दक्षिण, सुचेतगढ़, गुलाबगढ़ पर कांग्रेस से उसे कम मत मिले थे तो राजोरी-पुंछ जिले की सात सीटों मेंढर, पुंछ हवेली, सुरनकोट, थन्नामंडी, बुद्धल, राजोरी व नौशेरा पर नेकां से हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा को 2019 की तुलना में लगभग 22 फीसदी का नुकसान हुआ था। 2019 में उसे 46.39 प्रतिशत मत मिले थे। क्षेत्रीय दलों नेकां और पीडीपी को फायदा हुआ था। नेकां को 15 व पीडीपी को पांच फीसदी का नफा मिला था। 2019 में दोनों पार्टियों को क्रमशः 7.89 व 3.40 प्रतिशत मत मिले थे।

भाजपा की जीत में राजोरी-पुंछ की निर्णायक भूमिका होगी। यहां पहाड़ियों की आबादी अच्छी तादाद में है। पहाड़ियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देकर भाजपा ने उनकी लंबी मांग को पूरा किया है। ऐसे में भाजपा को उम्मीद है कि पहाड़ी समुदाय के मतदाता उनका साथ देंगे। सत्ता संतुलन के लिए बनाई गई नई लोकसभा सीट अनंतनाग-राजोरी में भाजपा ने उम्मीदवार न उतारकर अपनी पार्टी का समर्थन किया था। अपनी पार्टी को मिले 1.42 लाख में से 92521 मत इन्हीं दो जिलों से मिले थे। पार्टी का मानना है कि यदि कमल के निशान पर प्रत्याशी होंगे तो निश्चित रूप से पार्टी को फायदा होगा। हालांकि, नेकां यहां मजबूत स्थिति में रही और उसे 305863 मत हासिल हुए जो पार्टी प्रत्याशी को कश्मीर में मिले मत 215973 से लगभग 90 हजार अधिक रहा। पीडीपी को इन दो जिलों से 88459 मत मिले थे। जाहिर है, प्रधानमंत्री मोदी के इस दो दिन के दौरे से कश्मीर को तो बल व तरक्की मिलेगी, साथ ही भाजपा को ताकत मिलेगी। ऐसा माना जाता है कि यदि प्रदेश व केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार होती है तो उस प्रदेश की तरक्की ज्यादा होती है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# आज भी सहज नहीं है बेटियों का जीवन


डॉ. दीपा शर्मा

हमारा भारतीय संविधान हमारे जीवन को समतापूर्ण और सम्मानित ढंग से जीने का अधिकार बिना किसी भेदभाव के हम सब को देता है। पूर्व काल में स्त्रियों व दलितों की स्थिति बेहतर नहीं थी। फिर स्वतंत्रता बाद संविधान ने सम्मान जनक जीवन जीने का लिखित अधिकार तो सबको दे दिया था किन्तु पुरुष प्रधानता के कारण संविधान में उल्लेखित समानता को यहाँ(वर्तमान) तक आने में बड़ा वक्त लगा है और देखते हैं कि कितना और वक्त लगेगा कि पुरूष और स्त्री में समानता समाज में भी चलन में आ जाये।

आज भी देश में बेटियों को केवल पराये धन की उपमा देकर उसे मानसिक रूप से विवाह के बाद घर के कामों के लिए किशोरावस्था से तैयार कराया जाने लगता है जबकि वहीं उसी घर में एक किशोर बालक इन सब कामों से अंजान रहता है। हमारे घर से ही भेदभाव का बीज अंकुरित होने लगता है। मजबूरी भी है कि समाज की यही रीति भी है। ऐसा नहीं है कि ये रीतियाँ पत्थर की लकीरें हैं। तमाम बेटियों ने आज इन रीतियों से ऊपर उठकर अपने माँ-बाप और राष्ट्र का नाम रोशन कर शक्ति का पर्याय बनकर उभरी हैं।

धार्मिक ग्रंथों में जहाँ बेटियों के लिए बहुत कुछ अच्छा नहीं है वहीं भारतीय संविधान हर समाज व हर धर्म की बेटियों के लिए उनके खुशहाल जीवन जीने के तरीकों का मैग्नाकार्टा है जो देर सबेर बेटियों को उसकी उचित समानता से नवाजेगा जरूर। महिला सशक्तीकरण के लिए सरकारी प्रयास आज भी अंतिम अवस्था (अपने लक्ष्य) को न प्राप्त कर आज भी प्रयास के रूप में कुछ हद तक जमीनी स्तर पर तो ज्यादातर फाइलों में उल्लेखित है।

जब एनसीआरबी की रिपोर्ट जारी होती है तो लगभग हर तरह के अपराधों का शिकार बेटियां और महिलाएं ही होती हैं। घरेलू हिंसा, रेप, हत्या, तेजाब कांड, अपहरण, छेड़छाड़ आदि इनके केसेज तो रुकने के बजाय बढ़ते ही जाते हैं। वजह की जड़ एक है, महिलाओं व बेटियों के प्रति समाज में सम्मान की कमी। जब पुरुष प्रधान समाज में बेटियों के प्रति सम्मान की भावना जाग्रत होगी बहुत से अपराध स्वतः ही खत्म हो जायेंगे।

दहेज प्रथा भी सरकारी फाइलों में जरूर निष्क्रिय होकर कानून के गुणगान का हिस्सा बन रही होगी लेकिन व्यावहारिक रूप में सबको पता है, हकीकत क्या है ? मैं एक चिकित्सक होने से पहले एक बेटी भी हूँ, तमाम कुरीतियों को अपनी आँखों से देखा है, अनुभव किया है। यह मेरी खुशकिस्मती कुछ और लोगों की भी हो सकती है कि ससुराल में ऐसी कुरीतियों की कोई जगह नहीं थी।

**विडम्बना**

लेकिन ऐसा सबके साथ नहीं है। बेटियों की बड़ी संख्या इन कुरीतियों की कुटिल गणित के जाल में अपना सर्वस्व बलिदान करती आ रही हैं। शादी-विवाह में दहेज के अलावा भी कुछ कुरीतियाँ और हैं जो की किसी भी बेटी को बिलकुल नहीं पसंद लेकिन परंपराओं के बोझ तले वो इन्हें भी बड़ी शालीनता के साथ ग्रहण करती हैं। वर पक्ष में आज भी प्रभुत्व की भावना रहती है और इधर वधू पक्ष पूरी तरह से झुका हुआ रहता है।

जब बेटी के माँ-बाप अपनी बेटी के होने वाले सभी ससुरालीजनों के पैर छूते हैं, वो भले उम्र में छोटे हों, इस वक्त भी बेटी के हृदय में गाज सी गिरती है कि उसके माँ-बाप ने उसे पैदा कर क्या गलत किया! जो बेटी के विवाह पूर्व से जीवन के अंत तक व उसके बाद भी हर ससुराली जन के पैर छूने पड़ रहे हैं। वो भले उम्र में छोटा हो, मानवता की कमी हो, फिर भी बेटी के माँ-बाप का सिर इनके समक्ष झुका रहता है।

दान देने वाले का सिर तो हमेशा गर्व से ऊँचा रहता है तो संसार का सबसे बड़ा दान कन्यादान देने वाले का सिर झुका क्यों रहता है ? इस परंपरा के जनकों व समाज के अगुआ लोगों के पास इस तर्क का कोई उचित उत्तर कभी नहीं था, न है और न कभी होगा।

बेटी के माँ-बाप का वो रोता हुआ हृदय किसी को नजर नहीं आता दिल में कितने कठोर पत्थर रखकर अपनी खुशियों को जमींदोंज कर वो समाज की परंपराओं को जीवित रखता है। उनका पूरा जीवन इस भय और संशय में रहता है कि कहीं बेटी का ससुराल पक्ष सही न हो!

उन्हें पता होता है कि बड़े लाड़ प्यार और दुलार से पाली उनकी बेटी भी अब अपनी इच्छाओं की आहुति देकर औरों के खुशी का ध्यान रखेगी। और उनकी बेटी का यह बलिदान किस सीमा तक जायेगा? क्या वो वहां का सब सहन कर पायेगी? उसे हर चीज सहने की शिक्षा दी जाने लगती है ताकि एक परिवार का वो चला सके।

माँ-बाप भाई बहन से दूर रहने का गम और आदतों को दूसरों के हिसाब से ढालने में मानसिक और शारीरिक कितने परिवर्तन सहने होते हैं एक बेटी को। यह सब तकलीफें वर पक्ष अगर समझता तो बेटी को और बेटी के परिवार वालों को सम्मान का नोबल जरूर देता और अपनी वधू की इच्छाओं का भी पूरा सम्मान करता। ऐसी स्थिति में न बहुत ज्यादा बेटी को तकलीफ होती न ही बेटी के माँ-बाप को।

अब ऐसी नई समझदार और न्यायोचित रीति का विकास हो और अब पुरानी कुरीतियों का स्थान इस नई रीति को ले लेना चाहिए। गाड़ी के पहिए जब पुराने हो जाते हैं तो गाड़ी के पलटने के चांस ज्यादा रहते हैं या फिर गाड़ी ठीक से चलती नहीं। यही स्थिति आज के समाज की है।

हमें भी पारिवारिक गाड़ी के सही चालन के लिए उपरोक्त नई रीति या जो और बेहतर हो वो समाज में बड़े व्यापक रूप से छा जानी चाहिए। संभावना है कि मात्र इतने बदलाव से ही दहेज प्रथा का असुर अपनी अंतिम साँसें गिनने लगेगा। महिला सशक्तिकरण के लगातार अनगिनत प्रयास भी अपने लक्ष्य को पाकर संविधान उल्लेखित पंखों से सुसज्जित समानता को खुला आसमान दे देगा।

## कविता


लिली मित्रा

### अतृप्ता

हे पौरुष सुनो!
अपने दंभ के दण्ड पर
गर्वीले आधिकारिक
परचम को फहराकर,
मेरे स्त्रीत्व के धरातल पर
उसे गाड़कर
अपनी विजय की हुंकार मत भरना
एक बात सदैव याद रखना
मेरे वजूद पर अपने अधिकारों के
परचम गाड़ लो तुम
पर एक निश्चित गहराई की
पहुँच के बाद का धरातल
बस मेरा है, और
मेरे रसातल तक पहुँचने की क्षमता
तुम्हारे इस अंहकार के
परचमी दण्ड में नहीं हैं
क्योंकि मेरी गहराइयों तक पहुँचने से
तुम्हारे पौरुष का आकार कम होने लगेगा
तुम्हारा अहम् आहत हो
यह तुम्हें कदापि स्वीकार्य न होगा
मुझ तक पहुँचने के लिए...
तुम्हें आषाढ़ के वृष्टि मेघ बनना पड़ेगा
मुझे अपने प्रेमातिरेकित
जल बिंदुओं से सिंचित करना होगा
तब तृप्त होगी ये 'अतृप्ता' युगों की।

# राजनीतिक दलों की 'मुफ्तखोरी' की घोषणाओं पर लगाम जरूरी


संतोष कुमार तिवारी

देश में महंगाई, बेरोजगारी समेत कई ऐसे मुद्दे है जो सच में आम आदमी के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रहे है और इसके पीछे कही न कही देश में जनसंख्या विस्फोट और तमाम राजनीतिक दलों द्वारा सत्ता पाने के लिए 'मुफ्तखोरी' की योजनाओं की घोषणा है क्योंकि जब भी चुनाव का समय आता है तो तमाम राजनीतिक पार्टियां अपने 'घोषणापत्र' में 'मुफ्त' में तमाम चीजों को देने का दावा करती है जिससे लोग उनके इस 'जाल' में फंस जाते है जबकि मुफ्तखोरी की लत कहीं न कहीं उन लोगों को और कमजोर बना देती है जो सच में उस मुफ्तखोरी के योग्य नहीं हैं लेकिन फिर भी सरकार के वादों के अनुसार मुफ्त की योजना का लाभ लेते हैं जो कहीं न कहीं देश की आर्थिक विकास पर दबाव बनाता है।

राजनीतिक दल तो सत्ता पाने के लिए लोगों को तमाम चीजें और व्यवस्था मुफ्त में देने की घोषणा करके अपनी राजनीति चमकाते हैं जबकि इसका बोझ देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इन सब चीजों से राजनीतिक दलों से कोई सरोकार नहीं है। जनता भी है कि 'मुफ्त' की जीचें और योजनाओं के लिए लालायित रहती है। वैसे इसमें जनता का कोई दोष नहीं है। जनता को जब सरकार दे रही है तो लोग उस योजना का लाभ तो अवश्य ही लेंगे लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के समय किये गये वादों पर माननीय उच्चतम न्यायालय और चुनाव आयोग की तरफ से पैनी 'नजर' होनी चाहिए।

उन दलों से 'मुफ्तखोरी' की घोषणा पर पड़ने वाले आर्थिक दबाव और खर्च का भी हिसाब तथा घोषणा पूरा करने के लिए आय के स्रोत की भी जानकारी जरूरी है क्योकि जब कोई भी राजनीतिक दल सत्ता में रहता है तो अपने द्वारा किये गये 'मुफ्तखोरी' की घोषणा को पूरा करने के लिए ऋण लेकर पूरा करता है और जब सत्ता से बाहर हो जाता है तो मुफ्तखोरी की घोषणा को पूरा करने के लिए बड़ी रकम में देश में ऋण बढ़ाकर छोड़ देता है जबकि इसका असर देश की अर्थव्यवस्था के ऊपर पड़ता है, खासकर उन लोगों पर जो अपने आय का एक बड़ा हिस्सा सरकार को टैक्स के रूप में देते हैं।

शासन सत्ता में जो भी सरकार रहती है, बेशक उसका कर्तव्य है कि गरीबों के लिए कल्याणकारी योजना संचालित करें और उनको भी समाज की मुख्य धारा से जोड़े लेकिन गरीबों की योजना के नाम पर ऐसे लोग भी लाभ लेते है जो सच में उसके लिए हकदार नही है क्योंकि सरकार युवाओं, गरीबों, महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों या अन्य लोगों के लिए योजना संचालित करती है जो सच में गरीब है या उस पात्रता श्रेणी में आते हैं जबकि इसी योजना के आड़ में ऐसे लोग भी लाभ लेते हैं जो काफी सम्पन्न हैं। उनको इस तरह की योजना का लाभ लेने की कोई जरूरत नहीं है लेकिन फिर भी लाभ लेकर सरकार की अर्थ व्यवस्था पर भार बढाते हैं।




देश में जिस तरह जनसंख्या वृद्धि तेजी से बढ़ रही है, उससे तो लगता है कि सरकार की योजना जब तक चिन्हित पात्रों तक पहुंचती है, तब तक इसी तरह के पात्रों की एक बड़ी जमात फिर तैयार रहती है जिससे सरकार की योजना खासकर गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी पर प्रभावी नहीं हो पाती है और इसमें स्थानीय स्तर पर व्यापक भ्रष्टाचार और भी दिक्कत बढ़ाने में सहायक हो जाता है। सरकार भले ही दावा करे कि गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी कम हुई है लेकिन हकीकत यह है कि जब तक सरकार अपना कागजी आंकड़ा तैयार करती है, तब तक गरीबी, बेरोजगारी बढ़ चुकी होती है। इन सभी के पीछे कहीं न कहीं जनसंख्या विस्फोट और स्थानीय स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार ही जिम्मेदार है जो सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य करने में बाधक साबित होता है। तमाम राजनीतिक दल भले ही मुफ्तखोरी का लालच देकर सत्ता तक पहुंच जायें लेकिन देश को सच में मजबूत करने के लिए 'मुफ्तखोरी' पर लगाम लगाने की जरूरत है। देश की राजनीतिक पार्टी जो चुनाव के पहले गरीबों की तथाकथित हितैषी बनने की बात करती है तथा मुफ्तखोरी का लॉलीपॉप दिखाकर सत्ता तक पहुंचना चाहती है, चुनाव हारने के बाद गरीबों के लिए 'मौन' हो जाती है। जो मुफ्तखोरी की घोषणा करने वाले राजनीतिक दल हैं, वे चुनाव हारने के बाद अपने पार्टी फंड से अपनी घोषणा का एक भी कार्य क्यों नहीं कर देते हैं जबकि तमाम पार्टियां है जिनको भारी मात्रा में 'चंदा' मिलता है।

राजनीतिक दलों का प्रेम केवल सरकार के फंड से ही 'दानी' बनना है जबकि पार्टी के फंड से एक 'पैसा' भी नही लगाते है। इस तरह की 'मुफ्तखोरी' की घोषणा पर पूरी तरह रोक लगाई चाहिए क्योकि 'मुफ्तखोरी'से कही न कही देश की श्रमशक्ति कमजोर पड़ती है। यदि जरूरत हो तो यह योजना केवल उनपर लागू हो जो सच में पात्र है लेकिन मुफ्तखोरी की घोषणा के पहले राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग अथवा सम्बन्धित संस्था को बताना जरूरी हो कि उनकी घोषणा के बाद पड़ने वाले खर्च को किस माध्यम से पूरा किया जायेगा। राजनीतिक दल मुफ्त की घोषणा और योजना तो गरीबों के कल्याण के लिए लागू करती है जबकि गरीबों की खाल ओढ़कर 'गलत' लोग भी योजनाओं का लाभ ले लेते हैं। राजनीतिक दल तो अपने सत्ता सुख के लिए ऋण लेकर भी लोगों का तथाकथित विकास करना चाहते हैं लेकिन उनके सत्ता से जाने के बाद उनके समय में लिये गये ऋण का दबाव देश को झेलना पड़ता है जिससे मंहगाई समेत अन्य चीजों का भी असर देश पर होता है। देश भले ही इस विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था के तौर पर है लेकिन देश में 2 सौ लाख करोड़ से अधिक का ऋण भी देश के ऊपर है। यदि आम लोग मुफ्तखोरी के आदी बनकर सब कुछ मुफ्त में पाना चाहते है तो ऋण और भी बढ़ेगा। देश की प्रगति में जहां सरकार की योजना और रणनीति कार्य करती है वहीं आम आदमी की सोच और कार्यक्षमता भी कम सहयोगी नही होता। देश में जब लोग अपनी श्रमशक्ति को सुदृढ करेंगे तो मुफ्तखोरी की आदत से मुक्त रहेंगे। लोग सोचते हैं कि जब सरकार 'फ्री' में दे रही है तो लेने में क्या दिक्कत है लेकिन सरकार की योजना उन लोगों के लिए है जो गरीब हैं या उस तरह की योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। भले ही हम भी सरकार के तरफ से जारी गाइड लाइन्स के मुताबिक पात्र हैं लेकिन हमारी स्थिति ठीक है तो हमें चाहिए कि सरकार की उस योजना उन लोगों के लिए छोड़ दें जो सच में हमसे अधिक हकदार हैं क्योंकि सरकार की तमाम योजना का लाभ ऐसे भी लोग ले लेते हैं जिनके लिए वह लाभ कोई खास मायने नहीं रखता है जबकि इसी समाज में बहुत ऐसे लोग रहते हैं जो पात्र और जरूरतमंद होने पर भी वंचित हो जाते हैं। देश के आर्थिक विकास को और मजबूत बनाने में देश के हर एक नागरिक को अपनी अहम भूमिका निभाने की जरूरत हैं क्योंकि जब तक देश का हर एक नागरिक देश के बारे में सकारात्मक रूप से नहीं विचार करके कार्य करेगा, तब तक सरकार अपने आंकड़ों को यूं ही पेश करती रहेगी और हकीकत असलियत से काफी दूर होगी। यदि आज लोग मुफ्तखोरी की आदत से बाज नहीं आयेंगे तो आने वाली पीढ़ी और भी महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी से परेशान होगी और इसमें न केवल सरकारें बल्कि देश के हर एक नागरिक जिम्मेदार हैं।

इसलिए जनसंख्या नियंत्रण देश के लिए सबसे जरूरी है। जब तक देश में जनसंख्या नियंत्रण पर कोई ठोस पहल नहीं होगी, तब तक देश की बड़ी समस्याएं समाप्त नहीं होगी। केवल राजनीतिक दल आम जनता को मुफ्तखोरी की आदत में फंसाकर सत्ता सुख भोगते हुए देश को और भी कर्जदार बनाती रहेंगे। देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने में आम नागरिक की भी अहम भूमिका है, इसलिए जरूरत है कि देश का हर एक नागरिक अपने मेहनत और ईमानदारी पर विश्वास करके कार्य करे और देश में मुफ्तखोरी की योजना के चक्कर में न पड़े।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रोहित बाजपेयी द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- आनंद अग्निहोत्री*, सलाहकार संपादक – गोलेश स्वामी, एसोसिएट एडिटर– मलय समीर शर्मा, उत्तराखंड कार्यालय– जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के बिगड़े बोल से कामकाज ठप

## कर्मचारी अधिकारियों से करेंगे सामूहिक स्थानांतरण की मांग

» बीडीओ व प्रमुख पति से कमीशन को लेकर उपजा विवाद


हंगामे के दौरान मौजूद कर्मचारी व अन्य

**विश्ववार्ता संवाद**

**सीतापुर।** रेउसा बीडीओ व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के बीच कथित कमीशन को लेकर बात बिगड़ गई। ब्लॉक प्रमुख पति ने कर्मचारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कुर्सियां मारने की बात कही। इससे ब्लॉक के कर्मचारियों ने कार्य ठप करते हुए सामूहिक स्थानांतरण की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना था कि वह जिला मुख्यालय पर जाकर अधिकारियों से वार्ता कर रेउसा ब्लॉक से स्थानांतरण की मांग करेंगे।

रेउसा ब्लॉक कार्यालय पर खंड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान के बीच शुक्रवार को कथित कमीशनखोरी को लेकर हुई बातचीत ने इतना तूल पकड़ लिया कि ब्लॉक कर्मचारियों ने सभागार में बैठक कर उच्चधिकारियों से अपने स्थानातरण की मांग की है। प्रकरण शुक्रवार दोपहर का बताया जा रहा है जब रेउसा ब्लाक प्रमुख मंजू चौहान के पति अवधेश चौहान बीडीओ कार्यालय पहुंच कर बीडीओ विवेक मणि त्रिपाठी से वार्ता के दौरान रेउसा ब्लॉक में हो रही कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार पर अवधेश चौहान और बीडीओ विवेक मणि त्रिपाठी के बीच कहासुनी हो गई। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी का आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख पति अवधेश चौहान ने उनके कर्मचारियों के प्रति अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए दो-चार कुर्सियां मारने की बात कही गई। इसके बाद आक्रोशित ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों विशेष कर ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों, रोजगार सेवक और अन्य ब्लॉक के कर्मचारियों ने एकजुट होकर ब्लॉक सभागार में बैठक की। जिसमें तय हुआ कि सभी लोग जिले पर चलकर जिलास्तरीय अधिकारियों से वार्ता करेंगे साथ ही रेउसा ब्लॉक से अपने अपने स्थानातारण की सामूहिक मांग करेंगे। ग्राम पंचायत अधिकारियों से वार्ता की तो उन्होंने अपना पक्ष रखने से इनकार कर दिया और कहा कि जो भी होगा जिले पर किया जाएगा।

इसके साथ ही दोपहर से ब्लॉक के सभी कामकाज ठप कर दिए। उधर ब्लॉक प्रमुख पति अवधेश चौहान ने बीडीओ से मुलाकात की बात तो स्वीकारी है लेकिन ऐसा कोई मामला होने से इनकार किया है जो इतना तूल पकड़ने वाला हो कि ब्लॉक के कर्मचारी उनके विरुद्ध लामबंद होकर अपने स्थानांतरण के लिए प्रदर्शन करने लगें।इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी सहकारिता सतेंद्र कुमार त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओमेन्द्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, अवर अभियंता आरईएस रूबी वर्मा, मुकेशनाथ त्रिवेदी, महेंद्र रावत, जगदेव प्रसाद, नरेंद्र यादव, राजकुमार समेत ब्लॉक के

# मुठभेड़ में तीन अंतर्जनपदीय एटीएम लुटेरे गिरफ्तार

» संयुक्त टीम की कार्रवाई में एक लुटेरे को लगी गोली, चार लाख 29 हजार बरामद

» पिकअप, क्षतिग्रस्त एटीएम मशीन व असलहा भी पुलिस को मिले

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** एसओजी व लहरपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान एक एटीएम लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। मौके से फरार हुए दो अन्य लुटेरों को भी पुलिस ने काम्बिंग के दौरान दबोच लिया। इनके कब्जे से एटीमए तोड़कर निकाले गए चार लाख 29 हजार रुपये भी पुलिस ने बरामद कर लिए। अंतर्जनपदीय लुटेरों के पास से लूट में इस्तेमाल पिकअप, टूटी एटीमए मशीन, असलहा, कारतूस व अन्य औजार बरामद हुए हैं। पुलिस ने इनके गिरोह के पांच अन्य लुटेरों पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है।

पुलिस लाइन्स सभागार में एसपी चक्रेश मिश्र ने खुलासा करते हुए बताया कि एसओजी व लहरपुर की संयुक्त पुलिस टीम ने तम्बौर रोड पर गंगादीनपुरवा के पास तेजी से जा रही पिकअप को रोकने का प्रयास किया गया तो लुटेरे पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने लगे। जवाब में पुलिस टीम ने गोली चलाई जिसमें एक लुटेरे के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। मौके से दो लुटेरे भागने में सफल रहे। अभियुक्त की पहचान शाबेज पुत्र गफ्फूर निवासी बेगीनाजर थाना गंगोह जिला सहारनपुर के रुप में हुई।

जिसके कब्जे से 315 बोर असलहा, दो कारतूस, दो खोखा तथा एक लाख 91 हजार रुपये बरामद हुए। मौके से फरार अभियुक्तों कामिल पुत्र सेपा उर्फ शरीफ निवासी ग्राम मवी थाना कैराना जनपद शामली तथा इमामुद्दीन उर्फ मामू पुत्र भग्गू निवासी ग्राम रमुआपुर थाना हरदी जनपद बहराइच को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। कामिल के पास से 315 बोर असलहा, तीन कारतूस, एक खोखा तथा एक लाख 53 हजार रुपये तथा अभियुक्त इमामुद्दीन के पास से 85 हजार रुपये बरामद हुए। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि इनके गिरोह में कुल आठ सदस्य हैं, जिसमें छह सहारनपुर, एक शामली और एक बहराइच जिले का रहने वाला है। पांच लोगों को एटीएम चोरी के मामलो में पूर्व में जेल भी हो चुकी है। यह लोग गैंग के साथ बहराइच में तरबूज की खेती करते थे, वहीं पर मिलकर एटीएम से पैसे चोरी करने की योजना बनायी थी।

यह लोग घूमकर गुड़ेचा सदरपुर और लहरपुर में लगे एसबीआई के एटीएम की रैकी की थी। दो जून की रात चोरी की एक पिकअप यह सभी गुड़ेचा सदरपुर में स्थित एटीएम पर पहुंचे और वहां लगे एटीएम को एक पट्टे से बांधकर पिकअप गाड़ी से उखाड़ने का प्रयास किया लेकिन आस पास के लोगों के जगने के कारण वारदात को अंजाम नहीं दे सके। इसके बाद यह सभी लहरपुर में स्थित एसबीआई के एटीएम पर आये और उसी पट्टे की मदद से एटीएम को उखाड़ लिया और पिकअप गाड़ी में लादकर सीतापुर की तरफ भाग गये। एटीएम तोड़ने के औजार सब्बल, हथौड़ा व छेनी आदि से हमने रास्ते में ही उस एटीएम को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया तथा उसमें भरे लगभग 22 लाख रुपये निकाल लिए। एटीएम को एक जंगल में छिपाकर सहारनपुर भाग गये।

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि इस प्रकरण में लहरपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरोह के अन्य पांच सदस्यों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पुलिस टीम में यह रहे शामिल

प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा, निरीक्षक राममणि यादव, एसआई योगेन्द्र सिंह व रामासरे चौधरी, आरक्षी मनीष अहलावत व जितेंद्र तेवतिया, एसओजी निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह, प्रभारी सर्विलांस, एसआई प्रदीप दूबे, स्वाट प्रभारी एसआई राजबहादुर, मुख्य आरक्षी शैंकी यादव, रोहित तोमर, शराफत, आरक्षी अंकुर बालियान, भूपेंद्र राणा, राजू सरोज, गुरुपाल, दीपक, दानवीर, प्रशांत शेखर सिंह, रेंज एसओजी टीम प्रभारी एसआई शिवकुमार, मुख्य आरक्षी सुदीप कटियार, वारिस पांडेय, आरक्षी अजीत सिंह, ओम मिश्रा व अजीत यादव शामिल रहे।

### खीरी ब्रांच नहर में उतराता मिला युवक का शव

**सिधौली (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र में टड़ईखुर्द गांव के निकट खीरी ब्रांच नहर के झाले में 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव फंसा पाया गया। व्यक्ति के तन पर सिर्फ अंडरवियर ही थी।

सुबह खेतों की ओर निकले ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं, जल्द ही पता लगाया जाएगा। फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# योग को अपने दैनिक जीवन में करें शामिल : अनुज सिंह


नैमिषारण्य में आयोजित योग शिविर में योग करते राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य

» अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह हुए आयोजन

» जनपद न्यायाधीश ने बंदियों को योग की बताई महत्ता

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर पूरे जिले में योग करके मनाया गया। डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्र ने नैमिषारण्य में आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास किया। जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा नामित प्रभारी राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उप्र कपिल देव अग्रवाल एवं नोडल अधिकारी अनुराग यादव सचिव नियोजन विभाग ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अधिकारियों ने योग को जीवनशैली का हिस्सा बना स्वस्थ रहने का मंत्र दिया।

योग सत्र के बाद एसपी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को बधाई देते हुए नियमित रुप से योगभ्यास करने की भी सलाह दी। एएसपी दक्षिणी डॉ. प्रवीण रंजन के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन्स में योग प्रशिक्षक द्वारा पुलिसकर्मियो को योगाभ्यास कराकर योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना समेत पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा सभी थानों में थानाध्यक्षों के नेतृत्व में योग कराया गया। जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय ने जजेज लॉन में योग प्रशिक्षक शंकर लाल बघेल की देखरेख में कई योगासन किए। उन्होंने योग दिवस की बधाई देते हुए नियमित योग अपनाने को कहा। इस दौरान मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण शफीकुर्रहमान, अपर जिला जज नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, न्यायिक अधिकारी मो. शफीक, सुबोध भारती, दिनेश नागर, विजय भान, मनोज मिश्र, शिवांगी चौधरी, आकांक्षा पिपिल व अक्षी गिल समेत अनेक लोग मौजूद रहे। जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक योगेश व पल्लवी ने योग कराए। जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय ने बंदियों को योग के लिए प्रेरित किया। जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, जेलर व डिप्टी जेलर मौजूद रहे।

**महोली।** कृषक इंटर कॉलेज में विधायक शशांक त्रिवेदी ने शिक्षकों व संघ के लोगों के साथ योग किया। तहसील परिसर में एसडीएम अभिनव यादव की अगुवाई में कर्मचारियों ने योगासन किए।

**बिसवां।** बिसवां में योग दिवस सन्नाटे में गुजर गया। किसी भी स्कूल या समाज सेवा का ढिंढोरा पीटने वालों ने कहीं पर भी योग का कार्यक्रम आयोजित नही किया। तहसील प्रशासन द्वारा उपजिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में तहसील में योग का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री में योग का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**लहरपुर।** नगर के पक्का तालाब तीर्थ स्थल पर भारत विकास परिषद के तत्तावधान में योग गुरु सर्वेश तिवारी ने लोगों को योग कराया। क्षेत्र के प्रसिद्ध देवस्थान बाबा सूर्यकुंड मंदिर प्रांगण में पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने लोगों के साथ योग किया।

**मिश्रिख।** कस्बा मिश्रिख के स्टेशन रोड पर स्थित राजेश्वरी कन्या इंटर कालेज परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक डा. सागर ने योगाभ्यास कराया।

**नैमिषारण्य।** नैमिषारण्य तीर्थ प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्रधान पुजारी राज नारायण पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद योग शिविर का शुभारंभ हुआ। क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी सुरेश कुमार सचान के संयोजन में योग प्रशिक्षकों ने चालन क्रियाओं के साथ योग की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव, नोडल अधिकारी अनुराग कुमार के साथ डीएम अनुज सिंह, सीडीओ निधि बंसल, एडीएम नितीश कुमार, सीएमओ हरिपाल सिंह योग करते दिखे। वहीं मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, एमएलसी पवन सिंह, मिश्रिख ब्लाक प्रमुख राम किंकर पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि बबलू सिंह, शिव कुमार गुप्ता, उपजिलाधिकारी पंकज सक्सेना, सीओ राजेश यादव, तहसीलदार सौरभ यादव ने भी योग कर सभी को योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

**रेउसा।** थाना रेउसा व ब्लॉक परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। थाना रेउसा प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने थाने के सभी पुलिस स्टॉफ के साथ तो ब्लॉक रेउसा परिसर में खंड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी ने अपने सचिव व ब्लॉक कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया।

**महमूदाबाद।** श्रीगणेश पूजन महोत्सव समिति द्वारा मनोहर लॉन में योग शिविर आयोजित हुआ। योग प्रशिक्षक के रूप में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के योग से परास्नातक वर्तमान में देवकालिया में चिकित्सक के पद पर तैनात दीपक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला द्वारा सभी का स्वागत किया गया।

**रामपुर मथुरा।** ब्लॉक परिसर में बीडीओ संदीप कुमार, थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी तथा सीएचसी परिसर में डॉ शुशील कुमार व डॉ दीपक भदौरिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने योग किया।

### ब्लॉक के सामने किया आत्मदाह का प्रयास

**मिश्रिख।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ पर आयोजित प्रशासन के योगा कार्यक्रम में बीडीओ अवध प्रताप सिंह और सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रेम कुमार द्वारा तीर्थ परिसर में बिखरे पड़े गद्दे और पॉलिथीन की थैलियां उठाने को लेकर सफाई कर्मचारियों को गालियां देने लगे। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रह चुके महेंद्र कुमार को दोनों अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। जिससे आहत महेंद्र कुमार ने प्रार्थना पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी के नाम लिखकर उन्हें देने का प्रयास किया तो ब्लॉक के जिम्मेदारों ने प्रार्थना पत्र छीनकर फाड़ दिया। जिससे उसने दिन के दो बजे तक समस्या निस्तारण न होने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत के कार्यालय पर आत्मदाह कर लेने की बात लिखी थी। मिश्रिख ब्लाक कार्यालय पहुंचे सफाई कर्मचारी महेंद्र ने बीडीओ कार्यालय के सामने पेट्रोल अपने ऊपर छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास किया। ब्लॉक कर्मियों ने उसे पकड़कर आग लगाने से रोक लिया। एडीओ समाज कल्याण अमिताभ वर्मा भी मौके पर पहुंच गए महेंद्र कुमार को कार्यालय लेकर चले गए।

## एक नजर

### असलहा समेत गैंगेस्टर में वांछित गिरफ्तार

**सीतापुर।** रामपुरकलां पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त संजीव कुमार उर्फ भीम पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम भानपुर थाना कमलापुर को गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर असलहा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सिधौली।** कोतवाली क्षेत्र के बिलरिया गांव निवासी अशोक मौर्य 55 ने गुरुवार रात किसी पहर गांव के बाहर लगे पीपल के पेड़ से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। बताते हैं कि मृतक शराब का आदी था। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया व्यक्ति के अवसाद में जाने के कारण फांसी लगाने की बात की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट में कोई अन्य तथ्य पाया जाएगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### छह लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के सेमरिया निवासी सम्बारी (35) पुत्र रामशरन का शव 17 जून की दोपहर मुन्नूपुरवा गांव के पूरब सैदापुर निवासी राजकुमार सिंह प्रधान के खेत में मिला था। मृतक के कपडे शव से कुछ दूरी पर पडे.थे। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जतायी गयी थी मगर पुलिस को किसी भी प्रकार की तहरीर नही मिली थी। बृहस्पतिवार को मृतक के भाई कमलेश ने छोटू, गयाप्रसाद, कृष्णमोहन, पप्पू व नन्दकिशोर निवासी सेमरिया थाना सकरन तथा रामगोपाल निवासी मुन्नूपुरवा थाना सकरन के विरुद्ध तहरीर देकर आरोप लगाया है कि घटना के एक दिन पूर्व आरोपियों ने सम्बारी को किसी बात को लेकर लाठी डंडों व लात घूसों से मारा पीटा था। उसके बाद गला दबकर हत्या कर शव को खेत में डाल दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के बिरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला मरीज के गहने का झोला लेकर फरार

**सिधौली।** स्थानीय सीएचसी में भर्ती महिला मरीज का जेवर से भरा झोला दूसरी भर्ती महिला मरीज की तीमारदार लेकर फरार हो गयी। पीड़ति यमुना देवी निवासी लालपुर थाना मछरेहटा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह सीएचसी में इलाज के लिए आई थी जहां चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर लिया और वार्ड में बेड पर लिटाकर ग्लूकोज की बोतल चढ़ा रहे थे। पड़ोस में भर्ती दूसरी महिला जिसे मुझसे पहले डिस्चार्ज किया जा चुका था की परिजन एक बुजुर्ग महिला मेरे बेड पर रखा मेरा झोला लेकर अपनी मरीज महिला के साथ वहां से निकल गयी। झोले में सोने के झाले, सोने का लाकेट, लगभग 250 ग्राम की चांदी की पायल व जांच रिपोर्ट व दवाइयां थीं। पीड़ति ने सीएचसी में लगे सीसीटीवी देख कर व महिला की पहचान कर कार्रवाई किए जाने की मांग की। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### वीडीओ के भाई की हृदयघात से मृत्यु

**रेउसा।** ब्लॉक रेउसा में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत राजेश सिंह के होमगार्ड विभाग में कार्यरत छोटे भाई उमेश सिंह (42) की हृदयघात से इलाज के दौरान गुरुवार को असामयिक मृत्यु हो गयी। ग्राम पंचायत अधिकारी के भाई की मृत्यु से रेउसा ब्लॉक में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को ब्लॉक रेउसा प्रांगण में खंड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी की अगुवाई में कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना प्रकट किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान, सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओमेन्द्र कुमार, सचिव मुकेशनाथ त्रिवेदी, राज कुमार, नरेन्द्र यादव, सोमपाल, जगदेव प्रसाद, रईस अहमद, महफूज अहमद, अनूप कुमार वर्मा,समेत ब्लॉक कर्मचारी ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### विधायक के पोते को सीएम ने दी बधाई

**महमूदाबाद।** महमूदाबाद विधानसभा से भाजपा विधायक आशा मौर्या के पोते अधिराज मौर्य का अन्नप्राशन संस्कार 28 जून को है। जिसको लेकर विधायक व उनके बेटे और बहुवों द्वारा सीएम योगी को निमंत्रण पत्र दिया गया था। ऐसे में शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बधाई पत्र विधायक आवास स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज बधाई दी।

### एबीवीपी की नगर इकाई का चुनाव संपन्न

**महमूदाबाद।** नगर स्थित बेचू पहलवान लॉन में शुक्रवार शाम एबीवीपी द्वारा बैठक आयोजित हुई। जिसमें संगठन की तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सुकईपुर निवासी राहुल सिंह को अध्यक्ष, मनोज शुक्ल व देवेंद्र को उपाध्यक्ष, आयुष चौधरी को नगर मंत्री का दायित्व मिला। पद वितरण जिला संगठन मंत्री कुलदीप गुप्ता की उपस्थिति में हुआ।

### सर्पदंश से बच्चे की मौत

**रामपुर मथुरा।** सर्प के डसने से इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई है। शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। जानकारी के अनुसार टिकठा ग्राम पंचायत के लोनियन पुरवा निवासी रामसेवक वृहस्पतिवार को खेत में धान की बुआई करने के लिए गए थे। इनका 6 वर्षीय बच्चा रतन भी साथ में गया था। जिसे किसी जहरीले सर्प ने काट लिया। जिसको परिजन सीएचसी लेकर गए। जिसकी हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने प्रथम उपचार करके जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ले जाते समय रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# विपक्ष को नजरबंद करना नियमों को ताक पर रखने जैसा : शिवम सिंह

» आन्दोलन से पूर्व छात्र सभा जिलाध्यक्ष हुए हाउस अरेस्ट

» पीएम मोदी पर भी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष ने बोला हमला



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** यूजीसी नेट और नीट की परीक्षा में धांधली के बाद सरकार फिर सवालों के घेरे में आ गयी है। पेपर लीक के साथ पूरे देश में सरकार के खिलाफ लगातार छात्रों का आक्रोश देखने को मिल रहा है। सरकार के विरोध और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के साथ ही समाजवादी छात्र सभा उनका पुतला फूंकने के भी प्रयास में थी, लेकिन कार्यक्रम से पहले ही शुक्रवार को समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवम सिंह को हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

उनके आवास रम्पा टाकीज सोमेश्वर दत्त कोठी पर पर दर्जनों की संख्या में पुलिस अधिकारियो और सिपाहियों ने पहुंचकर नजरबंद कर दिया। जिसके बाद दर्जनों कार्यकर्ताओं की भीड़ जिलाध्यक्ष शिवम सिंह के घर पर पहुंच गयी और पदाधिकारियों ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाकर सरकार का विरोध किया। इस दौरान शिवम सिंह ने सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि जिस तरह आज विपक्ष के नेताओ और कार्यकर्ताओं को नजरबद करके अन्याय किया जा रहा है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि जैसा सरकार ने सभी नियमों और कानूनों को ताक पर रख दिया हो। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री पर भी तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पीएम ने अब तक परीक्षा लीक मामले में दो शब्द तक नही बोले। यह लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। जिसके लिए समाजवादी छात्र सभा हर कदम पर संघर्ष करेगी। इस मौके पर बबलेन्द्र सिंह, सुखविंदर, वकील खान, आर्यश, रिषभ आदि अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**कल्ली चौराहा।** सड़क हादसे में बाइक सवार दो घायल युवकों में से एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना नैमिषारण्य के गांव लोकनापुर निवासी रतीश कुमार ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि कल दोपहर में मेरा चचेरा भाई कौशल कुमार व भांजा रोशन कुमार शादी के कार्ड छपवाने के लिए बाइक से बीबीपुर जा रहा था। कल्ली नैमिष रोड पर ग्राम करखिला के पास अनियंत्रित जेसीबी ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए थे। पुलिस की सहायता से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिष भेजा गया था। हालत गंभीर होने के कारण दोनों घायलों को जिला अस्पताल सीतापुर भेजा गया। हालत ठीक न होने के कारण आज उपचार के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज को भेजा था। वहां पर रोशन कुमार की मौत हो गई। रोशन कुमार बीहट बीरम थाना मछरेहटा का रहने वाला था।

# नजूल की जमीन पर अवैध निर्माण, गरजा प्रशासन का बुल्डोजर

» नजूल की भूमि पर 35 सौ इस्क्वायर फिट में था निर्माण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** खैराबाद कस्बे में नजूल की भूमि पर कब्जा कर किए गए अवैध निर्माण पर शुक्रवार को प्रशासन का बुल्डोजर गरजा। भारी पुलिस फोर्स की सुरक्षा में बुल्डोजर अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया। इतना ही नहीं प्रशासन ने पालिका ईओ से भू-माफिया पर मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश भी दिया है।

खैराबाद कस्बे के मोहल्ला शेखपुरा निवासी एहराज पुत्र सिराजुल हक व अफसर अली पुत्र अख्तर अली ने रातों-रात 3500 स्क्वायर फीट से अधिक क्षेत्रफल पर पक्का निर्माण करा लिया था। प्रशासन को इसकी भनक लगी तो वह एक्शन मूड में आ गया। शुक्रवार को अवैध निर्माण को बुल्डोजर ने ध्वस्त कर दिया। प्रशासन के द्वारा खैराबाद अधिशासी अधिकारी को भू माफियाओं पर थाना खैराबाद में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया है।

इस दौरान मजिस्ट्रेट महेंद्रकुमार तिवारी आरआई अवधेश कुमार पांडेय, क्षेत्रीय लेखपाल विवेक कुमार पांडेय, अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, नजूल लिपिक शैलेंद्र कुमार, सहायक नजूल लिपिक जयप्रकाश व कस्बा इंचार्ज अवधेश यादव समेत पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

### न्यायिक कार्य से विरत रहे लहरपुर के अधिवक्ता

**लहरपुर।** महमूदाबाद लायर्स एसोसिएशन द्वारा उप जिला अधिकारी के विरुद्ध चलाए जा रहे कार्य बहिष्कार के संदर्भ में गत बृहस्पतिवार को लहरपुर बार एसोसिएशन की एक बैठक में निर्णय लिया गया कि महमूदाबाद लॉयर्स एसोसिएशन के समर्थन में शुक्रवार तक सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। जिसके चलते अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार व शुक्रवार को सभी न्यायलयों में कार्य बहिष्कार किया। दूर दराज से आए वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आशुतोष सिंह अध्यक्ष बार एसोसिएशन ने महमूदाबाद लॉयर्स एसोसिएशन को पत्र भेज कर संपूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एडवोकेट अपूर्व कुमार त्रिवेदी, मनोज वर्मा, देवेंद्र पांडे, प्रमोद बाजपेई, बालकृष्ण वर्मा, जेडआर रहमानी, सुमन देवी, कमलेश वर्मा, संकेत भार्गव, राम सुचित सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

# एसडीएम ने करोड़ों का बनाया मकान, सम्पत्ति की हो जांच

» अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा, एडीएम को दिया ज्ञापन

» भ्रष्टाचार के लगे गंभीर आरोप, हर कार्य में चाहिए घूस



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला व महमूदाबाद लायर्स एसोसिएशन की लड़ाई अब तूल पकड़ने लगी है। अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को एसडीएम पर लखनऊ में करोड़ों रुपये का मकान बनवाने, व्यवसायिक परिसम्पत्तियां, हर कार्य में घूस मांगने, एसडीएम का स्थानांतरण करने व चल, अचल सम्पत्तियों की जांच कराने को लेकर डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। ज्ञापन में अधिकवक्ताओं का आरोप है कि महमूदाबाद तहसील में मृतक किसानों के वैद्य उत्तराधिकारियों के नाम भूमि दर्ज करने हेतु मोटी रकम वसूल की जाती है। घूस न देने पर मामले में लेटलतीफी की जाती है।

बैनामा, दानपत्र व वसीयत के नामांतरण अभिलेखों में साक्ष्य व समस्त औपचारिकतायें पूर्ण होने के बाद भी रिश्वत न मिलने पर महीनों विलम्ब किया जाता है अथवा साक्ष्य के अभाव में निरस्त कर दिया जाता है। खतौनी पर कर्मचारियों द्वारा खातेदारों के नाम व वल्दियत गलत करके सही करने के नाम पर धनउगाही की जाती है। उपजिलाधिकारी न्यायालय में हकदारी के धारा 229बी तथा धारा 144 के सैकड़ो वाद बहुत पुराने लंबित हैं। धारा 145 सीआरपीसी की कार्यवाही में अधिवक्ता हरिकरन सिंह यादव के खाते की आधे भाग की भूमि का विवाद था किन्तु हरिकरन सिंह यादव के अविवादित दूसरे आधे अंश को भी बिना अधिकार कुर्क करके फसल नीलाम कर दी गई। नीलामी की धनराशि कम दिखाकर धनराशि हड़प कर ली गई है। तहसील महमूदाबाद में कुछ लेखपाल कई वर्षों से कार्यरत हैं जो राजस्व अधिकारियों को अवैध धन उगाही कराते हैं, उनको सूचीबद्ध करके उनका ट्रांसफर गैर जनपद किया जाए। राजस्व ग्राम महमूदाबाद, इन्दौरा, इमलिया तिलकापुर, बेहटा छावनी, लालपुर, बांसुरा व चांदपुर लोधीनी ग्रामों में शत्रुसम्पत्ति भूमि पर अवैध रूप से बोई गयी फसलो को अपने अधीनस्थों के माध्यम से हडप करके राजस्व की लाखो रूपयों की चोरी की जा रही है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम का लखनऊ में करोड़ों रुपये का नया मकान बना है। अन्य तमाम व्यवसायिक परिसम्पत्तियां है।

महमूदाबाद तहसील में समस्त भ्रष्टाचार एसडीएम के संरक्षण में फल फूल रहा है जिससे यहां की गरीब जनता दुखी है। अधिवक्ताओं द्वारा भ्रष्टाचार का विरोध करने पर उनके विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज कराने एवं जेल भेज देने की धमकी दी जाती है। उपजिलाधिकारी श्रीमती शिखा शुक्ला का स्थानान्तरण करके उच्चाधिकार प्राप्त आयोग द्वारा इनकी चल व अचल संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराकर विधिक कार्यवाही करायी जाने की मांग की है।इस दौरान महमूदाबाद लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा, महासचिव रवींद्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजाराम नाथ, उपाध्यक्ष आशुतोष कात्यायन, विकास श्रीवास्तव, नईम अहमद, हरिकरन सिंह यादव समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

**समस्या** इमरान मार्केट के निकट पुलिया टूटने से होता है जलभराव

# आधा घंटे की बारिश में नगर हुआ जलमग्न

» महिलाओं व बच्चों को होती है परेशानी, हादसा होने का डर


सड़कों पर भरा बारिश का पानी

**विश्ववार्ता संवाद**

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** मानसून की पहली बारिश ने ही नगर पालिका की व्यवस्थाओं की हकीकत सामने ला दी है। महज आधा घंटे की बरसात में सड़कें तालाब की शक्ल में तब्दील हो गईं। दरअसल, नगर स्थित कुरैशी मार्ग स्थित इमरान मार्केट के निकट बनी पुरानी पुलिया टूटी पड़ी है। जिसके चलते पानी का आवागमन हमेशा बाधित रहता है। परिणामस्वरूप हल्की बरसात में भी जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। बारिश रुकने के घंटों बाद तक सड़क तालब सरीखे नजर आते हैं। जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं सहित नगरवासियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

जलभराव के कारण सड़क हादसों की आशंका भी बनी रहती है। हैरत की बात तो ये है कि टूटी पड़ी पुलिया से सटा हुआ बिजली के ट्रांसफार्मर का निचला भाग भी पानी में डूबा मिला। ऐसे में नगरवासी बिजली करंट का खतर जानलेवा भी साबित हो सकता है। बताते हैं कि टूटी पड़ी पुलिया का टेंडर पास हो चुका है, कुछ दिन काम चलने के बाद निर्माण कार्य अचानक से रुक गया है। जिसका जल्द ही बनना अति आवश्यक है, क्योंकि अभी तो बरसात का मौसम तो शुरू भी नहीं हुआ है। यदि निर्माण कार्य जल्द से जल्द नहीं कराया गया तो सड़क पर जल भराव के साथ-साथ जनता हादसों का भी शिकार हो सकती है। बता दें कि शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब हुई तकरीबन 40 मिनट की बरसात से नगर की कई सड़कें तालाब जैसी दिखने लगी थीं।

ईओ महमूदाबाद शैलेंद्र दुबे ने बताया कि काम चल रहा है बीच में एक दिन काम रुक गया था। जल्द से जल्द कार्य पूरा करवाया जाना पहले ही सुनिश्चित हो चुका है।

## एक नजर

### छत से नीचे गिरकर किशोर हुआ घायल

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के जटपुरवा गांव में बीती रात अंधेरे में किशोर का पैर फिसल गया और वो छत से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन उसे सी एच सी लाए जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के जटपुरवा निवासी बबलू का 13 वर्षीय पुत्र बीती देर रात छत पर गया था। अंधेरा होने के कारण किशोर का पैर फिसल गया। और वो छत से नीचे गिर गया परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसका उपचार कर गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

### रेलवे स्टेशन के बाहर दो पक्षों में मारपीट

**उन्नाव।** रेलवे स्टेशन के बाहर दो पक्षों में मारपीट का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में कुछ युवक एक युवक को जमकर पीट रहे हैं। साथ ही पास में खड़े लोग मारपीट का तमाशा देखते रहे। पुलिस वीडियो को संज्ञान में लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उन्नाव रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर के पीछे नो पार्किंग के पास बीते दिन दो पक्ष नशेबाजी को लेकर आपस में गाली गलौज करने लगे। इसके बाद एक युवक अकेला पड़ गया। जिसको दूसरे पक्ष के चार से पांच युवकों ने जमकर मारा पीटा। आसपास मौजूद लोग खड़े होकर तमाशा देखते रहे। इसी दौरान किसी ने मारपीट कर रहे युवकों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। इससे स्टेशन परिसर में तैनात रहने वाली आरपीएफ और जीआरपी की सक्रियता की पोल खुली है। फिलहाल सदर कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। युवक कहां का है उसकी तलाश की जा रही है। इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्टेशन परिसर के आसपास दुकान लगाकर चाय बेचने वाले दुकानदारों ने बताया कि स्टेशन परिसर के आसपास सुबह-शाम नशे में लोग आए दिन झगड़ा करते हैं। हालांकि जब पुलिस आती है तो वह मौका पाकर भाग निकलते हैं। कभी-कभी तो शराब के नशे में सफर करने वाले यात्रियों को भी मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

### खाना पूर्ति कर मनाया गया योग दिवस

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** पूरे देश में इक्कीस जून को योग दिवस तमाम तैयारियों एवम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लेकिन क्षेत्र के स्कूल कालेजों, अस्पतालों, ब्लाक आदि में सुबह से तैयारियों के साथ योग कार्यक्रम केवल औपचारिकता मात्र निभाकर सम्पन्न हो गया। ब्लाक में मात्र गिने चुने कर्मचारी आकर योग कार्यक्रम करने की फोटो वीडियो बनाकर इति श्री करके योग दिवस मना लिया। कार्यक्रम में बीडीओ, एडीओ, ग्राम पंचायत सचिवों में शैलेन्द्र त्रिपाठी तथा कुछ सफाई कर्मी ही उपस्थित हुए। कर्मचारियों में भी संख्या कम ही रही। कमोवेश पूरे क्षेत्र में योग दिवस मनाना है इस भावना से खाना पूरी कर दी गई।

### नींद आने से बाइक पलटी

**औरास उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर गुडगांव से अलहा दाद पुर सुल्तानपुर जा रहे बाइक सवार आलोक सिंह पुत्र कप्तान सिंह अभी वह प्वाइंट संख्या 258 पर पहुंचे ही थे कि अचानक नींद आ गई जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमे चालक आलोक सिंह को चोट आ गई। सूचना पर पहुंची यूपीडा ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### एबीवीपी ने एनटीए का पुतला फूंक जताया विरोध

**कानपुर।** 18 जून को हुई यूजीसी नेट की परीक्षा में धांधली के चलते केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षा को होने के बाद रद्द कर दिया गया जिससे लाखों अभ्यर्थियों में नाराजगी के साथ एनटीए और सरकार के खिलाफ अक्रोश दिखाई दे रहा। छात्र हित की बात करने वाले संगठन ने इस परीक्षा में हुई धांधली के चलते शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। जिसमे कानपुर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर एनटीए का पुतला फूंककर सरकार विरोधी नारे लगाए गए। परीक्षाओं में लगातार हो रही धांधली और पेपर लीक जैसे मामलों ने छात्रों के मन में सरकार के विरोध में आक्रोश पैदा कर दिया है। अब ये नाराजगी सरकार के लिए भी मुसीबत साबित हो रही है सरकार परीक्षा को सकुशल कराने में असफल साबित हो रही है। वहीं आज कानपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोगों ने बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर सरकार विरोधी नारों के साथ हाथों में एनटीए का पुतला लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया साथ ही अधिकारियों और पुलिस के सामने पुतला भी फूंक दिया और अपने आक्रोश और चारों के भविष्य के साथ हो रहे नुकसान की बात कही। इसके खिलाफ सरकार जांच करे और निष्पक्ष परीक्षा कराए जिससे चारों का भविष्य खराब न हो इसके साथ ही इस एजेंसी को खत्म किया जाना चाहिए।

### यूजीसी नेट परीक्षा को लेकर सड़कों पर उतरी कांग्रेस

**कानपुर।** सरकार को घेरने के लिए विपक्ष को एक बार फिन नया मुद्दा मिल गया और इस मुद्दे में पिछली कई घटनाएं जुड़ गई हैं। यूजीसी नेट परीक्षा 2024 में 18 जून को आयोजित की गयी थी लेकिन परीक्षा के दो दिन बाद ही केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय की संयुक्त वार्ता में इस परीक्षा को रद्द किए जाने के फैसले पर मुहर लगी जिसके बाद से ही इस परीक्षा में शामिल हुए लाखों छात्रों का जोरदार प्रदर्शन कर दिखाया। शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और 2024 लोकसभा चुनाव में गठबंधन का चेहरा रहे आलोक मिश्रा, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी करिश्मा ठाकुर सहित कई बड़े कांग्रेसी नेता सड़क पर उतर कर परीक्षा रद्द के मामले में सरकार विरोधी नारे लगाते दिखायी दिए। परीक्षा निरस्त होने वाले मामले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेसियों ने सरकार को घेरने की कोशिश की।इस दौरान सामूहिक रूप से सबने कहा कि इस तरह के मामले छात्रों के भविष्य को अधर में डाल रहे हैं और इस तरह के धांधली अगर बंद नही हुई तो सरकार कें खिलाफ ऐसे प्रदर्शन होते रहेंगे और लोगों का सरकार से बचा हुआ थोड़ा बहुत विश्वास भी उठ ही जाएगा।

### सड़क किनारे पाया गया अधेड़ का शव

**कानपुर।** बिल्हौर थाना क्षेत्र में चांडाली क्रॉसिंग के पास सड़क के किनारे शुक्रवार की सुबह एक अधेड़ का शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कहना है कि अब तक उसकी पहचान नहीं हो पायी है। उसकी मौत कैसे हुई यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। जिससे उसकी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर अजय त्रिवेदी ने बताया कि पुलिस को आज सुबह सूचना मिली कि एक 55 वर्षीय अधेड़ का शव चांडाली क्रॉसिंग के पास सड़क के किनारे पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया और फील्ड यूनिट को भी बुलाया। उसके शरीर में कोई चोट के निशान नहीं है। जिससे उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमार्टम होने के बाद ही मृत्यु का कारण पता चल पाएगा। पूछताछ के दौरान आस—पास के लोगों ने बताया कि गुरुवार की शाम यह व्यक्ति शराब के नशे में इधर-उधर भटक रहा था, शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है।

### अनियंत्रित बाइक खंभे से टकराई युवक की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** जनपद कासगंज के थाना ढोलना अंतर्गत गांव चंदन नगला निवासी 19 वर्षीय राजेश उर्फ बीरू पुत्र महावीर बाइक से फेरी लगाकर कपड़े बेचता था। वह जिला देवरिया में कपड़ों की बिक्री कर वापस घर लौट रहा था। तभी रास्ते में आज शुक्रवार को दोपहर बाद आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव जोगीकोट के सामने उसकी बाइक अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे लगे लोहे के सेफ्टी गार्ड से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यूपीडा कर्मियों ने मृतक का शव बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। सूचना पर पहुंची बेहटा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

### अनियंत्रित ई रिक्शा पलटने से चार महिलाएं घायल

**कानपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र में बारी गांव के पास शुक्रवार को एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चार महिलाएं घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिलाओं को उपचार के लिए तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर रंजीत कुमार ने बताया कि हादसे में घायल कानपुर नगर के साढ़ थाना क्षेत्र के अकबरपुर बराई गांव निवासी सुमित्रा पत्नी विनोद, इसी गांव की वंदना मिश्रा पत्नी नीरज सिंह, करचुलीपुर गांव निवासी सावित्री पत्नी महिपाल, इसी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी रेखा पत्नी स्वर्गीय शैलेन्द्र को पुलिस ने भीतरगंज सीएचसी में भर्ती कराया है। एसीपी ने बताया कि उक्त सभी महिलाएं एक ई रिक्शा में सवार होकर भीतर गांव की तरफ जा रही थी। रास्ते में बारी गांव के पास स्थित नारायण सिंह डिग्री कॉलेज के सामने ई रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सभी घायल हो गई।

# योगमय हुआ सारा नगर, हर तरफ छाया बस- योग ही योग







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कानपुर नगर में लगभग पांच सौ से अधिक स्थानों पर योगशालाएं आयोजित की गईं। सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के साथ ही व्यापारिक और सामाजिक संस्थाओं की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाभ्यास के माध्यम से देश और दुनिया को निरोग जीवन का संदेश देने का प्रयास किया गया। भोर में पौ फटते ही योग, व्यायाम और प्राणायाम के चलते पूरा नगर ही मानो योगमय हो गया।क्यास छोटा क्याक बडा,बुजुर्ग, खिलाडी, राजनेता और समाजसेवियों के साथ ही युवक और युवतियों ने योग के प्रति अपना रुझान दिखाते हुए उस पद्धति के कई आसनों पर अभ्याास भी किया। योग के आसनों को कर हर एक के चेहरे पर रोग को परास्त करने की ललक योग के माध्येम से दिखायी ही दे रही थी। योग का सबसे बडा कार्यक्रम ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित किया। जहां मुख्य अतिथि तौर पर पधारे औद्योगिक विकास व प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता (नन्दी) व विशिष्ट अतिथि महापौर प्रमिला पाण्डेय, सांसद रमेश अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरूण, विधायक सुरेन्द्र मैथानी, एमएलसी अविनाश सिंह चौहान, प्रमुख सचिव व कानपुर के नोडल अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, केडीए उपाध्यरक्ष मदन सिंह गर्बयाल, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ राजेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर योग महोत्सिव का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में बंगलौर आश्रम से आये आर्ट ऑफ लिविंग के योगाचार्य विक्रांत त्रिपाठी व उनकी टीम द्वारा योग व ध्यान कराया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के एक बड़े लक्ष्य की दिशा में एक छोटे से योगदान के रुप में प्रशासन द्वारा कार्यक्रम में आये सभी प्रतिभागियों को एक पौध इस संकल्प के साथ उपलब्ध कराया गया, कि पौध को रोपण कर उसको संरक्षित करेंगे।

इस दौरान नंद गोपाल गुप्ता (नन्दी) ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विधि है, करे योग-रहें निरोग योग मनुष्य को स्वस्थ रखने के लिए बहुत आवश्यक है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने योग पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव रखा की 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा, और आज पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है। उन्होंने कहा कि यही नही मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में योग दिवस का कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिसमें 57 जनपदों में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री व अन्य जनपदों में जनप्रतिनिधि गण व शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति और परम्परा से जुड़ा हुआ है योगाभ्यास, इसके फायदे के सम्बन्ध में हर एक व्यक्ति तक जानकारी पहुंचाने के लिये, योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या बनाने के लिये यह कार्यक्रम एक अच्छा संदेश देगा, लोग इससे प्रेरणा लेकर योगाभ्यास प्रारम्भ करेंगे।

**विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, एनसीसी, एनएसएस,के स्वयंसेवकों ने किया योग**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'कानपुर विश्वपविद्यालय परिसर में सामान्य योगाभ्यास कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों,अधिकारियों,कर्मचारियों के साथ ही, छात्र-छात्राओं,समेत एनसीसी., एनएसएस. इस्कॉन, ब्रह्मकुमारी, गायत्री परिवार संस्थाओं के हजारों की संख्या में लोगों द्वारा योगिक सूक्ष्मव्यायाम, वृक्षासन, भद्रासन, उत्तान मांडूकासन, भुजंगासन, सलभासन, सेतुबंधासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि योगाभ्यास किये ।

कार्यक्रम का उदघाटन कुलपति विनय कुमार पाठक के साथ मुख्य अतिथि डा0 एएस प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सीएसजेएमयू. एलुमुनाई एसोसिएशन एवं संस्थापक, स्वस्थ समाज समिति, कानपुर, विशिष्ट अतिथि डा0 अल्का शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ0 वन्दना पाठक, प्रति कुलपति सुधीर कुमार अवस्थी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ0 अनिल कुमार यादव ने संयुक्तक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर कुलपति विनय कुमार पाठक ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय योग पखवाड़े के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों को संपन्न करते हुए राज्यपाल महोदय के निर्देशन में सभी विश्वविद्यालयों ने मिलकर आनलाइन योग शपथ में गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज कराया है, जिसमें हमारे विश्वविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए कुल 2 लाख 88 हजार 134 लोगों को शपथ करवाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 एएस प्रसाद, ने कहा कि योग जहाँ एक ओर स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य संवर्धन और संरक्षण में सहायक है वहीं दूसरी ओर विभिन्न बीमारियों में भी रोगी की आवश्यकता और समर्थ को देखते हुए यदि अभ्यास कराए जाएं तो उनका उपचार और प्रबंधन भी संभव है।

इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, उप कुलसचिव डॉ0 सरस कपूर, अजय गौतम, अंजली मौर्या, हिमांशु शुक्ला, राबिन्स पोरवाल, डॉ0 आर.पी. सिंह, डॉ0 दिग्विजय शर्मा, डॉ योगेंद्र पांडे, डॉ दिवाकर अवस्थी, डॉ0 श्रवण कुमार यादव, डॉ0 प्रभाकर पांडे, डॉ0 आशीष कुमार कटियार, निमिषा सिंह कुशवाहा, डॉ0 हिमांशु त्रिवेदी एवं अन्य शिक्षक, अधिकारी उपस्थित रहे।

**सीएसए में मनाया गया सामूहिक योगाभ्यास**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ0 आनंद कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा गया कि यौगिक जीवन शैली का प्रमुख अंग शारीरिक स्वास्थ्य है जिसके लिए सतत प्रयास करने की जरूरत है। संतुलित एवं व्यवस्थित जीवन के लिए शरीर पर समुचित एवं केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना पड़ता है, आसन एवं प्राणायाम इसमें सहायक होते हैं। उन्होंने योग को बड़ी पावरफुल प्रक्रिया बताया तथा कहा कि योग से चमत्कारिक परिणाम मिलते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ योग शिक्षक मदन मोहन भरतिया द्वारा दंडासन, उष्ट्रासन, शवासन, वज्रासन के विषय में तथा योगाचार्य डॉ0 अनिल आनंदम द्वारा अर्ध चंद्रासन, गोमुख आसन व भुजंग आसन के विषय में विस्तार से बताया और साथ ही जानकारी दी कि छात्र छात्राओं को दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य निर्धारित करते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ0 पीके उपाध्याय, डॉ0 सीएल मौर्य,निदेशक डॉ0 विजय यादव, डॉ0 आरके यादव, डॉ0 आरबी सिंह, डॉ0 कौशल कुमार, डॉ0 संजीव शर्मा आदि ने सहभागिता की।कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राजीव, द्वारा किया गया।कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों, शिक्षकों, संभ्रांत नागरिकों के साथ-साथ लगभग 1100 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**नगर के सभी थानों में कार्यक्रम आयोजित कर किया गया योगाभ्यास**

10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों को शारीरिक, मानसिक एवं मजबूत आत्मबल से सम्पूर्ण बनाने के उददेश्यक से कानपुर कमिश्नरेट के सभी थानों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। , जिसमें सभी थाना प्रभारी व अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास किया गया । कार्यक्रम में सभी लोगों को योग के महत्व के बारे में बताया गया कि योग को अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करने से न केवल शारीरिक रूप से अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं बल्कि स्वयं को मानसिक तनाव से भी दूर रखा जा सकता है ।

## जनपद के नोडल अधिकारी व डीएम एसपी समेत अन्य लोगो ने किया योगाभ्यास



**उन्नाव।** दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम उत्तर प्रदेश शासन बी एल मीणा एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम उन्नाव में निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया तथा योगा प्रतिभागियों एवं डिजाइनिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने जनपदवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग सिर्फ एक दिन का विषय नहीं है, हम इसे जीवन जीने का तरीका बनाएं तभी इसके सार्थक परिणाम मिलेंगे। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित करते व सभी को योग दिवस की बधाइयां देते हुए कहा कि योगा हम सबके लिए अत्यन्त लाभकारी है, इसको जीवन में ढालें। इस दौरान योगाचार्य राम प्रकाश द्विवेदी, कविता यादव एवं वन्दना तिवारी द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित योग प्रतिभागियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन व प्राणायाम कराए गए साथ ही सभी योगासनों के अलग-अलग फायदे भी बताए गए। इसके साथ ही नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी द्वारा सूर्य नमस्कार, ट्रेडिशनल योगा एवं आर्टिस्टिक सिंगल बालक वर्ग में अयन त्रिपाठी एवं नैतिक प्रजापति, नमस्कार बालिका वर्ग कंचन, अनन्या पाल एवं पुष्पा, ट्रेडिशनल योगा में माही यादव, पुष्पा एवं अनमोलिका सिंह, डिजाइनिंग प्रतियोगिता में मानवी भारती, अर्पित मिश्रा एवं आर्यन मिश्रा, आर्टिस्टिक सिंगल बालिका वर्ग में माही यादव, पुष्पा एवं अंशिका साहू को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। योगाभ्यास के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डाक्टर कप्तान सिंह, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित सरकारी वकील, पत्रकार बन्धु एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की भिंड़त में दो सगे भाई व ममेरे भाई को ट्रक ने रौंदा, मौत

## दूसरी बाईक पर सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सफीपुर उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडी से मजदूरी करके वापस लौट रहे एक ही परिवार से सम्बंधित बाईक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी व दूसरी बाईक पर सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। कस्बा मियाँगंज के मोहल्ला मेवाती टोला निवासी अभिषेक उम्र 20 वर्ष व अभय उम्र 17 वर्ष पुत्रगण वंशराज अपने ममेरे भाई जय उम्र 14 वर्ष पुत्र बब्लू राठौर निवासी उपरोक्त के साथ मियाँगंज चौराहा आम मंडी में मजदूरी करके बाइक से घर लौट रहे थे।

अभी वह सीएचसी मियाँगंज के समीप ही पहुँचे थे की तभी दूसरी बाईक सवार जनपद हरदोई के शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी सौरभ उम्र 25 वर्ष पुत्र सर्वेश की आमने सामने दोनों बाइकों भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक पर सवार मियाँगंज के तीनों युवक सड़क पर गिर गए तभी लखनऊ की ओर से आ रहे ट्रक के नीचे आकर दो सगे भाईयों व ममेरे भाई सहित तीनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको मियाँगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना पर मय पुलिस बल पहुँचे प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह ने तीनों शवों को कब्जे में ले लिया है। मृतक जय की माँ ललिता व छोटे भाई मीरू सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक अभिषेक व अभय की माँ बिटाना सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## अनियंत्रित बस पेड़ से टकराई, दर्जनों यात्री घायल



**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के नसीरापुर गांव के पास बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे बस में सवार एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। दिल्ली से चलकर बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से होकर हसनगंज को जा रही थी कोतवाली क्षेत्र के नसीरापुर गांव के पास पीछे से एक आ रहे कंटेनर ने बस को ओवरटेक किया, लेकिन सामने से आ रहे दूसरे वाहन ने जगह नहीं दी। जिससे बस चालक ने यात्रियों को बचाने के लिए बांए साइड उतार दिया। जिससे बस सीधे पेड़ से टकरा गई। बस टकराते ही बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में एक दर्जन यात्री घायल हो गए। एक्सीडेंट की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों का उपचार किया। घायलों में अमन, कमलेश, सुमित, अवंतिका, सोनी, विपिन कुमार, महेश, रिशु, शिवकुमार, श्री राम, विपिन समेत अन्य शामिल हैं। बांगरमऊ सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस पहुंची है। घायलों इलाज चल रहा है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## बहुमंजिली इमारतों से कर वसूली में लापरवाही पर निलम्बन की कार्यवाही

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** नगर की बहुमंजिली इमारतों से कर वसूली में लापरवाही करने वाले दो कर्मचारियों पर निलम्बन की कार्यवाही कानपुर नगर निगम की ओर से कर दी गयी है। शहर की चार बहुमंजिली इमारतों के लगभग 1933 फ्लैटों के बदले केवल 955 घरों से ही कर वसूली करने वाले दोनों कर्मचारियों को निलम्बित किया गया है। कानपुर नगर निगम की ओर से जारी सूचना के मुताबिक नगर आयुक्त के पास बीते कई दिनों से कर वसूली में चोरी और लापरवाही की शिकायतें दर्ज करवायी गयी थी जिस पर अमल करते हुए उच्च अधिकारी ने जोन-6 के अन्तर्गत स्थित बहुमंजिला इमारतों रतन ऑर्बिट, डिविनिटी होन्स, कान्हा श्याम रेजीडेन्सी और गुलमोहर रेजीडेन्सी की परिसम्पत्तियों के कर निर्धारण और वसूली की मौके पर जॉच करवायी । जिसमें पाया गया कि रतन ऑर्बिट में 1220 फ्लैट, कान्हा श्याम रेजीडेन्सी में कुल 320 फ्लैट, डिविनिटी होम्स में कुल 273 फ्लैट, तथा गुलमोहर रेजीडेन्सी में 172 फ्लैट है ।

अपर नगर आयुक्त संतोष यादव की ओर से की गयी जाँच में पाया गया कि रतन ऑर्बिट में 1220 के बजाय 535 , डिविनिटी होम्स में 273 के बजाय 116, कान्हा श्याम रेजीडेन्सी में 320 के बजाए 181 एवं गुलमोहर रेजीडेन्सी में 172 के बजाए 123 फ्लैट से ही कर की वसूली की जा रही है। यह मामला संज्ञान में आते ही नगर आयुक्त ने क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक अवधेश वर्मा को कार्य में घोर लापरवाही बरतने एवं जानबूझकर परिसम्पत्तियों को कर वसूली के दायरे में दर्ज न कराने के आरोप तत्काल प्रभाव से निलम्बन हेतु प्रस्ताव शासन को संदर्भित कर दिया है।

साथ ही कर अधीक्षक प्रीतम वर्मा के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये । नगर आयुक्त ने बताया कि इस प्रकार के कार्यों से नगर निगम के राजस्व की हानि हुई है, नगर निगम की ऐसी सभी सम्पत्तियों को कर के दायरे में लाया जायेगा तथा सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि अपने-अपने जोन में सभी सम्पत्तियों को कर के दायरे में अवश्य लाये अन्यथा जाँच में पता चलने पर कार्यवाही की जायेगी ।

## मजदूरी कर रहे मजदूर की छत से नीचे गिरने से मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा चौकी के अंतर्गत एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे मजदूर की छत से गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों का रो-रोकर पर बुरा हाल होता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया है मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के रुपानी खेड़ा गांव का रहने वाला बिरजू कुमार (35) पुत्र बाबूलाल मजदूरी करके अपने घर का जीवन यापन करता था। शुक्रवार को वह मगरवारा चौकी क्षेत्र के एक घर में हो रहे निर्माण कार्य में मजदूरी करने गया था। काम करने के दौरान ही बिरजू छत पर था और पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। चौकी इंचार्ज मगरवारा ने मृतक के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के दो बेटे और एक बेटी है। मृतक पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। घटना के बाद पत्नी रामदेवी रो रोकर बेहाल होती रहे।

# बांग्लादेश टीम का कानपुर 'टूर' ग्रीनपार्क की सारी कमियां हुईं दूर?

» यूपीसीए अभी तक जिन कमियों को गिनाकर झाड़ लेता था पल्ला अब उन्हीं का करेगा गुणगान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** ग्रीनपार्क को लगभग 3 सालों के लम्बे अन्तराल के बाद बांग्लादेश जैसी टीम के खिलाफ टेस्ट मैच का आवन्टन वैसे तो हर क्रिकेट प्रेमी के लिए हर्ष का विषय है। ग्रीनपार्क में टेस्ट मैच की मेजबानी उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के लिए एक लिटमस टेस्ट की तरह भी है। सितम्बर वाले लिटमस टेस्ट में पास होते ही संघ को आने वाले समय में एकदिवसीय,टी-टवेन्टी मैच मिल सकेंगे। यूपीसीए अभी तक यहां पर अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी से लगभग दूरी बनाए हुए था। संघ यहां पर मैच आयोजित न करवाने के लिए न जाने कितने बहाने बनाता आ रहा है कभी उसने यहां पर खिलाडियों के लिए पांच सितारा होटल न होने की बात कही तो कभी प्रोडक्शन टीम के लिए एक साथ कई कमरों के न मिल पाने की। यही नही एक दिवसीय और टी-टवेन्टी के साथ ही आईपीएल के भी कुछ मैचों की मेजबानी से वंचित ग्रीनपार्क को यूपीसीए ने लगभग काली सूची में डाल ही दिया था। ग्रीनपार्क में मैचों के आयोजन को लेकर जब कभी भी यूपीसीए के अधिकारियों से चर्चा की गयी तो बस उन्होने ग्रीनपार्क के साथ ही नगर की भी कमियों को गिनवाने का काम किया।पदाधिकारी तो यहां तक कहते रहे कि स्टेडियम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के नियमों के नीचे आ गया है और बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार यहां पर टीमें आने से मना कर देती हैं। ऐसा कई बार हुआ है जब मैचों के आवन्टन होने के बाद भी ग्रीनपार्क से मैच स्थानांतरित करवा दिए गए।

अब गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ आवन्टित टेस्ट मैच की तिथि के बाद से ही यूपीसीए के पदाधिकारियों के सुर ही बदल गए। यूपीसीए के पदाधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर अपने पहले दिए बयान पर पलटते हुए कहा कि कि ग्रीन पार्क स्टेडियम के अन्तर्राष्ट्रीय दर्जे को नहीं खोने के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि यह 1952 में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच आयोजित करने के बाद से प्रमुख स्थलों में से एक है। संघ के दूसरे सदस्य ने कहा कि वास्तव में, हर किसी ने ग्रीन पार्क में अंतरराष्ट्रीय मैच होने की उम्मीद छोड़ दी थी। आयोजन स्थल की स्थिति ठीक नहीं है। आउटफील्ड की हालत खराब है और सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए इसमें गंभीर सुधार की जरूरत है। यूपीसीए के एक अन्य अधिकारी ने स्वीकार किया कि कानपुर में पर्याप्त पांच सितारा होटल और अन्य सुविधाओं की कमी ग्रीन पार्क में अब बड़े मैच नहीं होने का एक अन्य कारण है। वहीं नगर के एक पूर्व रणजी खिलाडी ने बताया कि जिन कमियों के चलते मैच नही करवाए जा रहे थे अब संघ उन्ही कमियों को खूबी बताने में गुरेज नही करेंगे। बतातें चलें संघ का ग्रीनपार्क के प्रति रवैया बीते दिसम्बर महीने से ही कुछ ठीक नही चल रहा पिछले सीजन में यूपी बनाम असम रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान असम की टीम को कानपुर विश्वविद्यालय के एक छात्रावास में ठहराना पड़ा था, क्योंकि संघ पास उनके लिए कोई होटल उपलब्ध नहीं था। यूपीसीए के एक पदाधिकारी ने बताया कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि ग्रीन पार्क स्टेडियम का इतिहास काफी समृद्ध है लेकिन आधुनिक क्रिकेट में खिलाड़ियों के अलावा कई लोग और चीजें शामिल हैं, इसलिए, कानपुर में वह क्षमता दिखायी नहीं देती है।अब जबकि बोर्ड ने मैच आवन्टित कर ही दिया तो स्टेडियम की कमियों को दूर करवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा जिससे आगे भी मैचों के आवन्टन का सिलसिला जारी रहे।

# योग को नियमित दिनचर्या में करें शामिल : प्रतिभा







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** 10 वें विश्व योग दिवस पर जिले भर में सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों, विभिन्न जगहों पर, घरों में योग दिवस पर योगाभ्यास हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। योग दिवस की पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में अपने संयुक्त राष्ट्र संबोधन में की थी, तभी से प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। विश्व गुरु के अभियान को सफल बनाने में ₹स्वयं और समाज के लिए योग ₹की थीम को साकार करते हुए दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित ''योगोत्सव'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री महिला कल्याण बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला,स्वास्थ्य सचिव पिंकी जावेल,जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल, एथलिस्ट सुधा सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जनमानस ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योगासन की विभिन्न मुद्राओं के जरिये जिलेवासियो को स्वस्थ्य और निरोगी रहने का संदेश दिया।

राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के अथक प्रयासों से पौराणिक एवं वैदिक पद्धति योग को एक अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल पाई है। जिसके फलस्वरूप आज भारत के साथ-साथ पूरे विश्व के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर रहें है। प्रधानमंत्री के हम सभी आभारी हैं, जिन्होंने भारतीय ऋषि परंपरा के उपहार योग को न केवल भारत में बल्कि दुनिया में प्रतिष्ठित किया है।

राज्य मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। विश्व योग दिवस पर योग प्रत्येक घर में किया जा रहा है। नियमित रूप से योग करने से व्यक्ति निरोगी रहता। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अपील किया कि योग को सिर्फ एक विशेष दिन के लिए ही न किया जाय बल्कि योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल किया जाए। आज के समय प्रत्येक व्यक्ति के लिए योग करना जरूरी है। डीएम हर्षिता माथुर ने आमजन से आवाहन किया कि वह योग को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। प्रत्येक दिन कम से कम आधा घंटा आवश्यक रूप से योग करना चाहिए। योग करने से मनुष्य स्वस्थ व निरोग रहता है। उन्होंने कहा कि योग करने से हम स्वयं व अपने आसपास के लोगों को स्वस्थ व निरोग बना पाएंगे और वसुदेव कुटुंबकम की परिकल्पना को साकार कर पाएंगे। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। योग को सहजता,सरलता व सजगता के साथ करना चाहिए। योग के लिए समय की कोई पाबंदी नहीं है।

इस अवसर पर राज्य मंत्री ने दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चित्रकला,रंगोली,भाषण आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डॉ रवि प्रकाश सोनकर,अपर जिलाधिकारी(प्र) प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट बाबूराम, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, जिला क्रीड़ा अधिकारी के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

आईटीआई लिमिटेड इकाई रायबरेली के प्रांगण में विश्व योग दिवस पर सुबह योगाभ्यास शुभारंभ हुआ, जिसमे पतंजलि योग पीठ से प्रशिक्षक केएन चौबे ने योग क्रिया की विधाओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया गया। इकाई प्रमुख राजीव कुमार श्रीवास्तव सपत्नीक, प्रबंधन मंडल के उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ए.एन. सिंह, उप महाप्रबंधक पीपीएम एवं मार्केटिंग राजाराम पाण्डेय, उप महाप्रबन्धक वित्त रजनीश भटनागर, उप महाप्रबंधक कार्य किशोर कुमार, मुख्य प्रबंधक केंद्रीय सेवाएं पुष्कर नाथ चौधरी, मुख्य प्रबंधक सिविल नरेंद्र कुमार शर्मा, नगर प्रशासक भोला नाथ मिश्रा, उप प्रबंधक सतर्कता विष्णुदत्त मिश्रा, राजेंद्र सिंह सेंगर, अभिषेक मौर्या अधिकारी संवर्ग तथा कर्मचारी उपस्थित रहें। उप महाप्रबंधक राजाराम पाण्डेय ने विधिवत योगाभ्यास कराते हुए कार्यक्रम समापन कराया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख ने योग प्रशिक्षक को धार्मिक पुस्तक भेंट कर सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इकाई जनसंपर्क अधिकारी शिव कुमार सिंह ने सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

मातृभूमि सेवा मिशन इकाई के तत्वाधान में शहर के राना बेनी माधव पार्क शहीद स्मारक में प्रातः तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग शिविर का दूसरा दिन संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि परिव्राजक संत विज्ञानानंद महाराज ने अपने व्यक्त किए। उन्होंने योग के शानदार कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि लोगो को शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक लाभ अवश्य उठाना चाहिए। अरुणेंद्र सिंह ने योग शिविर में योगिंग जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम,आसन आदि क्रियाओं का अभ्यास कराया। मनोज पांडेय बजरंग दास व समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हर क्षण हर पल हर समय आनंद में रहना ही योग है।संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय एवं योगाचार्य बृजमोहन ने योगाभ्यास कराया। इस मौके पर आरती पाण्डेय,नीलू सिंह, रनिता सिंह, अंकित अग्रहरि, देव,राज अग्रहरि, अनुराग ,सिद्धार्थ दुबे ,आरती, संगीता मिश्रा, श्रवण पटेल,राजन सिंह, बृजेश सिंह, विजय सिंह बघेल, संतोष त्रिपाठी,सरला मौर्या, आर के सिंह,अरुणेंद्र सिंह,महेश सिकरिया, कृष्ण कांत गुप्ता, कोमल सिंह, शशि वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

सलोन : सलोन क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।इस दौरान सरकारी एवम गैर सरकारी संस्थानों में विश्व योग दिवस के अवसर पर लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।सलोन नगर के तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार और तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी ने अपने कर्मचारियों के साथ योग शिविर में भाग लिया।सर्वोदय इंटर कालेज में नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी,प्रधानाचार्य अमित भारती ने नगर के दर्जनों लोगों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया।योगा शिक्षक विवेक मौर्या ने बताया कि योग मानवता के लिए भारत का अद्वितीय उपहार है।कोतवाली परिसर में पुलिस कर्मियों ने योग शिविर में भाग लिया।ब्लाक परिसर में बीडीओ की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन में डॉ भावेश की अध्यक्षता में योग शिविर लगाया गया। एनिमल ब्रीडिंग सेंटर सलोन में कर्मचारियों के लिए योग शिविर का आयोजन हुआ ।योगाचार्य डॉ रवि प्रताप सिंह ने सभी कर्मचारियों एंव अधिकारियों को योगाभ्यास और स्वस्थ रहने के तरीके बताए। शिविर में महाप्रबंधक डॉ सी टी पटेल ने योग के महत्व के बारे में जागरूकता की अपील की।इस मौके पर प्रबन्धक शिव पांडे , मनीष अवस्थी रहे।निमिषा कान्वेंट स्कूल मटका में प्रधानाचार्य रीना मिश्रा सभी को योग के महत्व को बताए हुए नियमित योग करने के लिए प्ररित किया। वही ग्राम पंचायत मटका में ग्राम प्रधान धर्म पाल रजक, रोज़गार सेवक वीरेंद्र मौर्य के द्वारा मनरेगा मजदूरों को योग करने का लाभ बताते हुए सैकड़ों की सख्या में महिला पुरुष कराया गया। योगा शिक्षक छेदीलाल मौर्या ने बताया कि विभिन्न प्रकार के रोग जैसे स्वास, दमा, रोग, हृदय रोग सर्दी, जुखाम, आदि रोगों को योग के माध्यम से ही कैसे दूर किया जाता है।उन्होंने कहा कि यदि हम लोग योग प्राणायाम प्रतिदिन करेंगे तभी बीमारियों से मुक्ति पा सकते हैं।इस दौरान योगा शिक्षकों ने योग शिविर में ऋग्वेद के मंत्र के साथ-साथ सूक्ष्म व्यायाम ताड़ासन, पाद हस्तासन, चक्र आसन, मकर आसन, वक्रासन हलासन, भुजंगासन, तथा भस्त्रिका, कपालभाती, शीतली, सीत्कारी, ध्यान प्राणायाम कराया गया।

जिला न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन सेशन्स हाउस व जिला कारागार में किया गया।

विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग शिविर में सभी न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर अपर जनपद न्यायाधीश आलोक कुमार सिंह, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त जिला कारागार रायबरेली में निरुद्ध बन्दियों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए योग शिविर का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक रामभोले शुक्ल व अनुराग पाण्डेय तथा महिला प्रशिक्षक शालिनी तिवारी व शिवानी रस्तोगी के सहयोग से आयोजित किया गया।

योग शिविर में अपर जिला जज/सचिव द्वारा बन्दियों की शारीरिक व मानसिक विकास के लिए विपशना जैसी यौगिक क्रियाओं को उनके दैनिक जीवन में शमिल करने पर बल दिया गया। सचिव द्वारा जेल प्रशासन को इस सम्बन्ध में आवश्यक प्रयास किये जाने हेतु कहा गया। उक्त योग शिविर में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल के डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल योगेश चन्द्र, विपिन कुमार व जेलर हिमाशुं रौतेला, जेल चिकित्साधिकारी सुनील अग्रवाल, डिप्टी जेलर धर्मपाल सिंह, इन्द्रमणि शुक्ल, ज्ञानलता व कंचनलता मिश्रा, सुमैया परवीन उपस्थित रही।







## एक नजर

### एम्स रायबरेली ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**रायबरेली।** एम्स ने संस्थान के बहुद्देशीय सभागार में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम के दौरान एक अतिथि व्याख्यान और विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक प्रोफेसर अरविंद राजवंशी, संकाय प्रमुख प्रोफेसर नीरज कुमारी, उप-निदेशक (प्रशासन) एस. के. सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल यू. एन. राय और अन्य संकाय सदस्य, नर्सिंग अधिकारी, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। काय चिकित्सा विभाग, बीएचयू वाराणसी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो ओ.पी. सिंह इस कार्यक्रम के माननीय अतिथि थे। उन्होंने ₹योग आहार और स्वास्थ्य₹ पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया, जिसमें आहार के महत्व और शारीरिक और मानसिक कल्याण में योग की भूमिका के बारे में बताया। प्रोफेसर अरविंद राजवंशी ने सभा को संबोधित किया और योग को अपनी जीवन-शैली में शामिल करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। इस वर्ष का थीम था ₹स्वयं और समाज के लिए योग₹। योग प्रशिक्षकों द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न आसन, प्रणायाम और ध्यान करने की तकनीकों के माध्यम से मार्गदर्शन किया। डीडीए एस.के. सिंह ने सूर्य नमस्कार सत्र का नेतृत्व किया और सभी को इसमें भाग लेने व लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। एम्स ने ऐसी पहलों के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जो चिकित्सा उत्कृष्टता और सामुदायिक कल्याण के प्रतीक के रूप में सेवा करने के अपने मिशन को सुदृढ़ करता है।

### करंट की चपेट में महिला झुलसी

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खंदारीपुर निवासिनी रेखा पंखा चलाने हेतु विद्युत बोर्ड में प्लग लगाते दौरान करंट की चपेट में आकर झुलस गई जिसकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी में परिजनों ने भर्ती कराया है। सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।

### नहर की पटरी कटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

**रायबरेली।** नहर विभाग की लापरवाही के चलते सदर तहसील के हरचंदपुर थाना के दरौली निकट हरचंदपुर दक्षिण के हरदासपुर माइनर की दक्षिणी माइनर कट जाने से धान की बेड़ व अन्य सीजनी फसलों में पानी जाने से जलमग्न हो गया।जिससे सैकड़ों बीघा खेतों में जलमग्न हो जाने से किसानों की गाढ़ी कमाई में पानी फेर दिया।ग्रामीणों ने कड़ी मषक्कत के बाद चंदा लगाकर जेसीबी मंगाने के बाद किसी तरह पटरी को बांधकर पानी के बहाव को खेत की ओर आने से रोका।लेकिन सूचना के बावजूद नहर विभाग के अधिकारी तक मौके पर नही गए।जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।उधर एसडीएम सदर ने बताया कि जांच प्रकरण का करवाया जाएगा जिसके बाद हम कुछ स्पष्ट कर पाएंगे।

### दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, दो गंभीर घायल

**रायबरेली।** भदोखर थाना के अन्तर्गत शंकरगंज में दो बाइक में भिड़ंत हो गया।जिसमे बाइक सवार पवन निवासी मनेहरू थाना भदोखर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे बाइक सवार राजू व दिनेष कुमार गांव मनेहरू को गंभीर चोट लगने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक पवन कुमार का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

### प्रेमिका से मिलने गए दो युवकों को पेड़ में बांधकर पीटा

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवक प्रेमिका से मिलने उसके गांव रात में पहुंच गए जहां पर दोनो युवकों को उनके परिजन ने पकड़कर पेड़ में बांधकर दोनो की जमकर पिटाई कर दिया।जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को पेड़ में बांधकर पीटने से मुक्त करवाने के बाद सीएचसी में भर्ती करवाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है मारपीट का वीडीओ सोषल मीडिया में वायरल करने के बाद उच्चाधिकारी ने भी संज्ञान लिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वीडीओ के आधार पर जांच करके मारपीट करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

### दो डंपरों में भिड़ंत, चालक परिचालक घायल

**रायबरेली।** गुरूबख्सगंज थाना के गांव किलौली के निकट दो डंपरो में भिड़ंत हो गया।जिसमें एक डंपर को चालक लेकर फरार हो गया। जबकि दूसरे डंपर के चालक व परिचालक अचेत होने पर उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया।दोनो की प्राइवेट अस्पताल में समाचार लिखे जाने तक उपचार जारी था। गुरूबख्सगंज थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चालक व परिचालक घायल हुए है जिनके होष में आने पर उनका नाम व पता का पता चलेगा। दूसरे डंपर के फरार होने पर सीसी कैमरे के रिकार्ड खांगलने के बाद जांच करने की बात कही है।

### अधिवक्ता व एसडीएम में झड़प

**रायबरेली।** सलोन तहसील परिसर में एसडीएम के तानाशाही रवैया से खफा होकर अधिवक्ताओं ने उनके खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्षन करने लगे जिसको लेकर दोनो के मध्य झड़प तक हुआ।अधिवक्ताओं ने कोर्ड रूम के लिए विधायक के दिए एषी को अपने कार्यालय में एसडीएम को लगवाने जैसे आरोप संबंधित कई गंभीर आरोप लगाए गए। एडीएम ने बताया कि दोनो के मध्य विवाद की जांच किया जाएगा।


## कार्यालय ग्रा.पं करीमाबाद, वि.ख. काकोरी, लखनऊ

पंत्राक : मेमो/ निविदा पत्रा0/2024-25 दिनांक- 22.06.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्म पंजीकृत विक्रेताओं/ठेकेदारों को एत्तद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करीमाबाद विकास खण्ड काकोरी,लखनऊ में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजानान्तर्गत egramswaraj.gov.in पर अपलोड कार्ययोजना के अनुसार चतुर्थ /पंचम राज्य वित्त आयोग,14वां /15वां वित्त आयोग,अन्त्येष्टि स्थल,पंचायत घर निर्माण,आर.जी.एस.ए. व मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो मे उपलब्ध धनराशि से निम्न कार्य आपरेशन कायाकल्प,सामुदायिक शौचालय, इण्टरलाकिंग,सीसी रोड,नाली खड़ण्जा,बेबी फ्रेन्डली शौचालय,स्कूल टाइल्स,पंचायत भवन निर्माण /मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर /मरम्मत,आगंनवाड़ी केन्द्र,खेल का मैदान,बाउन्ड्री वाल, सोक पिट्स,पशु शैड निर्माण, प्रशासनिक कार्य व अन्य कार्यों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक /गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की निम्न सामग्री प्रथम श्रेणी ईट,सीधा खंजर ईंट,ईट गिट्टी , पत्थर गिट्टी, सीमेन्ट,सरिया,बालू,लोकल सैन्ड,मौरंग,तार,हयूम पाइप, इण्टरलाकिंग ब्रिक,एलईडी लाईट,सोलर लाईट,सोडिएम लाईट,वाल टाईल्स,फ्लोर टाईल्स,शौचालय सीट,कमोड,यूरेनल,टोटी व अन्य सेनेटरी व प्लम्बरिगं सामग्री, फर्नीचर,दरवाजा,टीन,पंखा, वायर व अन्य विद्युत सामग्री,फागिंग मशीन,स्वच्छ भारत मिशन के सफाई किट व छिड़काव मेडिसिन क- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन योजना 2024 ,2025 में प्रयुक्त होने वाली सामग्री,प्रथम श्रेणी ईंट ,मौरंग ,बालू,सीमेंट, ईंट रोड़ा, पत्थर गिट्टी,सरियाँ,टीन,सिरेमिक टाइल्स, कचरा वाहन -ई रिक्शा,डस्टबिन व आदि सामग्री ।

कार्ययोजना के अनुसार अन्य सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदा/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता कार्यालय ग्राम पंचायत करीमाबाद मे प्रत्येक कार्य दिवस मे दिनांक 22.06.2024 से 29.06.2024 तक निविदा प्रपत्र जमा कर सकते है। निविदा/कोटेशन दिनांक 30.06.2024 को अपरान्ह 1:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन मे रखी निविदा पेटी मे डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।स्वीकृत निविदा/कोटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी।जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान /पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है।सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर व निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा।प्रस्तुत दर पी.डबलू.डी. की दरों के अनुरुप गुणवत्ता एवं मानक के अनुरुप हो।सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किया जाना अनिवार्य है।सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरुप नंही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती की जायेगी।बिना कारण बताये किसी या सभी निविदावों को आशिक या पूर्ण रुप से निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत करीमाबाद के पास सुरक्षित होगा। जिसके लिए कोई कारणवस बाध्य नहीं किया जायेगा।

**नियम व शर्ते-**

1- एक कार्य पूर्ण हो जाने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक-एक कार्य कराये जायेंगे।
2- निविदाकर्ता/आपूर्तिकर्ता का पंजीकरण आयकर एवं व्यापारकर में अवश्य होना चाहिए।
3- आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग मे अवश्य होना चाहिए।
4- निविदा डालने के पूर्व निविदाकर्ता द्वारा ई०ग्राम स्वाराज की बेबसाइट egramswaraj.gov.in पर अपलोड कार्ययोजना के अनुसार कार्यस्थल का निरिक्षण कर लें।
5- निविदा स्वीकृत /अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास होगा।

**अनिल कश्यप**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत करीमाबाद वि .ख . काकोरी,
लखनऊ

**सुनील मौर्य**
ग्रा .प .अधि ./सचिव
ग्राम पंचायत करीमाबाद वि .ख . काकोरी,
लखनऊ



## कार्यालय ग्रा.पं बड़ागांव, वि.ख. काकोरी, लखनऊ

पंत्राक : मेमो/ निविदा पत्रा0/2024-25 दिनांक-22.06.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्म पंजीकृत विक्रेताओ/ठेकेदारो को एत्तद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बड़ागांव विकास खण्ड काकोरी,लखनऊ में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजानान्तर्गत egramswaraj.gov.in पर अपलोड कार्ययोजना के अनुसार चतुर्थ /पंचम राज्य वित्त आयोग,14वां /15वां वित्त आयोग,अन्त्येष्टि स्थल,पंचायत घर निर्माण,आर.जी.एस.ए. व मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो मे उपलब्ध धनराशि से निम्न कार्य आपरेशन कायाकल्प,सामुदायिक शौचालय, इण्टरलाकिंग,सीसी रोड,नाली खड़ण्जा,बेबी फ्रेन्डली शौचालय,स्कूल टाइल्स,पंचायत भवन निर्माण /मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर /मरम्मत,आगंनवाड़ी केन्द्र,खेल का मैदान,बाउन्ड्री वाल, सोक पिट्स,पशु शैड निर्माण, प्रशासनिक कार्य व अन्य कार्यों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक /गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की निम्न सामग्री प्रथम श्रेणी ईट,सीधा खंजर ईंट,ईट गिट्टी , पत्थर गिट्टी, सीमेन्ट,सरिया,बालू,लोकल सैन्ड,मौरंग,तार,हयूम पाइप, इण्टरलाकिंग ब्रिक,एलईडी लाईट,सोलर लाईट,सोडिएम लाईट,वाल टाईल्स,फ्लोर टाईल्स,शौचालय सीट,कमोड,यूरेनल,टोटी व अन्य सेनेटरी व प्लम्बरिगं सामग्री, फर्नीचर,दरवाजा,टीन,पंखा, वायर व अन्य विद्युत सामग्री,फागिंग मशीन,स्वच्छ भारत मिशन के सफाई किट व छिड़काव मेडिसिन क- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन योजना 2024 ,2025 में प्रयुक्त होने वाली सामग्री,प्रथम श्रेणी ईंट ,मौरंग ,बालू,सीमेंट, ईंट रोड़ा, पत्थर गिट्टी,सरियाँ,टीन,सिरेमिक टाइल्स, कचरा वाहन -ई रिक्शा,डस्टबिन व आदि सामग्री।

कार्ययोजना के अनुसार अन्य सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदा/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता कार्यालय ग्राम पंचायत बड़ागांव में प्रत्येक कार्य दिवस मे दिनांक 22.06.2024 से 29.06.2024 तक निविदा प्रपत्र जमा कर सकते है। निविदा/कोटेशन दिनांक 30.06.2024 को अपरान्ह 1:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन मे रखी निविदा पेटी मे डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।स्वीकृत निविदा/कोटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान /पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है।सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर व निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। प्रस्तुत दर पी.डबलू.डी. की दरों के अनुरुप गुणवत्ता एवं मानक के अनुरुप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किया जाना अनिवार्य है।सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरुप नंही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती की जायेगी। बिना कारण बताये किसी या सभी निविदावों को आशिक या पूर्ण रुप से निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत बड़ागांव के पास सुरक्षित होगा। जिसके लिए कोई कारणवस बाध्य नहीं किया जायेगा।

**नियम व शर्ते-**

1- एक कार्य पूर्ण हो जाने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक-एक कार्य कराये जायेंगे।
2- निविदाकर्ता/आपूर्तिकर्ता का पंजीकरण आयकर एवं व्यापारकर में अवश्य होना चाहिए।
3- आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग मे अवश्य होना चाहिए।
4- निविदा डालने के पूर्व निविदाकर्ता द्वारा ई०ग्राम स्वाराज की बेबसाइट egramswaraj.gov.in पर अपलोड कार्ययोजना के अनुसार कार्यस्थल का निरिक्षण कर लें।
5- निविदा स्वीकृत /अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास होगा।

**संतोष कुमारी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बड़ा गांव वि .ख . काकोरी,
लखनऊ

**सुनील मौर्य**
ग्रा .प .अधि ./सचिव
ग्राम पंचायत बड़ा गांव वि .ख . काकोरी,
लखनऊ

# ऑस्ट्रेलिया की टी20 वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत

## बांग्लादेश को DLS मेथड से 28 रन से हराया, कमिंस की हैट्रिक, वॉर्नर की फिफ्टी

एजेंसी

**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलिया ने ICC टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मुकाबले में बांग्लादेश को 28 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह इस वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 140 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन बनाए थे; तभी बारिश की वजह से खेल रोक दिया गया, जो बाद में पूरा नहीं हो सका और ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच DLS (डकवर्थ लुईस स्टर्न) मेथड से 28 रन से जीत लिया।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने इस मैच में हैट्रिक विकेट लिए। यह इस वर्ल्ड कप की पहली हैट्रिक रही। कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले दुनिया के 7वें गेंदबाज बने। वहीं कमिंस यह कारनामा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई हैं, उनसे पहले 2007 वर्ल्ड कप में ब्रेट ली ने यह कारनामा किया था। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टॉप स्कोरर रहे। नाबाद 53 रन की पारी खेली। यह उनकी 28वीं टी-20 इंटरनेशनल फिफ्टी है। उन्होंने हेड के साथ पहले विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी भी की। कमिंस के बाद दूसरे टॉप विकेट टेकर रहे। अपने 4 ओवर के स्पेल में दो अहम विकेट लिए। जम्पा ने लिटन दास और नजमुल हुसैन शांतो को पवेलियन भेजा।




शानदार गेंदबाजी : ऑस्ट्रेलिया की जीत की पहली वजह से उनकी गेंदबाजी रही। टीम के गेंदबाजों ने बांग्लादेश के खिलाड़ियों को खुल कर खेलने का मौका ही नहीं और उनकी पारी 140 रन पर ही रोक दी।

अच्छी फील्डिंग : ऑस्ट्रेलिया की तरफ से काफी अच्छी फील्डिंग देखने को मिली। टीम ने एक भी कैच या रन आउट के मौके नहीं गंवाए।

ओपनिंग साझेदारी : ऑस्ट्रेलिया ने मैच में शदर शुरुआत की। टीम की ओर से पहले विकेट के लिए डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड के बीच 65 रन की साझेदारी हुई। नजमुल हुसैन शांतो ने कप्तानी पारी खेली। हालांकि, वो अपनी टीम को जीत दिलाने में कामयाब नहीं हो सके। शांतो ने अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा 41 रन बनाए और स्कोर 140 तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। शांतो ने लिटन दास के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। जो इस मैच में उनकी टीम की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी रही। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। उनके अलावा तौहीद हृदॉय ने 40 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा बांग्लादेश का कोई अन्य खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सका। कप्तान शांतो और लिटन दास के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने तीन विकेट लिए। एडम जम्पा ने 2 विकेट झटके। मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोयनिस और ग्लेन मैक्सवेल को 1-1 विकेट मिला।

---

**बोलीं- टॉप हीरो ने अकेले मिलने बुलाया था**

## कास्टिंग काउच का सामना कर चुकी हैं ईशा कोप्पिकर



ईशा कोप्पिकर ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। ईशा ने कहा है कि 18 की उम्र में उन्हें कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि एक ए-लिस्टर एक्टर ने उन्हें अकेले मिलने के लिए बुलाया था। लोग यह भी कहते थे कि एक्टर्स से दोस्ती करने पर ही फिल्म में काम मिलेगा। इतना ही नहीं, एक्टर्स और उनके सेक्रेटरी गलत तरीके से छूते थे और एक्टर्स से दोस्ती करने के लिए दबाव भी डालते थे। सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में ईशा ने फिल्म इंडस्ट्री की शुरुआती जर्नी और स्ट्रगल के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि बहुत सी एक्ट्रेसेस ने उनके समय में इंडस्ट्री छोड़ दी थी। बहुत कम ऐसी हैं, जो आज भी इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। इन चुनिंदा लोगों में से एक ईशा खुद हैं, जिन्होंने हार नहीं मानी और आज भी इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने आगे कहा- मैं 18 साल की थी, जब सेक्रेटरी और एक्टर ने मुझे कास्टिंग काउच के लिए अप्रोच किया था। उन्होंने मुझसे कहा था कि काम पाने के लिए मुझे एक्टर्स के साथ फ्रेंडली होना पड़ेगा। 47 साल की ईशा ने बताया कि जब वो 23 साल की थीं, तो फिल्म इंडस्ट्री के एक टॉप एक्टर ने उन्हें अकेले मिलने के लिए बुलाया था।

### रियलमी ने एआई फ्लैगशिप किलर, रियलमी जीटी 6 और रियलमी बड्स एयर6 प्रो पेश किया



भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने दो बेहतरीन उत्पादों का वैश्विक लॉन्च किया। इनमें इसकी फ्लैगशिप जीटी सीरीज़ और एआईओटी सेगमेंट में नए उत्पाद – रियलमी जीटी 6, एआई फ्लैगशिप किलर और रियलमी बड्स एयर6 प्रो शामिल हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं और इंटेलिजेंट डिज़ाइन के साथ ये दोनों डिवाइस यूज़र के अनुभव को बेहतर बना देंगी। रियलमी जीटी सीरीज़ अपनी शुरुआत से ही अत्याधुनिक टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन में फ्लैगशिप बनी हुई है और टेक्नोलॉजिकल उत्कृष्टता के लिए रियलमी की निरंतर खोज का प्रमाण है।रियलमी ने "युवाओं के लिए एआई : डिजिटल जीवनशैली में क्रांतिकारी बदलाव" राउंडटेबल कार्यक्रम के लिए एआईईएसईसी विशेषज्ञों और टेक इंफ्ल्युएंसर्स के साथ साझेदारी भी की है। इस कार्यक्रम के दौरान आगंतुकों ने युवाओं की डिजिटल जीवनशैली में बदलाव पर एआई मोबाइल प्रौद्योगिकी के लाभकारी प्रभाव और स्मार्टफोन अनुभव के इर्द-गिर्द केंद्रित एआई टेक्नोलॉजी के भविष्य की संभावनाओं को समझने के लिए अनेक विषयों पर चर्चा की।इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, "रियलमी को रियलमी जीटी सीरीज़ में रियलमी जीटी 6 पेश करने की खुशी है। यह एक एआई-पावर्ड फ्लैगशिप स्मार्टफोन है जो मोबाइल टेक्नोलॉजी के दायरे बढ़ा रहा है। इसके अलावा, रियलमी बड्स एयर6 प्रो एक अत्याधुनिक ऑडियो एक्सेसरी है। रियलमी जीटी 6 हमारी प्रोपरायटरी नेक्स्ट एआई टेक्नोलॉजी द्वारा यूज़र्स को असाधारण इंटेलिजेंस और परफॉर्मेंस प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रियलमी बड्स एयर6 प्रो रियलमी के एआईओटी पोर्टफोलियो में सबसे नया एडिशन है, जो असाधारण ऑडियो अनुभव प्रदान करता है। ये ईयरबड्स इस सेगमेंट के पहले ईयरबड्स हैं जिनमें शानदार ऑडियो अनुभव के लिए कोएक्सियल ड्युअल ड्राइवर (11मिमी + 6मिमी) हैं। रियलमी बड्स एयर6 प्रो में 50डेसिबल एक्टिव नॉइज़ कैंसलेशन और 4000हर्ट्ज़ का अल्ट्रा-वाइडबैंड नॉइज़ कैंसलेशन है, जो नॉइज़ कैंसलेशन का आरामदायक और स्मार्ट अनुभव प्रदान करता है। बड्स एयर6 प्रो में हाई-रिज़ॉल्यूशन (Hi-Res) ऑडियो सर्टिफिकेशन, एलडीएसी एचडी ऑडियो कोडेक, पर्सनलाइज्ड ऑडियो एल्गोरिदम, 360° स्पैटियल ऑडियो इफ़ेक्ट, डायनामिक बेस बूस्ट और माइंडफ़्लो मोड है, जिससे शानदार स्टीरियो और सराउंड साउंड फ़ील्ड मिलती है, जो एकाउस्टिक उद्योग में सबसे अलग है।

---

**IT कंपनी विप्रो बाहर होगी, अडाणी पोर्ट 6 महीने में 45% चढ़ा**

## 24 जून को सेंसेक्स में शामिल होगा अडाणी पोर्ट्स

एजेंसी

मुंबई। अडाणी पोर्ट्स के शेयर 24 जून से BSE सेंसेक्स पर कारोबार करेंगे। अडाणी ग्रुप की कंपनी विप्रो की जगह लेगी। समय-समय पर 30 शेयरों वाले इंडेक्स सेंसेक्स में बदलाव किया जाता है। इसी के तहत अडाणी पोर्ट को सेंसेक्स में शामिल और विप्रो को बाहर किया जा रहा है।

अडाणी ग्रुप की कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स पहली कंपनी है जिसे सेंसेक्स में शामिल किया जा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के निफ्टी 50 में अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज और अडाणी पोर्ट्स दोनों ही शामिल हैं। अडाणी पोर्ट्स का शेयर आज 1.12% की तेजी के साथ 1,485.70 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। बीते 6 महीने में शेयर ने 45% से ज्यादा का रिटर्न दिया है। वहीं एक साल में शेयर के दाम करीब दोगुने हो चुके हैं। 749 रुपए से चढ़कर ये शेयर 1485 रुपए पर पहुंच गया है। विप्रो का शेयर आज 0.010% की तेजी के साथ 490.55 के स्तर पर बंद हुआ। बीते 6 महीने में शेयर ने केवल 13% रिटर्न दिया है। वहीं एक साल में शेयर के 27% से ज्यादा बढ़ चुके हैं। 385 रुपए से चढ़कर ये शेयर 490 रुपए पर पहुंच गया है। सेंसेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क इंडेक्स है, जो देश की टॉप 30 कंपनियों को ट्रैक करता है। सेंसेक्स का कैलकुलेशन फ्री-फ्लोट कैपेटलाइजेशन के आधार पर किया जाता है। समय-समय पर सेंसेक्स के शेयरों में बदलाव होता रहता है। इसके लिए हर छह महीने पर रिव्यू होता है और फिर उसके आधार पर फैसला होता है। अडाणी पोर्ट्स भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट ऑपरेटर है। इसके 13 पोर्ट और टर्मिनल देश की पोर्ट कैपेसिटी का करीब 24% का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसकी कैपेसिटी 580 MMTPA है। पहले इसका नाम गुजरात अडाणी पोर्ट लिमिटेड (GAPL) था।




---

**सोनाक्षी-जहीर वेडिंग : अनबन की अफवाहों पर लगाया विराम**

## जहीर इकबाल ने छुए सासू मां पूनम सिन्हा के पैर

**सोनाक्षी सिन्हा** और जहीर इकबाल इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इनकी शादी को लेकर कई तरह की अफवाह भी उड़ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगले कुछ दिनों में दोनों शादी करने वाले हैं। अब हाल ही में, अनबन की अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जहीर इकबाल सोनाक्षी की मां के पैर छूते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के बाद उन्होंने उड़ रही तमाम अनबन की अफवाहों पर विराम लगा दिया है। गुरुवार शाम को सोनाक्षी और जहीर के परिवार के सदस्य डिनर के लिए जहीर के घर पर मिले। कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें जहीर अपने होने वाले ससुर शत्रुघ्न सिन्हा के साथ फोटोग्राफरों के लिए पोज देते हुए मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में जहीर सोनाक्षी की मां पूनम सिन्हा के पैर छूते भी नजर आए।



---

## योग दिवस पर कंगना रनौत से लेकर शिल्पा शेट्टी तक दिखीं मुस्तैद

21 जून, आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सेलिब्रेट किया जा रहा है। इस मौके पर कुछ बॉलीवुड एक्ट्रेस ने भी अपनी योग करते हुए कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। ये योगा क्वीन खुद को फिट रखने के लिए योग को अपना रूटीन बना चुकी हैं।

करीना कपूर भी योग से खुद को फिट रखने के लिए जानी जाती हैं। करीना ने भी इंस्टा स्टोरी पर तस्वीरें शेयर कर फैंन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करने के फायदे बताए हैं।

बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने पति जैकी भगनानी संग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के मौके पर कुछ तस्वीरे शेयर की है, जिसमें कपल को साथ में योग करते देखा जा सकता है।

कंगना रनौत भी योग के जरिए खुद को फिट रखती हैं। वहीं अभिनेत्री ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपनी एक तस्वीर को शेयर करते हुए अपने फैंस को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी है।

शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के मौके पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें अलग-अलग तरह के योग करते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि फैंस और फॉलोअर्स हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए उन्हें अपना आइडल मानते हैं।

इस लिस्ट में मलाइका अरोड़ा का भी नाम शामिल हैं। एक्ट्रेस ने योग के फायदे बताते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह योग करते दिख रही हैं।


शिल्पा शेट्टी


रकुल प्रीत सिंह अपने पति जैकी भगनानी


मलाइका अरोड़ा


कंगना रानौत


करीना कपूर खान

## एक नजर

### एबीवीपी के जिला संयोजक बने तेजस पाण्डेय

**सुलतानपुर।** आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रान्त अधिवेशन जो 18 से 21 जून को माँ खंडवारी महिला महाविद्यालय चहनियां चंदौली में संपन्न हुआ। इस अधिवेषन के समारोप समारोह में कुशभवनपुर विभाग (सुलतानपुर और अमेठी) का विभाग प्रमुख डॉ संतोष (अंश) को लगातार तीसरी बार बनाया गया। विभाग संयोजक शिवम दुबे, जिला संयोजक तेजज़ पाण्डेय, सह संयोजक विपुल मिश्रा, जिला संगठन मंत्री, कौतुक, जिला प्रमुख डॉ. राजकुमार सिंह को बनाया गया। कुशभवनपुर विभाग के कार्यकर्ताओं में उपरोक्त दायित्व मिलने पर हर्ष है।

### प्रधान की मौत से गांव में दौड़ी शोक की लहर

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** बल्दीराय ब्लाक के प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष व अरवल गांव प्रधान बलराम यादव का निजी अस्पताल में सांस की बीमारी के चलते निधन हो गया। वहीं प्रधान की मौत होने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। उधर,परिवार में कोहराम मचा है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। आज सुबह अरवल के ग्राम प्रधान बलराम यादव (70 वर्ष) का सांस की बीमारी के चलते लखनऊ के निजी अस्पताल में निधन हो गया। प्रधान बलराम यादव सांस के मरीज थे। एक माह पूर्व अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद परिजनों ने उनको लखनऊ के मैक्स (सहारा)हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।वहाँ उनका इलाज चल रहा था।ग्राम प्रधान की अचानक हुई मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।क्षेत्र के प्रधान मोहम्मद सम्मू,प्रधान अमन सोनी,प्रधान मोहम्मद रिजवान, प्रधान मोहम्मद अकील,प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास,प्रधान गुलाम हैदर उर्फ बब्बू, प्रधान उधव यादव, प्रधान राम बहादुर सिंह,प्रधान सुधीर श्रीवास्तव प्रधान, राजा सिंह, अरूण प्रताप सिंह,गोकरन शुक्ला, बासुदेव यादव, हजारी लाल साहू, बिपिन यादव आदि लोगों ने दु:ख जताया है।

### दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के गोसाईगंज व ककवा के बीच गुरुवार देर रात दो बाइको की हुई जोरदार टक्कर तीन लोग घायल हो गए। तीनो घायलों को 108 एम्बुलेंस से अमेठी सामदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घायलों का प्राथमिक उपचार हुआ, एक हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गोसाईगंज व ककवा के बीच गुरुवार देर रात तेज रफ्तार दो बाइक आपस में टकरा गई। सड़क दुर्घटना में एक बाइक पर सवार दो युवक मनीष पुत्र रामजश निवासी शुकुलपुर चतुर्भुजपुर व सत्येंद्र पुत्र राजेंद्र प्रसाद शुकुलपुर घायल हो गये व दूसरे बाइक सवार प्रदीप सिंह पुत्र बल करन सिंह निवासी खानेपुर थाना उदयपुर जिला प्रतापगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से तीनो घायलों को इलाज के लिए अमेठी सीएचसी ले जाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को परिजन के साथ घर भेज दिया गया। प्रदीप सिंह की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जांच में गड़रिया डीह कोटे की दुकान में मिली अनियमितता

**मुसाफिरखाना।** घटतौली के सम्बंध में वायरल वीडियो की जांच करने के लिए पहुंची टीम को जांच में गड़रिया डीह की उचित दर विक्रेता दुकान पर अनियमितता मिली। जांच टीम ने इस सम्बंध में रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने की बात कही। जगदीशपुर विकास खण्ड के गड़रिया डीह के उचित दर विक्रेता रजनीश द्वारा खाद्यान्न वितरण में घटतौली कर अनियमितता करने की शिकायत संज्ञान में आने पर एआरएम ज्योति केसरवानी और पूर्ति निरीक्षक जितेंद कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि कोटेदार द्वारा बाल्टी में डामर रखकर तौल करने के सम्बंध में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसके संबंध में ही जब मौके पर जाकर जांच की गई तो कोटे की दूकान बन्द पाई गई। सूचना पट पर इस संबंध में कोई अंकन नहीं किया गया था। परिजनों ने कोटेदार के दावा लेने गए होने की बात कही गयी। कार्ड धारकों के बयान में घटतौली की बात सामने आई है। कोटेदार द्वारा की जा रही अनियमितता के सम्बंध में जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

### हीट स्ट्रोक और डायरिया से एक महीने में हुई एक दर्जन मौतें

**अमेठी।** भीषण गर्मी और हीटवेव के मौसम में मृत्यु दर बढ़ी हुई है हीट स्ट्रोक और डायरिया से मरने वालों की संख्या एक दर्जन से अधिक हो गई है। 15मई से 15जून के भीतर बढ़ी संख्या में लोग हीट स्ट्रोक के शिकार हुए हैं।कई बच्चों की मौत डायरिया के कारण हुई है। बीमार वृद्ध और बुजुर्ग अधिक गर्मी नहीं बर्दाश्त कर पाए हैं। भगनपुर ग्राम पंचायत के धमरांवा और भगनपुर गांवों में पिछले एक महीने के भीतर आठ मौतें हुई हैं। इनमें से चार की उम्र साठ से अधिक रही है। ग्राम प्रधान सौरभ यादव और ग्राम पंचायत अधिकारी/प्रभारी ए डी ओ पंचायत रेखा ने इन मौतों की पुष्टि की है। गुरुवार को कुशीताली में राम किशोर पाठक (80) की मौत हीट स्ट्रोक से हुई है। तीन दिन पहले बंदोईया निवासी लवकुश दूबे (65)की मौत भी हीट स्ट्रोक से हुई है ।

### आसमान में छाए रहे बादल, गर्मी से मिली राहत

**भेटुआ।** पिछले कई दिनों से गर्मी अधिक होने के कारण लोग काफी परेशान देखे गए। दो दिनों से अचानक मौसम परिवर्तन होने के कारण तापमान में गिरावट हुई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है। आसमान में बादल छाए रहे। बादल छाए रहने से गर्मी से लोग कूलर, पंखे और पेड़ों की छाया के सहारे गर्मी से बचने की कोशिश में लगे रहे। कई लोगों ने बताया कि इस वर्ष जितनी गर्मी पड़ी है वह जीवन में ऐसी गर्मी कभी नहीं पड़ी थी। इस वर्ष जून महीने में तापमान 47 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच चुका था। हर व्यक्ति तापमान अधिक होने के कारण घुटन महसूस कर रहा था। गर्मी से राहत के लिए कूलर पंखे और ठंडी हवाओं को खोजते देखें। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेंटीग्रेड एवं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 51% रही । हवाएं 5 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से चली।

### शरीर में रोगों से लडने की क्षमता बढ़ाता है योग : बीईओ

**भादर।** कम्पोजिट विद्यालय भादर –1 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार यादव की उपस्थिति में उत्साह से मनाया गया। बी ई ओ ने कहा कि नियमित योग और प्राणायाम शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाता है।शरीर में रोगों से लडने की क्षमता में वृद्धि होती है। व्यायाम शिक्षक कौशलेंद्र सिंह और पूर्व मा शि संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कपिलेश यादव ने शिक्षकों और बच्चों को योगासन और प्राणायाम कराए।बच्चों को मिष्ठान और फल भी वितरित किए गए। इं प्र अ संजीव कुमार,देवांशु सिंह, जामवंत मौर्य, आशुतोष पाण्डेय, विक्रम उपाध्याय, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह,हरि गुलाम वर्मा, सलिल मिश्र, संध्या गुप्ता, लालती देवी, शिवकरन गुप्ता आदि मौजूद रहे। भेटुआ संवाद के अनुसार कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक अमर बहादुर सिंह योग के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। छात्र छात्राओं को योग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक हेमचंद पांडेय, विद्या सिंह, सोनी सिंह ,प्रदीप कुमार यादव,ललित कुमार ,शंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में राज्यमंत्री की मौजूदगी में हुआ योगाभ्यास

» जनपदीय अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक शामिल हुए

» करें योग, रहें निरोग, बीमारियों पर नहीं होगा खर्च



योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व डीएम निशा अनंत व एसपी अनूप सिंह व अन्य।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गौरीगंज।** शुक्रवार को ₹योग स्वयं और समाज के लिए थीम पर आधारित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह, नोडल अधिकारी पंकज कुमार एमडी यूपीपीसीएल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य जनपदीय अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, प्रेम सुधा सिंह एवं राघवेंद्र द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाए गए एवं योग करने से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई।

जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद की समस्त तहसीलों, विकासखंडों, थानों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, अमृत सरोवर, पंचायत भवन आदि स्थानों पर भी योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व के बारे में बताया गया एवं नियमित योग करने की अपील भी की गई।

## योग को दिनचर्या में शामिल करें, शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत रहें : डॉ. संजय सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मुंशीगंज/अमेठी।** शुक्रवार को राजर्षि रणंजय सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विभिन्न संस्थाओं में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। आरआरएसजीआई के आरआरपीजी कॉलेज, रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय, राजर्षि रणंजय सिंह आसलदेव महाविद्यालय तथा राजर्षि रणंजय सिंह कॉलेज आफ फार्मेसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।

आरआरपीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' और राजर्षि रणंजय सिंह आसलदेव महाविद्यालय में ' योगा फॉर वूमेन एंपावरमेंट' थीम के साथ योगाभ्यास किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री व आरआरएसजीआई के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास हमे स्वस्थ



जीवन शैली की ओर आगे बढ़ाता है। योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। सभी को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

योगाभ्यास के दौरान विभिन्न प्रकार के आसन और प्राणायाम किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर पीके सिंह, रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम सिंह, राजर्षि रणंजय सिंह कॉलेज आफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ अनूप मैती और राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह सहित सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डबल इंजन की सरकार में लगातार छले जा रहे नौकरी की कोशिश में लगे युवा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** डबल इंजन की सरकार में नौकरी की तलाश में दौड़ रहे बेरोजगार युवा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्राएं लगातार छले जा रहे हैं।नीट परीक्षा को लेकर देश में बवाल चल रहा है, बुधवार को यूजीसी नेट परीक्षा भी पेपर लीक के कारण रद्द कर दी गई है।वर्ष 2024 विद्यार्थियों के जीवन में सबसे बुरा वर्ष साबित हुआ है।

अभ्यर्थी आकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा माफिया, कोचिंग माफ़िया और नेताओं का बोलबाला है, वर्तमान सरकार प्रांतीय सेवाओं के साथ देशव्यापी परीक्षाओं को सुचिता के साथ नहीं करा पा रहा है। सभी पेपर लीक हो जा रहे हैं।अभ्यर्थी विवेक भारती ने कहा कि यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द हुई है। लगातार परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं।अभ्यर्थी बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते है, ऐसे में परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना, इनकी मेहनत पे पानी फेर देता है।पेपर लीक में शामिल सभी पर सख्त करवाई करना चाहिए।वीरेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि इस वर्ष पीएचडी के प्रवेश भी यूजीसी नेट के स्कोर के आधार पर होने हैं।इस कारण अभ्यर्थियों में अचानक असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शिक्षा मंत्रालय को त्वरित निर्णय लेकर स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए,ताकि छात्रों का समय एवं भविष्य संकट में न आने पाए।अभ्यर्थी विकास पाल ने कहा कि सरकार लगातार छात्रों को प्रताड़ति कर रही है। सरकार एक भी पेपर सही से नहीं करा पा रही है।उधर कांग्रेस नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है।

# पुराने काम तीस जून तक पूर्ण करने पर जोर

» लोनिवि निर्माण खंड ने शासन को भेजी 150 सड़कों के निर्माण की कार्ययोजना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जगदीशपुर/तिलोई।** लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड की ओर से पिछले वित्तीय वर्ष में नवीनीकरण/मरम्मत के लिए स्वीकृत 32सडकों में से 26सडकों का काम पूरा करा दिया गया है। अवशेष छः सड़कों में से तीन सड़कों का काम 30जून तक पूरा हो जाएगा। तिलोई में रेफरल मेडिकल कॉलेज के पास लघु सेतु का निर्माण तेजी से चल रहा है।चालू वित्तीय वर्ष में 150 ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण/मरम्मत/निर्माण को कार्ययोजनाएं निर्माण भवन भेजी गई हैं। इसमें 10.22किमी लम्बाई में सी सी रोड का निर्माण भी प्रस्तावित है।



तिलोई मोहनगंज– मार्ग पर निर्माणाधीन लघु सेतु।

निर्माण खंड की ओर से पिछले वित्तीय वर्ष के तीन बड़े काम जारी है। इन्हौना -, रुदौली मार्ग -18किमी, सेमरौता/कठौरा मार्ग -16.3किमी और इन्हौना -महराजगंज मार्ग -10.2किमी के निर्माण की प्रगति 50से 70फीसदी के बीच है। मोहन गंज-तिलोई मार्ग पर रिफरल हास्पिटल के पास 6मी चौडे लघु सेतु का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है।

> निर्माणाधीन सड़कों के काम का रेगुलर निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले साल के सभी छोटे काम 30जून तक पूरा कर लिए जायेंगे। तिलोई में तीन सड़कों के निर्माण में अभी समय लग सकता है। निर्माण सामग्री के प्रयोग और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर कहीं से कोई शिकायत नहीं मिली है।जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइनों को डालते समय खराब की गई सभी सड़कों को पहले की तरह ठीक करने के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए गए हैं।
>
> **इंजीनियर रमेश चंद्र**
> **अधिशासी अभियंता**
> **निर्माण खंड,लोक निर्माण विभाग, अमेठी**

सहायक अभियंता हीरामणि पटेल ने शुक्रवार को निर्माणाधीन लघु सेतु और अन्य कार्यों की साइट का निरीक्षण किया।

### धीमी गति से चल रहा पुल का निर्माण

भेंटुआ। अमेठी, धम्मौर, सुलतानपुर मार्ग पर मुसवापुर के पास नाले पर पुल का निर्माण अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। परिवर्तित मार्ग से अंधेरे में चार पहिया वाहन और बसों के दुर्घटना ग्रस्त होने के खतरे बने हुए हैं। कल्पनाथ यादव, जिला पंचायत सदस्य सूबेदार यादव,के के तिवारी, पंकज मिश्रा, पूर्व प्रधान बृजलाल आदि स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने अधिशासी अभियंता से सेतु का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खाद्य एवं रसद मंत्री समेत अन्य ने किया योगाभ्यास

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** शहर के पर्यावरण पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार के खाद्य रसद मंत्री सतीश शर्मा, मंडलायुक्त गौरव दयाल, डीएम कृत्तिका ज्योत्सना, एसपी सोमेन बर्मा, सीडीओ अंकुर कौशिक सहित प्रशासनिक अधिकारी व नागरिक शामिल हुए। खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग से शरीर स्वस्थ रहता है। योग को दैनिक दिनचर्या में हमें शामिल करना चाहिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि पतंजलि के चित्र पर माल्यार्पण कर योग दिवस का शुभारम्भ किया गया। जनपद मुख्यालय पर आयोजित दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षक सुनील दत्त तिवारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों अन्य नागरिकों, महिलाओं सहित सभी को योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। मंडलायुक्त व डीएम ने खाद्य एवं रसद मंत्री को मेमोंटो एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसी प्रकार समस्त तहसील व ब्लॉक स्तर पर सामूहिक रूप से दशम अंतर्राष्ट्रीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न योग प्राशक्षिको द्वारा योगाभ्यास कराया गया। क्रमशरू तहसील कादीपुर में तहसील परिसर में अशोक सिंह, योग प्रशिक्षक के द्वारा लगभग 350 की संख्या में योगाभ्यास कराया गया, जिसमें चेयरमैन एंव एसडीएम कादीपुर, खण्ड विकास अधिकारी एवम् कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें। तहसील लम्भुआ में कमल सरोवर एवं सर्वोदय इण्टर कॉलेज में एंव तहसील जयसिंहपुर तहसील परिसर में एसडीएम एवं तहसीलदार व अन्य के साथ योग प्रशिक्षक धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा योगाभ्यास कराया गया।



### आंतरिक शक्ति को बढ़ाता है योग– आनंद

**सुलतानपुर।** विश्व योग दिवस पर सरस्वती इंटर कॉलेज में योगा का आयोजन किया गया, सबसे पहले कालेज के प्रधानाचार्य ने राकेश कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए योग का महत्व बताया। इसके बाद कालेज के क्रीड़ा प्रभावी आनन्द सिंह ने बच्चों को योगाभ्यास कराया और योग पर व्याख्यान दिया। आनन्द सिंह ने बताया कि आज भारत को पूरी दुनिया में 'योग साधना' के लिए 'विश्व गुरु' के रूप में जाना जाता है। यह व्यक्ति की आंतरिक ऊर्जा को बढ़ाता है। हर वर्ष 21 जून को भारत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन विश्व स्तर पर किया जाता है। योग साधना व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार है, जिसके माध्यम से न केवल मानव शरीर के अंगों बल्कि मन और मस्तिष्क में आसानी से संतुलन बनाया जाता है। योग ने दुनिया भर के व्यक्तियों और समुदायों पर अपना गहरा प्रभाव डाला है।

### शिक्षक व छात्रों ने किया योगाभ्यास

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के फार्मेसी संकाय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित किया गया, जिसमें फार्मेसी के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकगण ने योग अभ्यास किया। इस अवसर पर कमला नेहरू संस्थान (फार्मेसी संकाय) के निदेशक प्रो. डॉ. महेश प्रसाद ने कार्यक्रम में सम्मलित हुए छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक गण को 'करे योग रहे निरोग' के नारे के साथ योगाभ्यास किया।

### केएनआईसीई मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**सुलतानपुर।** करौंदिया स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एन.डी. सिंह योग शिक्षक आकाश सिंह, शालू सिंह तथा विद्यार्थियों ने योगा किया। योग करने से लोग शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहते हैं। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है। भूख और पाचन को बढ़ाता है तथा मस्तिष्क को हमेशा शांत रखता है। प्रकार इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों में योग के अभ्यास के कई लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है।

## योग और प्राणायाम के महत्व पर हुआ संवाद



आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** आयुष चिकित्सालय बेनीपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग और प्राणायाम के महत्व पर विस्तार से संवाद हुआ। योग प्रशिक्षक ललित कुमार ने योगाभ्यास कराया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक महाराजी प्रजापति के प्रतिनिधि अरुण प्रजापति ने कहा कि योग में दिमाग को शांत और शरीर को मजबूत करने की ताकत होती है। नियमित योग करके हम अपने शरीर को निरोगी बना सकते हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद डा दीपेन्द्र नाथ मलिक ने कहा कि योग दिवस मानव चेतना का पर्व है। आज पूरी दुनिया योग के फायदे को महसूस कर रही है। विदेशों में नियमित योगाभ्यास करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ मोहम्मद काशिफ, आशीष पांडे आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता अपनी ऐतिहासिक गरिमा व सम्मान बनाएं : अटल

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व प्रदेश सरकार के मुख्य स्थायी अधिवक्ता प्रथम प्रशांत सिंह अटल ने शुक्रवार को बल्दीराय तहसील पहुंचकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने अधिवक्ता साथियों को दण्ड विधि संहिता एवं राजस्व विधि संहिता की पुस्तकें भी भेंट की। वकीलों से रूबरू होते हुए उन्हें बार काउंसिल की योजनाओं की जानकारी दी। वकीलों ने उनके समक्ष अपनी समस्याओं को भी रखा जिनके तत्काल समाधान का उन्होंने आश्वासन भी दिया। प्रशांत सिंह अटल ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए बार काउंसिल के चुनाव प्रथम वरीयता के मत का सहयोग मांगा।और कहा अधिवक्ताओं के हित के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं, जूनियर अधिवक्ताओं के सीओपी नंबर एक ही दिन दिलवाने का आश्वासन दिया।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** शुक्रवार को तहसील सभागार में एसडीएम आशीष सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधीक्षक डॉक्टर आलोक तिवारी ने बताया कि यह अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई2024 तक चलाया जाएगा।

सभी गांवों में नालियों में लार्वा नाशक दवाओं का छिड़काव किया जायेगा।

पंचायती राज्य विभाग की ओर से सफाई कर्मियों की टीमें गांव-गांव जाकर सफाई अभियान के साथ लार्वा नाशक दवाओं का छिड़काव करेंगी।

उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को जागरूकता के लिए परिषदीय विद्यालयों के साथ माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं द्वारा गांव में जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक करने का काम किया जाएगा।कृषि विभाग से मच्छर रोधी पौधे एवं अन्य उपाय किया जाए।



तहसील सभागार में संचारी रोग अभियान को लेकर बैठक करते एसडीएम।

एसडीएम आशीष सिंह कहा कि अभियान को सुचारू से एक जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक पूरे क्षेत्र में चलाया जाए। जिससे संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके गांव में गठित स्वास्थ्य एवं पंचायती राज्य विभाग की ओर से गठित टीमें में गांवों में जाकर अपने दायित्व को निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि टीमें हर गांवों में जाकर ग्राम प्रधान का सहयोग लेकर काम करें। जिससे पूरे ग्राम सभा में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा सके। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी के साथ एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मंदिर व झील के सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग से मंजूरी

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** बलदीराय तहसील क्षेत्र के पूरे शुक्ल मजरे गोविन्दपुर में स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर व गोबिंदपुर झील पर्यटन विकास हेतु शासन ने एक करोड़ छ लाख रुपये की स्वीकृत दी है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर झील के विस्तारीकरण करवाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिसकी मंजूरी मिल गई है।

शुक्रवार को पर्यटन उप निदेशक राजेन्द्र प्रसाद, अवर अभियंता रोहित सिंह व भाजपा नेता कृष्ण कुमार यादव ने श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर प्रागण में सौंदयीकरण हेतु भूमि पूजन किया।उप निदेशक ने बताया कि मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए शासन ने एक करोड़ छः लाख रुपये की स्वीकृत दी है।जिसमे यात्रियों के रुकने के लिए हाल प्रसाधन ब्लाक,इन्टरलाकिंग,कोटा स्टोन सहित अन्य कार्य होना है।

**व्यवस्था** सब कुछ ठीक, हरे चारे की बुवाई के लिए सभी गो आश्रय स्थलों के पास नहीं है अपनी जमीनें

# गोवंशों को हीट स्ट्रोक से बचाव को व्यापक इंतजाम किए गए

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** जिले में गो आश्रय स्थलों पर संरक्षित पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी गो आश्रय स्थलों पर शेड के ऊपर पुआल व मोटी पालिथिन डाल कर धूप का असर कम किया जा रहा है।हरे चारे का प्रबंध कमजोर है। सभी गो आश्रय स्थलों के पास हरे चारे की बुवाई के लिए जमीनें नहीं है।बड़ी संख्या में हरे चारे की बुवाई प्रधानों ने केयर टेकर की निगरानी में निजी जमीनों पर कराई है।

शासन की ओर से गो आश्रय स्थलों के संचालन की प्रतिदिन की रिपोर्ट गूगल सीट के माध्यम से ली जा रही है।जिन ग्राम पंचायतों में गो आश्रय स्थल स्थित हैं वहां के पंचायत सचिव प्रतिदिन अपराह्न तीन बजे के बाद गूगल सीट पर चारे पानी, पशु आहार और भूसा दान, भूसा भंडार की रिपोर्ट भेजते हैं।



गो आश्रय स्थल नैनहा बरतली।

बुधवार को विकास खंड अमेठी के नौ गोवंश आश्रय स्थलों पर 1406गोवंश संरक्षित मिले। सबसे अधिक संख्या सरैया दुबान में 520है।नैनहा बरतली में 137गोवंश संरक्षित हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी चंदन मौर्य ने बताया कि गो आश्रय स्थलों का रोज निरीक्षण किया जा रहा है। जानवरों को नहलाने के साथ उनके चारे पानी का समुचित प्रबंध किया गया है।

विकास खंड भादर में टीकरमाफी में वृहद गोवंश आश्रय स्थल निर्माणाधीन है। यहां सबसे अधिक गोवंश संरक्षित हैं।

### पूल के माध्यम से की गई है धनराशि की व्यवस्था

अमेठी। जिले के सभी विकास खंडों में ग्राम पंचायतों को मिलाकर पूल का गठन किया गया है।पूल में शामिल ग्राम पंचायतों की ओर से 15प्रतिशत अंशदान किया जाता है। सभी गो आश्रय स्थलों को भूसा खरीद और पशु आहार की खरीद के लिए पचास रुपए प्रति गोवंश की दर से अप्रैल महीने तक की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। खंड विकास अधिकारी के साथ एस डी एम भी गोवंश आश्रय स्थलों की नियमित निगरानी कर रहे हैं।

हरे चारे की बुवाई के लिए सभी गो शालाओं के पास अपनी जमीन नहीं है। जिनके पास अपनी जमीन नहीं है वे गो आश्रय स्थल किसानों की निजी जमीनों पर बोए गए हरे चारे का उपयोग कर रहे हैं।

## खंड विकास अधिकारी ने किया गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण

**अमेठी/मुंशीगंज।** खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने गो आश्रय स्थल त्रिलोकपुर और अमृत सरोवर त्रिलोकपुर और बांहापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थल पर बीमार मिले एक गोवंश के इलाज की समुचित व्यवस्था कराई। त्रिलोकपुर पशु आश्रय स्थल पर कुल 135 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। गो आश्रय स्थल पर 230 कुंतल भूसा, 22 कुंतल पशु आहार, 22कुंतल हरा चारा उपलब्ध है। पशु आश्रय स्थल के रास्ते पर बरसात के दौरान जलजमाव और कीचड़ की समस्या दूर करने के लिए खडंजे का निर्माण कराया जा रहा है। हीटवेव से बचाव हेतु शेड पर पुआल डालने के साथ ग्रीन नेट लगवाया गया है।



## एक नजर

### शिमला में बस उलटी, चार की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला जिला के जुब्बल के कैंची इलाके में शुक्रवार सुबह हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की एक बस सड़क किनारे उलट गई जिसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान करम दास (चालक), राकेश कुमार (परिचालक ) बिरमा देवी और नेपाल निवासी धन शाह के रूप की गई है। तीनों घायलों को रोहड़ू के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा उस समय हुआ जब एचआरटीसी की बस रोहड़ू में कुड्डू-डिल्तारी जा रही थी। रास्ते में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उलट गई। बस में चालक-परिचालक सहित सात लोग सवार थे। हादसा सुबह पौने सात बजे के करीब हुआ। घटना की सूचना पाकर जुब्बल के जिला दंडाधिकारी राजीव सांख्यान पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे ।

### अजय सिंह छत्तीसगढ़ के नये चुनाव आयुक्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अजय सिंह को राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति की है। अजय सिंह 1983 बैच के आईएएस अधिकारी है। इससे पहले वह राज्य सरकार के विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं। राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ शासन की ओर से अजय सिंह की नियुक्ति का शुक्रवार को आदेश जारी किया।

### एक लाख के ईनामी समेत नौ नक्सली धरे गये

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को एक लाख रुपये के इनामी नक्सली समेत नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों की बासागुड़ा थाना, उसूर और तर्रेम में अलग-अलग जगह की कार्रवाई में यह सफलता हाथ लगी। ये सभी नक्सली फायरिंग, आईईडी ब्लास्ट, आगजनी, जैसे घटनाओं में शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि इनमें से आठ को उसूर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया जबकि एक को नैमेड़ थाना क्षेत्र से बंदी बनाया गया। गिरफ्तार किए गए सभी कैडर प्रतिबंधित माओवादी आंदोलन के सक्रिय सदस्य थे और कथित तौर पर सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए आईईडी लगाने, सड़कों को नुकसान पहुंचाने और पोस्टर एवं बैनर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। अवलम आयतु (49) को जिला रिजर्व गार्ड ने नैमेड़ इलाके से गिरफ्तार किया है तथा वह इलाके में पुलिसकर्मियों पर हमले की घटना में भी वांछित था।

### इंदिरा कला संगीत विवि की कुलपति बर्खास्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति ममता चंद्राकर को अंततः उनके पद से हटा दिया गया। श्रीमती चंद्राकर को हटाने का आदेश राज्यपाल के सचिव ने जारी किया। आगामी आदेश तक दुर्ग संभागायुक्त को विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व सौंपा गया है। अपनी नियुक्ति के बाद से ही श्रीमती चंद्राकर विवादों में बनी रहीं। पहले तो इनकी नियुक्ति को लेकर कई प्रश्नचिन्ह खड़े हुए। इसके बाद यूनिवर्सिटी के ऑफ कैंपस को रायपुर में स्थापित करने का भी आरोप इन पर लगा, जिसका स्थानीय स्तर पर जमकर विरोध हुआ। स्थानीय निवासियों ने मशाल रैली निकाली और काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन भी किया। उनको हटाने की मांग को लेकर खैरागढ़ बंद भी रखा गया था।

### उपद्रव कर रहे पांच निहंग गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने उपद्रव कर रहे पांच निहंग सिखों को गिरफ्तार किया है। जालंधर में एसएचओ और एसीपी पर निहंगों द्वारा किये गये हमले के बारे में एक समाचार रिपोर्ट प्रसारित की जा रही थी। इस घटना पर टिप्पणी करते हुये एडीसीपी-द्वितीय आदित्य आईपीएस जालंधर ने मीडिया को बताया कि कमिश्नरेट पुलिस को सूचना मिली थी कि छोटी बारादरी, जालंधर में 4-5 व्यक्ति उपद्रव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुये मौके पर पहुंचकर उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान निहंगों ने पुलिस के अधिकारियों पर भी हमला करने की कोशिश की थी।

### कुवैत अग्निकांड के हताहतों को अनुग्रह राशि

**नयी दिल्ली।** कुवैत में एक अग्निकांड में हताहत हुए प्रवासी भारतीय श्रमिकों के लिए वहां की सरकार और नियोक्ता कंपनी ने भी घायलों का पूरा इलाज एवं पुनर्वास कराने और मुआवजे की शुक्रवार को घोषणा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कुवैत के चार अस्पतालों में इस समय 17 भारतीय मरीज हैं जो कुवैत में 12 जून को हुए आग लगने से हुई दुर्घटना में घायल हो गए थे। उन्हें उचित चिकित्सा उपचार एवं देखभाल मिल रही है। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी, अस्पतालों के अधिकारियों, मरीजों और कंपनी के साथ नियमित संपर्क में हैं। दूतावास की टीम दैनिक आधार पर सभी अस्पतालों का दौरा कर रही है।

# कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है योग

## सीएम ने 10वें राजभवन प्रांगण में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में लिया हिस्सा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में सम्मिलित हुए और योगाभ्यास किया। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि योग मानवता के अनुकूल है, जो देश, समाज, काल परिस्थितियों से बाधित होकर के भी संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। इस कार्य के साथ यदि हम जुड़ते हैं और संपूर्ण मानवता को जोड़ते हैं तो यह पूर्वजों और विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा कही जाती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हम सभी के लिए भारत की इसी परंपरा के प्रति, इसी श्रद्धा को व्यक्त करने का एक माध्यम बना है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई और फिर राजभवन गीत का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को तुलसी का पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रांगण में बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षकगणों ने पूरे उत्साह से सामूहिक योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि योग दिवस के अवसर पर हम अपनी विरासत का स्मरण करते हुए भारत की ऋषि परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। ये अवसर हमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदान किया है, जिनके विजन और प्रयासों का परिणाम है कि आज दुनिया के लगभग पौने दो सौ देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ जुड़कर भारत की इस विरासत के साथ खुद को जोड़कर के हमारी संस्कृति और परंपरा को गौरवान्वित करने का प्रयास करेंगे। अपनी परंपरा और पूर्वजों व विरासत के प्रति इससे बड़ा सम्मान और कोई नहीं हो सकता।

सीएम योगी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि योग एक संपूर्ण विद्या है जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है। भारत की ऋषि परंपरा को देखें तो उन लोगों के पास कितनी दूरदर्शिता थी, किस तरह उन्होंने समाज को जोड़ा, धर्म को योग के साथ जोड़ने का एक अभिनव प्रयास इस रूप में हुआ। जब हम धर्म की बात करते हैं तो धर्म के दो हित सामने दिखते हैं। एक है इस लोक में विकास के लिए, खुशी और खुशहाली के लिए, ईज ऑफ लिविंग के लिए कार्य करना। और दूसरा है कि जन्म के बाद मोक्ष की प्राप्ति हो। यानि धर्म के दो हित भारत की ऋषि परंपरा ने हम सबको बताए हैं। योग भी हम सबको उसी परंपरा के साथ जोड़ने का काम करता है। भारतीय मनीषा भी इसी बात को कहती है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम्, अर्थात सभी कार्य तभी पूर्ण हो सकते हैं जब आपका शरीर साथ हो। काया स्वस्थ है तो मन स्वयं ही स्वस्थ हो जाएगा। योग में हर किसी के लिए अलग-अलग योग विद्याएं हैं। बालक हों, युवा हों, अधेड़ हों या फिर बुजुर्ग हों, सभी योग का अभ्यास करके खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकते हैं।


राजभवन प्रांगण में शुक्रवार को आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेते राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी एवं अन्य।

## योग के प्रति पूरी दुनिया में बदल चुकी हैं धारणाएं : मोदी

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पीएम ने किया योगाभ्यास

एजेंसी



**श्रीनगर/ नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के निर्णय के बाद पिछले एक दशक में दुनिया में योग का तेजी से विस्तार हो रहा है और इससे योग से जुड़ी धारणाएं बदली हैं।

पीएम मोदी ने योग दिवस पर आज श्रीनगर में विशेष रूप से आयोजित योग शिविर का नेतृत्व किया और इस केंद्र शासित क्षेत्र, देश और दुनिया के लोगों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 'योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। मोदी ने श्रीनगर के योग शिविर कार्यक्रम में भाग लेने वालों के साथ बाद में मुलाकात की और उनके साथ मोबाइल फोन से ली गयी सेल्फी को सोशल मीडिया पर साझा किया।

श्रीनगर का कार्यक्रम प्रसिद्ध डल झील के किनारे होने वाला था लेकिन बारिश के कारण इसे झील के किनारे ही एक बड़े सम्मेलन कक्ष में सीमित करना पड़ा। पीएम मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा, 'आज विश्व के बड़े-बड़े संस्थानों और विश्वविद्यालयों में योग पर अध्ययन चल रहे हैं, अनुसंधान-पत्र प्रकाशित किए जा रहे हैं। अब सीमित दायरों से बाहर निकल रहा है। आज दुनिया एक नयी योग इकॉनामी को आगे बढ़ते देख रही है। आप देखिए, भारत में ऋषिकेश, काशी से लेकर केरल तक, योग टूरिज़्म का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। दुनिया भर से पर्यटक इसलिए भारत आ रहे हैं, क्योंकि उन्हें यहां प्रामाणिक योग सीखना है।

मोदी ने योग के चलते उभर रही व्यवसाय की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि योगा रिट्रीट और रेजॉर्ट बनाए जा रहे हैं। हवाई अड्डों, होटलों में योग के लिए विशेष जगहें बनाई जा रही हैं। मार्केट में योग के लिए डिजाइनर परिधान, कपड़े, उपकरण आ रहे हैं। लोग अब अपनी फिटनेस के लिए पर्सनल योग ट्रेनर्स भी रख रहे हैं। कंपनियां भी कर्मचारियों के स्वास्थ्य संवर्धन की पहल के तौर पर योग और माइंडफुलनेस प्रोग्राम्स शुरू कर रही हैं। इन सबकी वजह से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सामने आये हैं।

# अयोध्या व प्रयागराज में बनेगा गेस्ट हाउस

## सीएम ने देखीं नये अतिथि गृहों की डिजाइन, कहा- वास्तुकला में हो वैष्णव परंपरा की झलक

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** धर्मनगरी अयोध्या और तीर्थराज प्रयाग में राज्य सरकार अतिथि गृहों के निर्माण कराने जा रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों अतिथि गृहों के निर्माण स्थल, ले-आउट, सुविधाओं और साज-सज्जा आदि के संबंध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया।

राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, सहित देश-दुनिया से अनेक विशिष्ट-अतिविशिष्ट अतिथियों का आगमन हो रहा है। इनके प्रवास के लिए सुरक्षा व सुविधा के उत्कृष्ट मानकों के साथ गेस्ट हाउस की आवश्यकता है। इसी प्रकार प्रयागराज में गणमान्यजनों के बेहतर आतिथ्य के लिए एक सर्वसुविधायुक्त अतिथि गृह बनाया जाना आवश्यक है। इसके लिए प्रक्रिया यथाशीघ्र प्रारंभ कर दी जाए।


अयोध्या व प्रयागराज अतिथिगृह विषयक प्रस्तुतिकरण की समीक्षा करते सीएम योगी

अयोध्या में प्रस्तावित अतिथि गृह के संबंध में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में सरयू नदी के किनारे पर्यटन विभाग की भूमि अतिथि गृह के लिए उपयुक्त होगी। यहां करीब साढ़े तीन एकड़ के क्षेत्र में अतिथि गृह बनाया जा सकता है। भवन की वास्तुकला में वैष्णव परंपरा की झलक होनी चाहिए। भवन की ऊंचाई तय करते समय इसका ध्यान रखें कि किसी भी दशा में यह श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर से ऊंचा न हो।

वहीं प्रयागराज में लगभग 10300 वर्ग मीटर एरिया में प्रस्तावित अतिथि गृह महर्षि दयानंद मार्ग पर होगा। यहां कॉन्फ्रेंस हॉल, डायनिंग हॉल, कैंटीन आदि की उपलब्धता होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिविशिष्ट अतिथियों को आगमन को ध्यान में रखते हुए दोनों अतिथि गृहों में पार्किंग की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

# नीट पेपर लीक में आया अब रवि अत्री का नाम

## मेरठ जेल में बंद है यूपी पुलिस भर्ती लीक का मास्टरमाइंड

एजेंसी

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में रोजाना नए खुलासे होते जा रहे हैं। अब इस केस में रवि अत्री गैंग का नाम सामने आया है। रवि अत्री फिलहाल उत्तर प्रदेश की मेरठ जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि उसके गैंग ने पटना और नालंदा के बॉर्डर से नीट परीक्षा का पेपर लीक करवाया था। उसका नाम यूपी में कई परीक्षाओं के पेपर लीक में पहले आ चुका है। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक का वह मास्टरमाइंड है।






रवि अत्री का नाम नीट पेपर लीक में सामने आया है। बिहार ईओयू को इस बारे में सबूत मिले हैं। पटना और नालंदा बॉर्डर से पेपर लीक कराया गया था। उसके बिहार में दो गुर्गे हैं, इनका नाम अतुल वत्स और संजीव मुखिया है। अतुल मूलरूप से जहानाबाद जिले का रहने वाला है, वो फरार है। संजीव मुखिया को ईओयू गिरफ्तार कर चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक पटना और नालंदा की सीमा से नीट का पेपर लीक होने के सबूत ईओयू को मिले हैं। बताया जा रहा है कि परीक्षा से एक दिन पहले ही सॉल्वर गैंग को नीट का पेपर मिल गया था। पटना के एक स्कूल और हॉस्टल में नीट अभ्यर्थियों को जमा कर उनसे प्रश्न पत्र रटवाया गया। रांची के भी एक कॉलेज में छात्रों से पेपर हल करवाने की जानकारी सामने आई है।

रवि अत्री ग्रेटर नोएडा के लिम्का गांव का रहने वाला है। वह 2007 में मेडिकल की तैयारी करने कोटा गया था, लेकिन वहां सॉल्वर गैंग के संपर्क में आ गया। इसके बाद उसने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और वह पेपर लीक और परीक्षा में धांधली के कामों में लग गया। 2012 में उसने हरियाणा का प्री मेडिकल टेस्ट पास किया था और एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए रोहतक के पीजीआई में एडमिशन लिया। हालांकि उसने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। रवि अत्री पहले भी मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम का पेपर लीक करवा चुका है। उसका नाम 2012 में एसबीआई की स्टेनोग्राफर परीक्षा के पेपर लीक में भी आया था। उस वक्त दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# हज के दौरान मरे तो सऊदी अरब नहीं भेजता मृतकों के शव

एजेंसी

» सऊदी अरब प्रचलित प्रथा के अनुसार उनके ही देश में सुपुर्द-ए-खाक किया जाता है

**मक्का।** सऊदी अरब में इस वर्ष भीषण गर्मी के कारण हज यात्रा के दौरान दुनिया भर से आए 1 हजार से अधिक हज यात्रियों की मौत हो गई है। रेगिस्तानी देश में भीषण गर्मी पड़ने के कारण अन्य कई नागरिकों की तरह भारत से आए 98 नागरिकों की मौत हो गई। वहीं मरने वालों में पाकिस्तान से आए कम से कम 35 तीर्थयात्री भी शामिल हैं। अपने परिजनों का शव लेने के लिए लोग सऊदी अरब पहुंच रहे हैं। मगर हज के दौरान मरने वालों के लिए इस्लामिक देश एक खास नियम है। हज के दौरान मरने वाले लोगों के शव को सऊदी अरब उनके देश नहीं भेजता है। यदि हज के दौरान प्राकृतिक कारणों या दुर्घटना के कारण किसी की मृत्यु हो जाने पर शव को उनके देश नहीं भेजा जाता बल्कि सऊदी अरब साम्राज्य में प्रचलित प्रथा के अनुसार उनके ही देश में सुपुर्द-ए-खाक किया जाता है। किसी के परिजन की मृत्यु होने पर उनका डेथ सर्टिफिकेट हज सीजन के पूरा होने के बाद सऊदी अरब सीधे मृत तीर्थयात्री के निकटतम रिश्तेदार या उनके परिजनों को भेजता है। हज पर आए तीर्थयात्रियों से सऊदी सरकार पहले ही आवेदन के दौरान इस नियम पर हस्ताक्षर करवाती है कि यदि इस अवधि के दौरान सऊदी अरब की जमीन या फिर आसमान में उनकी मौत हो जाती है तो उन्हें वहीं दफना दिया जाएगा। शव को अपने देश लाने के लिए उनके परिजनों की कोई आपत्ति को स्वीकार नहीं की जाएगी।पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक लोग अपने परिजनों का शव लेने के लिए सऊदी अरब पहुंच रहे हैं। मगर सऊदी सरकार द्वारा हरमैन में मृतकों के शव दफनाने की व्यवस्था की गई है।



## साधु का दावा, मंदिर की जमीन में दबा है खजाना



**संभल।** साधना से खुश होकर देवताओं ने सपने में आकर अकूत खजाने का पता बताया है। ये कहना है कि संभल जिले की गुन्नौर तहसील क्षेत्र में रहने वाले एक साधु का। साधु का दावा है कि सपने में उसके देवता आए थे। देवताओं ने उसे बताया कि मंदिर के पास खाली पड़ी जमीन में अकूत खजाना छिपा है। उसका दावा है कि जमीन के नीचे एक ट्रक से ज्यादा का सोना और चांदी समेत कई चीजें दबी हुई हैं। उसने दिल्ली से मशीन मंगवाकर खजाने की जांच भी कराई है। साधु ने जमीन की खुदाई के लिए एसडीएम को लेटर लिखकर मंदिर के पास वाली जमीन की खुदाई कराए जाने की मांग की है।

मामला गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव बाघऊ का है। यहां स्थित खेड़ेश्वर मंदिर के पुजारी साधु धर्मदास ने दावा किया है कि मंदिर के पास खाली पड़ी जमीन में अकूत खजाना दबा है।

# दिल्ली में आतिशी का पानी सत्याग्रह शुरू

## राजघाट पर श्रद्धांजलि देने के बाद जल मंत्री ने शुरू किया अनशन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** हरियाणा से रोज 100 मिलियन गैलन पानी दिए जाने की अपनी मांग को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल शुरू करने से पहले उन्होंने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता, आप सांसद संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज भी मौजूद थे। आतिशी दक्षिण दिल्ली के भोगल में भूख हड़ताल कर रही हैं। उनका आरोप है कि हर कोशिश के बावजूद, हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी नहीं रिलीज रही है। हड़ताल के दौरान संजय सिंह ने कहा- हम इस भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए छतों पर पानी रख देते हैं। इंसानों के लिए प्याऊ चलाये जाते हैं, लेकिन भाजपा वालों के अंदर इतनी क्रूरता भरी है कि वे दिल्ली के लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसा रहे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली का पानी बंद कर दिया है।




आतिशी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- दशकों पहले बापू ने स्वदेश के लिए, आम लोगों के अधिकार के लिए सत्याग्रह का रास्ता अपनाया था। आज उनके दिखाए रास्ते पर मैं दिल्ली के लोगों के लिए अनशन पर बैठ रही हूं। अनशन पर बैठने के बाद दिल्ली के सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा- हरियाणा सरकार से अपील करने के लिए दिल्ली की मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन समय के लिए सत्याग्रह करने जा रही हैं। वह कुछ भी नहीं खाएंगी, केवल पानी पिएंगी। वह दिल्ली के प्यासे लोगों के लिए ऐसा कर रही हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली के लोगों की पीड़ा को टीवी पर देखकर उन्हें बहुत दुख होता है। उन्हें उम्मीद है कि आतिशी की तपस्या सफल होगी और लोगों को कुछ राहत मिलेगी।

सुनीता बोलीं कि केजरीवाल का कहना है कि प्यासे को पानी पिलाना तो हमारे कल्चर में है। दिल्ली को पानी पड़ोसी राज्यों से मिलता है। इस हीटवेव में हमने चाहा था कि पड़ोसी राज्य हमें सपोर्ट करेंगे, लेकिन हरियाणा ने ऐसा नहीं किया। हालांकि दोनों राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकार है, लेकिन क्या यह समय राजनीति करने का है। आतिशी ने अपनी हड़ताल को पानी सत्याग्रह बताया है। शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा- मैं आज से पानी सत्याग्रह शुरू करूंगी।

## प्रोटेम स्पीकर पर कांग्रेस ने शुरू कर दी राजनीति : रिजिजू

### प्रोटेम स्पीकर को लेकर कांग्रेस बेवजह मुद्दा बना रही



**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि प्रोटेम स्पीकर के मुद्दे पर कांग्रेस ने राजनीति शुरु कर दी है और वह उस नियम को नजरअंदाज कर रही है जिसके तहत सबसे लम्बे समय तक लगातार सदस्य रहे सांसद को चुना जाता है।

रिजिजू ने शुक्रवार को यहां संसद भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नियम के अनुसार सबसे लम्बे समय तक लगातार भर्तृहरि महताब लोकसभा के सांसद रहे हैं और उन्हें ही प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनादेश आ गया है और उम्मीद की जा रही थी कांग्रेस सच बोलेगी, लेकिन वह नियमों को ताक पर रखकर झूठ बोल रही है कि के. सुरेश सबसे लम्बे समय तक सदस्य रहे हैं जबकि सच यह है कि वह लगातार सांसद नहीं रहे। महताब लगातार सात बार से लोकसभा सदस्य हैं। उन्होंने कहा, "कांग्रेस ने चुनाव में झूठ बोला और अब संसद सत्र शुरू होने के पहले फिर झूठ बोल रही है। प्रोटेम स्पीकर को लेकर कांग्रेस बेवजह मुद्दा बना रही है। सरकार के पास बहुमत है, लेकिन अध्यक्ष कौन होगा, प्रोटेम स्पीकर कौन होगा ये फैसला मिलकर करना है। प्रोटेम स्पीकर का मुद्दा बनाना फिजूल है क्योंकि यह एक प्रक्रिया है।" रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस प्रोटेम स्पीकर के मामले में देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सरकार चलाने का बहुमत दिया है और कांग्रेस को विपक्ष में बैठने का तो जनता का आदेश मानना चाहिए और गुमराह करने वाली राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## तमिलनाडु शराब कांड में मरने वालों की संख्या हुई 47

**कल्लाकुरिची।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 47 हो गया है। इनमें से 24 तो एक ही गांव करुणापुरम के थे। 20 जून को सभी मृतकों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। चिकित्सा शिक्षा निदेशक जे. संगुमनी के मुताबिक अब भी 30 की हालत गंभीर बताई गई है। उधर शराब कांड के तीन आरोपियों को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन्हें कड्डलोर जेल में रखा गया है। तीनों आरोपी 5 जुलाई तक हिरासत में रहेंगे।

जहरीली शराब के कारण अपने बेटे को खोने वाली एक महिला ने रोते हुए बताया कि बेटे को पेट में बहुत दर्द था। वो ठीक से अपनी आंखें भी नहीं खोल पा रहा था। जब हम उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो शुरुआत में उसे भर्ती भी नहीं किया गया था। कहा गया था कि बेटा नशे में है।

**घमासान** बीजेपी की नजर में अजित पवार सबसे बड़े लूजर, परिवार बचा न वोटर, जाना पड़ सकता है शरद की शरण में

# भाजपा में आए चह्वाण नहीं दिला पाए वोट, प्रत्याशी से बातचीत बंद, पार्टी में दरार

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनावों से ऐन पहले फरवरी में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अशोक चव्हाण भाजपा में शामिल हो गए थे। खुद उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया था इससे पार्टी को बड़ी उम्मीद जगी थी कि चव्हाण के शामिल होने से नांदेड़ लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत बड़े मार्जिन से होगी क्योंकि अशोक चव्हाण ने मोदी लहर होने के बावजूद 2014 में नांदेड़ से करीब 82 हजार वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी लेकिन भाजपा की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

नांदेड़ सीट से भाजपा के उम्मीदवार और सीटिंग सांसद प्रतापराव गोविंदराव चिखलीकर करीब 60 हजार मतों के अंतर से कांग्रेस के बसंतराव चव्हाण से चुनाव हार गए। अब भाजपा इस बात पर चिंतन-मंथन कर रही है कि अशोक चव्हाण को शामिल कराने के बावजूद नांदेड़ में उसके उम्मीदवार की हार क्यों हुई? पार्टी ने नांदेड़ में हार के कारणों का पता लगाने के लिए राधाकृष्ण विखे पाटिल को निरीक्षक नियुक्त किया है, जो शनिवार को वहां जा रहे हैं। उधर भाजपा कैंडिडेट चिखलीकर ने विखे पाटिल के पहुंचने से पहले ही संसदीय क्षेत्र के कई विधानसभा और तालुका क्षेत्रों में बैठकें कीं और पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया है। चिखलीकर इस बात से नाराज बताए जा रहे हैं कि अशोक चव्हाण उन्हें अपेक्षित वोट दिला पाने में नाकाम रहे। इन बैठकों के दौरान चिखलीकर ने कुछ ऐसे बयान दिए, जिससे उनकी नाराजगी जगजाहिर हो चुकी है। उनके बयान से पार्टी भी असमंजस में है। खबर है कि नांदेड़ की बैठक में चिखलीकर ने पार्टी के नगर अध्यक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने अशोक चव्हाण पर निशाना साधते हुए कहा कि 'अशोक चव्हाण का भाजपा में प्रवेश' भी उनकी हार का एक कारण है। हालांकि बाद में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पर सफाई दी लेकिन माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच मन मुटाव बढ़ता जा रहा है और पार्टी में दरार चौड़ी होती जा रही है। चुनाव नतीजों के बाद मुंबई में भले ही अशोक चव्हाण और चिखलीकर के बीच बातचीत हुई थी लेकिन जब से चिखलीकर ने विवादित बयान दिया है, तब से चव्हाण ने उनसे दूरी बना ली है। पिछले पांच दिनों तक चव्हाण नांदेड़ में रहे लेकिन उन्होंने इस दौरान चिखलीकर से दूरी बनाए रखी और उनसे कोई बातचीत नहीं की। नांदेड़ में इन दोनों नेताओं की न तो आपस में कोई मुलाकात हो सकी और न ही बातचीत। इस वजह से पार्टी में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। राज्य में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। पार्टी के एक वर्ग इस हार के लिए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ही जिम्मेदार ठहरा रहा है और उन्हें ही इसका सूत्रधार बता रहा है। बता दें कि अशोक चव्हाण मूलतः औरंगाबाद जिले की पैठण तहसील के रहने वाले हैं लेकिन उनके पूर्वज नांदेड़ में आकर बस गए थे और तब से वो नांदेडकर कहलाने लगे। पिता शंकरराव चव्हाण से उन्हें राजनीतिक विरासत मिली है जो दो बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। अशोक चव्हाण भी 8 दिसंबर 2008 से 9 नवंबर 2010 तक डेढ़ साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।महाराष्ट्र में जो दूसरे नेता निशाने पर हैं वह हैं राकांपा के अजित पवार जिन्होंने अपने चाचा शरद पवार से बगावत कर राकांपा को तोड़ दिया और राकांपा नाम से ही अपनी अलग पार्टी बना ली और भाजपा क समर्थन कर डिप्टी सीएम पद हासिल कर लिया। आरएसएस के एक नेता रतन शारदा ने ऑर्गनाइजर मैगजीन में लेख लिखकर इस करारी हार के लिए अजित पवार के साथ गठजोड़ को मुख्य वजह बताया। इसके बाद भाजपा की मीटिंग में विधायकों ने भी अजित पवार को ही निशाने पर लिया था। इसके बाद से सत्ताधारी एनडीए गठबंधन में तनाव की स्थिति है। वहीं अजित पवार गुट ने तो धमकी तक दे दी है कि यदि हमें टारगेट करना बंद न किया गया तो हम अलग राह अपना सकते हैं।





## सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान रवाना



**नयी दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने महाराजा रणजीत सिंह की बरसी के लिए 45 श्रद्धालुओं का एक जत्था शुक्रवार को पाकिस्तान रवाना किया। जत्थे का नेतृत्व समिति के सलाहकार परमजीत सिंह चंढोक और गुरूद्वारा रकाब गंज साहिब के अध्यक्ष कुलविन्दर सिंह कर रहे हैं।

परमजीत सिंह चंढोक ने संवाददाताओं को बताया कि हर वर्ष महाराजा रणजीत सिंह की बरसी मनाने के लिए दिल्ली से 54 श्रद्धालुओं का जत्था भेजा जाता है। इस वर्ष दिल्ली से 54 लोगों ने वीजा के लिए आवेदन किया था जिनमें 45 श्रद्धालुओं को वीजा मिला है। उन्होंने बताया कि यह जत्था अटारी सीमा से पाकिस्तान में दाखिल होगा और 30 जून को जत्थे की वापसी होगी।